सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 04 जून, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 151, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 636 अंक टूटकर 81,000 अंक के नीचे आ गया। } 14

## आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति का सख्ती से पालन करता है और सभी देशों को इस वैश्विक लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। } 16



### संक्षेप

## आगरा : यमुना में डूबकर छह लड़कियों की मौत

आगरा (उप्र)। आगरा जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में नगला नाथू गांव के पास मंगलवार को यमुना नदी में नहाने गईं एक ही परिवार की छह लड़कियों की डूबने से मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को छह लड़कियां सुबह करीब 10 बजे नहाने के लिए नदी में उतरी थीं, लेकिन वे सभी डूबने लगीं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने उनमें से दो को बचा लिया, जबकि चार डूब गईं। पुलिस का कहना है कि स्थानीय लोगों ने चारों के शवों को बाहर निकाला और उनकी पहचान दिव्या (14), संध्या (12), शिवानी (17) और नैना (14) ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विपक्षी दलों ने विशेष सत्र बुलाने का किया आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्षी इंडिया गठबंधन के 16 घटक दलों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद के घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं ने यहां बैठक के बाद इस बारे में जानकारी दी। कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, शिवसेना (उबाठा), राजद, नेशनल कांफ्रेंस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भाकपा (माले) लिबरेशन, केरल कांग्रेस, वीसीके और एमडीएमके के प्रमुख नेताओं ने इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी प्रमुख हैं। विपक्षी दलों के नेताओं ने पत्र में कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद के घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए संसद का एक विशेष सत्र बुलाने के अपने सामूहिक अनुरोध को दोहराते हैं। हमारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

❍ पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा की मांग

## पाकिस्तान को आठ घंटे में ही घुटनों पर ला दिया : सीडीएस

एजेंसी

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे के कारणों पर बात करते हुए कहा कि पहलगाम में जो हुआ, वह घोर क्रूरता थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोका जाए। उसे भारत को आतंकवादी गतिविधियों का बंधक नहीं बनाना चाहिए। भारत अब आतंकवाद और परमाणु ब्लैकमेल की छाया में नहीं रहने वाला। उन्होंने फिर दोहराया कि पेशेवर सैन्य बलों पर असफलताओं और नुकसानों का कोई असर नहीं होता। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस संघर्ष का प्रारंभिक बिंदु पहलगाम आतंकी हमला था। क्या आतंकवाद युद्ध का एक तर्कसंगत तरीका है? मुझे नहीं लगता कि ऐसा है, क्योंकि आतंकवाद का कोई परिभाषित तर्क नहीं है। जहां तक हमारे विरोधी का सवाल है तो उसने भारत को हजारों घाव देकर खून बहाने का फैसला किया है। 1965 में जुल्फिकार अली भुट्टो ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की घोषणा की थी। सीडीएस जनरल चौहान ने युद्ध के अलग-अलग तरीकों पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में युद्ध और राजनीति समानांतर रूप से



हो रही थी। पहलगाम में जो कुछ हुआ, उससे कुछ सप्ताह पहले ही पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। हमने सीमा बढ़ा दी है, आतंक को पानी से जोड़ दिया है, आतंक के खिलाफ सैन्य अभियान की नई रेखा खींची है। सीडीएस ने कहा कि 10 मई को रात करीब एक बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य 48 घंटे में भारत को घुटने टेकने पर मजबूर करना था। कई हमले किए गए और उन्होंने इस संघर्ष को और बढ़ा दिया। हमने तो सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। ऑपरेशन जो उन्हें लगा कि 48 घंटे तक चलेगा, लगभग 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा, 'जब मुझसे हमारी ओर से हुए नुकसान के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच में जाते हैं और आप किसी भी तरह से जीत जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका कोई सवाल ही नहीं है। तकनीकी मापदंडों के आधार पर हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और हमने कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इस बारे में बताएंगे। सीडीएस ने कहा कि हमने 7 मई को स्ट्राइक के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से बयानबाजी हुई, तो हमने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करता है तो हम उन्हें जवाब देंगे, जोरदार जवाब देंगे।

# यूपी पुलिस में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण

### कैबिनेट निर्णय : पर्यटन विभाग की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट व होमस्टे नीति-2025' को मिला अनुमोदन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य की पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत योगी मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दे दी गई। इस नई नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के सामने कुल 11 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें से 10 को मंजूरी मिली है। इसके अलावा, आम लोगों तक राशन पहुंचाने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की भी अनुमति दी गई है। उन्होंने बताया कि अब तक राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में अग्निवीरों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अग्निवीरों के लिए 20 फीसदी आरक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुडसवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों पर आरक्षण की मंजूरी दे दी है। दुकानों और अन्नपूर्णा भवनों के लिए अहम फैसला उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने और राशन कार्ड धारकों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत करने के लिए लिया है। उचित दरों पर दुकान और अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण में तेजी लाने के लिए राजकोषीय बचत में से कुछ राशि का इस्तेमाल किया जाएगा। अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखंड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत भी अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकता है। उत्तर प्रदेश पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अहम फैसला लिया गया है। वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जीवंत और विविधता भरी संस्कृति को देखने आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को रुकने के लिए परेशान नहीं होना चाहिए।



❍ राशन पहुंचाने व सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने को दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की भी अनुमति

❍ उत्तर प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को मंत्रिमंडल की स्वीकृति

बीएंडबी और होमस्टे नीति-2025 के अनुसार, धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक के भवन को होमस्टे के तौर पर रजिस्टर कर सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी और पर्यटक 7 दिनों तक यहां रुक सकते हैं। इसके बाद रिन्यूअल कराना होगा। वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि होमस्टे संचालकों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था। अब राज्य सरकार की ईकाई के पास भी पंजीकरण करा सकते हैं।

इसके अलावा बैठक में उत्तर प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाने तथा गुणवत्तापरक शिक्षा व्यवस्था को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बैठक में भक्ति वेदान्त विश्वविद्यालय, मथुरा, अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय, गाजियाबाद तथा महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय, अयोध्या की स्थापना के प्रस्तावों को कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया है। इंटरनेशनल सोसाइटी फार कृष्णा कांशियसनेंश (इस्कान) द्वारा मथुरा जनपद के ग्राम अझईखुर्द, तहसील छाता में 50.8870 एकड़ भूमि पर इस विश्वविद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है। उच्च स्तरीय समिति द्वारा 29 अक्टूबर 2024 को आशय पत्र निर्गत किये जाने की संस्तुति दी गई थी, जिसके क्रम में अब कैबिनेट ने इसकी स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग सोसाइटी द्वारा गाजियाबाद जनपद के ग्राम डासना में 26०2656 एकड़ भूमि पर इस विश्वविद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है। उच्च स्तरीय समिति ने 10 नवम्बर 2023 को इस प्रस्ताव को आशय पत्र के लिए उपयुक्त पाया था, जिसे अब कैबिनेट की स्वीकृति मिल गई है। प्रायोजक संस्था महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा अयोध्या नगर क्षेत्र में 20.2569 एकड़ भूमि पर इस विश्वविद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है। इस प्रस्ताव के क्रम में पूर्व में 18 मई 2023 को आशय पत्र निर्गत किया जा चुका है।

अब विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2025 लाकर विश्वविद्यालय का नाम अधिनियम की अनुसूची में शामिल किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियमए 2019 तथा उससे संबंधित नियमावली-2021 के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्णतः अनुपालन करते हुए यह निर्णय लिये गये हैं। इन विश्वविद्यालयों के माध्यम से प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विविधता, नवाचार और वैश्विक स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं विकसित होंगी।

## उत्तराखंड : डीएम हरिद्वार सहित दो आईएएस अफसर निलंबित

### धामी सरकार की बड़ी कार्रवाई, भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की धामी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए हरिद्वार नगर निगम में हुए भूमि खरीद घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर हरिद्वार के जिलाधिकारी समेत दो आईएएस और एक पीसीएस अधिकारी सहित कुल 10 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता लोकसेवा में पद नहीं, बल्कि कर्तव्य और जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अधिकारी जनहित और नियमों की अनदेखी करेगा, तो चाहे वह कितना भी वरिष्ठ क्यों न हो, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा प्रदेश में एक पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासनिक संस्कृति को स्थापित करने की है।

जानकारी के अनुसार हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय क्षेत्र में कचरे के ढेर के पास स्थित अनुपयोगी 2.3070 हेक्टेयर भूमि को अत्यधिक कीमत पर खरीदे जाने को लेकर सवाल उठे थे। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए थे। सचिव रणवीर सिंह चौहान द्वारा की गयी प्रारंभिक जांच की रिपोर्ट शासन



को 29 मई को सौंपी गयी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गयी।

कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने मुख्यमंत्री के निदेर्शों पर कार्रवाई करते हुए सात अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इन अधिकारियों में हरिद्वार के तत्कालीन नगर निगम प्रशासक और वर्तमान डीएम कर्मेन्द्र सिंह, पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी, तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, कानूनगो राजेश कुमार और तहसील के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलदास शामिल हैं। इससे पहले तीन अन्य अधिकारियों क्रमशः प्रभारी अधिशासी अभियंता आनंद सिंह मिश्रवाण ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर विराज सागर दास ने लगाया विशाल भंडारा, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास ने बांटा प्रसाद

# जनता की सेवा ही सच्चा धर्म : विराज सागर दास



माल एवेन्यू स्थित आवास पर आयोजित भंडारे में राज्यमंत्री कौशल विकास और उद्यमिता कपिल अग्रवाल को सम्मानित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास



आंबेडकर पार्क चौराहे पर बीबीडी ग्रुप द्वारा आयोजित भंडारे में हनुमानजी को नमन करते विराज सागर दास



भंडारे में भक्तों को प्रसाद बांटते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



भंडारे में भक्तों को प्रसाद बांटतीं बीबीडी ग्रुप के चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता



भंडारे में भक्तों को प्रसाद बांटतीं बीबीडी ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास



अलीगंज स्थित नीरा नर्सिंग होम के पास भंडारे में प्रसाद बांटते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जगह-जगह भंडारे लगाये गये। इस क्रम में बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा आंबेडकर चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास और बीबीडी के मुख्य अधिशासी निदेशक आर. के. अग्रवाल ने भंडारे में प्रसाद बांटा। इस आयोजन में राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने भी शिरकत और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। वहीं माल एवेन्यू स्थित आवास पर आयोजित भंडारे में राज्यमंत्री कौशल विकास और उद्यमिता कपिल अग्रवाल को विराज सागर दास ने सम्मानित किया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पूर्व अग्निवीरों को चार कैटेगरी की भर्ती में होगा लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य की पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह आरक्षण पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा। योगी सरकार के इस निर्णय से न सिर्फ

- पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा आरक्षण
- आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जायेगी

पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिलेगा, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल प्राप्त होगा।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को सेवा के बाद सार्थक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण फैसला है। आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के तहत भर्ती का पहला बैच 2026 में आएगा। कई राज्यों और केंद्रीय बलों ने अग्निवीरों को आरक्षण देने की पहल की है। हरियाणा और ओडिशा जैसे राज्यों ने पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण की पेशकश की है। वहीं, उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने अब 20 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। सरकार का यह फैसला न केवल उनकी सेवा को मान्यता देता है बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि वे अपने सैन्य कार्यकाल के बाद भी राष्ट्र के सुरक्षा ढांचे में योगदान देना जारी रख सकें। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे। इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। जहां केंद्र सरकार और कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर उदाहरण पेश किया है। अग्निपथ योजना, जिसे केंद्र सरकार ने 2022 में शुरू किया था, भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना में युवाओं को चार साल की सेवा के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती करने की प्रक्रिया है। इस दौरान छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है और सेवा पूरी होने पर प्रदर्शन के आधार पर 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी सेवा में रखा जाता है। बाकी 75 प्रतिशत युवाओं को अन्य सेवाओं में अवसर तलाशने का रास्ता मिलता है। योजना की शुरूआत के समय ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वादा किया था कि चार साल की सेवा के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस और पीएसी में प्राथमिकता दी जाएगी। अब इस वादे को 20 प्रतिशत आरक्षण की नीति लागू करके साकार कर दिया गया है। यह कदम न केवल पूर्व अग्निवीरों को एक स्थायी करियर की दिशा में प्रेरित करेगा, बल्कि सुरक्षा बलों को भी अनुभवी और प्रशिक्षित युवा मिलेंगे।

## 5 मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की मिली स्वीकृति

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाईयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रा. लि., बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रा. लि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपए, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून बेवरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वित्तीय प्रोत्साहन/सुविधाओं की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई।

**कैबिनेट के फैसले**

## धार्मिक स्थलों व पर्यटन केंद्रों पर आसानी से मिलेगा ठहरने का विकल्प

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दे दी गई। इस नई नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा प्रदान करना है। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है।

लोकभवन के सभागार में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए, जिसमें कैबिनेट ने 10 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में होमस्टे इकाइयों के लिए 500 से 750 तक का नाममात्र शुल्क लिया जाएगा। वहीं, शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों के कारण यह राज्य विदेशी और घरेलू पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। राज्य में पहले ऐसी कोई नीति न होने के कारण होमस्टे संचालकों को केंद्र सरकार के निधि प्लस पोर्टल पर पंजीकरण कराना पड़ता था। अब राज्य सरकार की इस नई नीति के तहत वे स्थानीय निकायों की अनापत्ति लेकर सरल प्रक्रिया से पंजीकरण कर सकेंगे। सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्तए इस नीति में वित्तीय प्रोत्साहन और अनुदान की भी व्यवस्था की गई है ताकि राज्य के निवासियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे अपने घरों को पर्यटन हित में उपयोग करें। इस नीति के लागू होने से न केवल पर्यटकों को सस्ते और सुविधाजनक ठहरने का विकल्प मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था और पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

- योगी कैबिनेट ने पर्यटन विभाग की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट व होमस्टे नीति-2025' को दिया अनुमोदन
- नीति में किए गए प्रावधान के अनुसार 6 कमरों और 12 बेड तक की होमस्टे इकाइयों को दी जायेगी मान्यता

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत होगा अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ करने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा। जहां इन योजनाओं के माध्यम से धनराशि की उपलब्धता नहीं हो सकेगी, वहां खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बचत से धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। इस प्रकार प्रति जनपद 75-100 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण प्रति वर्ष कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त इस भवनों के अनुरक्षण इत्यादि की व्यवस्था का भी प्राविधान किया गया है।

# मोदी सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्र की भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर केन्द्रित एक प्रदेश व्यापी अभियान 09 जून से प्रारम्भ करेगी। अभियान के संदर्भ में मंगलवार को राजधानी लखनऊ में प्रदेश स्तरीय

- केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने दिशा निर्देश दिये। कार्यशाला का संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने किया। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, मोर्चो के अध्यक्ष, विभागों, प्रकोष्ठों के संयोजक-सहसंयोजक सहित अन्य प्रमुख पार्टी के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष थीम पर हुई इस कार्यशाला की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि से हुई। सीएम योगी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में प्रभावशाली नेतृत्व प्राप्त होना हम सभी का सौभाग्य है। सीएम योगी ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संवाद का मंत्र देते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 साल उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर वर्ग और संगठन को इस अभियान से जोड़ने और लाभार्थियों के अनुभव साझा करने की अपील की।

उन्होंने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की रूपरेखा का उल्लेख करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं ने पहले भी उत्तर प्रदेश सरकार की आठ वर्षों की उपलब्धियों को हर बूथ तक पहुंचाया था। अब केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित करने का समय है, जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं से 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान और नदी पुनर्जन्म कार्यक्रम में भागीदारी का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मोर्चा और प्रकोष्ठों को सक्रिय करें, चिकित्सकों और अधिवक्ताओं के सम्मेलन आयोजित करें और लाभार्थियों की सफलता की कहानियों को समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचारित करें। यह अभियान न केवल बीजेपी का प्रचार करेगा, बल्कि समाज के हर वर्ग को सरकार की योजनाओं से जोड़ेगा। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। आंतरिक सुरक्षा से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक में भारत दुनिया के लिए उदाहरण बना है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को जन-जन के बीच पहुंचकर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई गरीब कल्याण की योजनाओं और प्रगति के बारे में बताना जरूरी है। मौर्य ने मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि वे नवयुग के निमार्ता हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ है। हम सबको पार्टी संगठन की योजनानुसार आमजनमानस के बीच पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों बताने का कार्य करना होगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पहचान विश्व में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है।

## नौ से शुरू होने वाले अभियान की रूपरेखा धर्मपाल सिंह ने की साझा

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी का विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर केंद्रित अभियान 09 जून से शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान 09 जून से प्रारम्भ होकर 21 जून तक चलेगा। अभियान के तहत 09 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ मे प्रेस वार्ता करेंगे। जबकि 10 व 11 जून को जिला केंद्रों पर प्रेस वार्ता व केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगायी जायेंगी। साथ ही 10 व 11 जून को ही प्रबुद्ध समागम का भी आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। 09 जून से 09 जुलाई के मध्य बदलता भारत मेरा अनुभव पर आधारित डिजिटल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि 12 से 14 जून तक विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन मंडल स्तर पर किया जाएगा। 15 से 17 जून तक शक्तिकेन्द्र स्तर पर नगरीय क्षेत्रों में मोहल्ला चौपाल एवं पंचायतों पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर सभी मंडलों में योग शिविर आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा 04 से 06 जून के बीच जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर अभियान की विस्तृत योजना बनाये। धर्मपाल सिंह ने पूरे अभियान को लेकर पूर्व योजना पूर्ण योजना पर जोर देते हुए कहा कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि से उनकी जन्म जयंती 06 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रमों, पौधरोपण अभियान सहित 25 जून को लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के संदर्भ में भी चर्चा की।

# भाजपा सरकार में शिक्षा की सबसे ज्यादा हुई दुर्दशा : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा की सर्वाधिक दुर्दशा है। शिक्षकों का कहीं सम्मान नहीं है अपितु हर स्तर पर उन्हें अपमानित किया जा रहा है। यही नहीं पुलिस उनके प्रति बर्बरतापूर्ण व्यवहार भी ऊपरी निदेर्शों पर करने से बाज नहीं आती है। वेतन के नाम पर उन्हें न्यूनतम राशि मिलती है। यही नहीं भाजपा सरकार आने के बाद से सालों साल से शिक्षक बनने का कभी न खत्म होने वाला इंतजार भी शिक्षक झेल रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का शिक्षकों के प्रति रवैया दिन पर दिन अमानवीय होता जा रहा है। प्रयागराज में शिक्षा चयन बोर्ड के सामने बेसिक शिक्षक अभ्यर्थी और लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेश भर के शिक्षामित्र 2 जून को 2 जून की रोटी के संघर्ष के लिए प्रदर्शन करने को मजबूर हुए। शिक्षामित्रों का यह प्रदर्शन और



न्यायपूर्ण मांगे मनवाने का संघर्ष लम्बे समय से चल रहा है। उनके प्रदर्शन पर पुलिस कई बार बर्बर लाठीचार्ज भी कर चुकी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि चिंता की बात यह है कि जहां एक तरफ सात सालों से शिक्षा चयन बोर्ड की बेसिक शिक्षकों की वैकेंसी नहीं आई है। वहीं, दूसरी तरफ शिक्षामित्रों को मात्र 11 महीने ही वेतन मिलता है और वह भी केवल 10 हजार प्रतिमाह। सरकारी लूट से ऐश करने वाले मंत्रियों और अधिकारियों को कैसे अनुभव होगा कि इतने पैसों से परिवार चलाना कितना मुश्किल होता होगा। महंगाई भाजपा सरकार में सुरसा के मुंह की तरह बढ़ी है। भ्रष्टाचार अनियंत्रित है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों को इस बात का एहसास है कि रोटी को थाली की तरह बजाने से आवाज नहीं आती है। भाजपा सरकार गूंगी बहरी हे। जनता की परेशानियों और तकलीफों की उसे कोई फिक्र नहीं। इस सरकार को जगाने के लिए गुहार लगाना व्यर्थ है। शिक्षक वर्ग को 2027 में भाजपा सरकार को हटाने के बाद ही न्याय मिल सकेगा।

## दिव्यांगजनों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों को सार्वजनिक परिवहन में बेहतर सुविधा, सम्मानजनक व्यवहार और पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को सचिवालय स्थित कक्ष संख्या-7, नवीन भवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में दिव्यांगजनों की यात्रा व्यवस्था, समस्याओं और समाधान के लिए ठोस रणनीति पर चर्चा की गई।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि दिव्यांगजनों द्वारा की जा रही यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाए, जिसमें प्रत्येक दिव्यांगजन यात्री का नाम, मोबाइल नंबर, यूआईडी कार्ड, अब तक की यात्राओं की संख्या और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयोगी का विवरण शामिल हो। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि दिव्यांगजनों को न केवल हर सार्वजनिक सुविधा में वरीयता दी जाए, बल्कि उनके आत्मसम्मान का भी पूरा ख्याल रखा जाए। इसी दृष्टिकोण से परिवहन विभाग यह सुनिश्चित करे कि यात्रा के दौरान बस चालक एवं परिचालक दिव्यांगजनों के साथ सहयोगपूर्ण और संवेदनशील व्यवहार करें। दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री ने निर्देश दिये कि एक कार्यशाला (वर्कशॉप) आयोजित की जाए, जिसमें मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से सभी चालकों एवं परिचालकों को प्रशिक्षण दिया जाए कि दिव्यांगजनों के साथ कैसे व्यवहार करना है, कैसे सहायता प्रदान करनी है और किन बातों का विशेष ध्यान रखना है। यह प्रशिक्षण व्यवहार-आधारित और व्यावहारिक हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी चालक या परिचालक द्वारा दिव्यांगजनों के साथ अभद्रता, उपेक्षा या अनुचित व्यवहार की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित कर्मियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करें।

# जदयू ने जॉर्ज फर्नांडीज को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड के लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में पूर्व रक्षा मंत्री पदम विभूषण से अलंकृत स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस का 95वां जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर मेजर बैंक्स रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों आम कार्यकर्तागण एवं आम जनता ने हृदय से उन्हें नमन कर श्रंद्धाजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रो. केके त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर, प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ जितेन्द्र सिंह, एचएन सिंह समेत कई नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने संदेश में कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस जैसा नेता विरले ही पैदा हुआ करते है। उनके सम्पूर्ण जीवन का संघर्ष युवाओं को हमेशा उत्साहित करता रहेगा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रदेश प्रवक्ता प्रो. केके त्रिपाठी ने जॉर्ज को याद करते हुए कहा कि उनमें संघर्ष करने की अदभुत शक्ति थी। एमरजेंसी के समय जिस प्रकार उन्होंने निरंकुश शासन को चुनौती दी और बड़ौदा डायनामाइट केस में जेल में रह के भी उन्होंने रिकॉर्ड मतों से मुजफ़्फ़रपुर लोकसभा सीट से रिकॉर्ड मतों से विजयी हुए। इसका कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता है। प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर ने जॉर्ज फर्नांडिस को याद करते हुए उन दिनों का जिक्र किया जब वो मजदूर नेता एवं कॉरपोरेटर थे और उन्होंने कांग्रेस के बहुत कद्दावर नेता एसके पाटिल को हराकर द जॉइंट किलर का खिताब पाया था। प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह ने जॉर्ज फर्नांडिस के मशहूर चक्का जाम को याद किया, जब उन्होंने पूरे भारत में ट्रेन और टैक्सी की हड़ताल कर दी थी। अन्य सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस के रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण करने की प्रतिज्ञा ली।

# वैज्ञानिक ने किसानों को दिये उन्नत खेती के मंत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को जनपद कानपुर नगर के विकासखंड बिल्हौर के ग्राम सरैया दस्तम (अरॉल) में आयोजित

- कुल 6.9 लाख किसान हो चुके हैं अभियान में शामिल
- प्रदेश भर में 12 जून तक चलाया जायेगा अभियान

कृषक-वैज्ञानिक संवाद में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कृषक उत्पादक संगठन का गठन कर फसल उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से अधिक लाभ कमाने की सलाह दी। मंत्री ने शक्ति पोर्टल पर पंजीकरण कराने के महत्व



पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने किसानों को प्रति इकाई अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए नई प्रजातियों के प्रयोग और मल्टी-लेयर कृषि जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए कृषि वैज्ञानिकों से चर्चा करने का सुझाव दिया।इस अवसर पर श्री शाही ने कस्टम हायरिंग सेंटर/फार्म मशीनरी बैंक के लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाभी, उन्नत प्रजाति के बीजों के मिनीकिट और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जैसे पीएम कुसुम योजना, ढैंचा बीज, जिप्सम, खेत तालाब, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर एरिगेशन, कृषि यंत्रों आदि पर मिल रहे अनुदान का लाभ उठाकर खेती की लागत कम करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह, निदेशक (कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा) उत्तर प्रदेश सुमिता सिंह, अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) टी.एम. त्रिपाठी, संयुक्त कृषि निदेशक कानपुर देव शर्मा, कृषि विश्वविद्यालय कानपुर, कृषि विज्ञान केंद्र कानपुर देहात और उन्नाव के कृषि वैज्ञानिक व अन्य कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।लखनऊ के ग्राम सभा बहरू, विकासखंड काकोरी में संयुक्त कृषि निदेशक, ब्यूरो ए.के. सिंह ने खेती की नई तकनीकों, पीएम किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, जिप्सम का प्रयोग, ढैंचा की उपयोगिता एवं फसल बीमा पर विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, डॉ. अंजु बाजपेयी, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी व अन्य कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वैज्ञानिक, डॉ. राम प्रकाश साहू, राम लखन शाक्य आदि भी उपस्थित रहे।

# लघु सिंचाई विभाग के अभियंता का हुआ स्थानांतरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ के सभागार में स्थानांतरण नीति से जुड़े लघु सिंचाई विभाग में कार्यरत अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर

- जलशक्ति मंत्री ने किसान हित में विभाग की संचालित योजनाओं से आय में बढ़ोतरी की दिशा में कार्य करने के दिये निर्देश

अभियंताओं के पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत स्थानांतरण आदेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर 07 अधिशासी अभियंताओं, 19 सहायक अभियंताओं और 60 अवर अभियंताओं का स्थानांतरण किया गया।



इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत स्थानांतरण की कार्यवाही प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्थानांतरित अभियंताओं से पूर्ण दक्षता व क्षमता के साथ बिना किसी दबाव के कार्य करते हुए विभाग को आगे ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा निष्पादित कार्य सदैव किसानों के हित में होने चाहिए। उन्होंने समस्त स्थानांतरित अभियंताओं को कृषक हित में विभाग द्वारा चलायी गयी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने एवं उनकी आय में बढ़ोतरी की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, अनुराग श्रीवास्तव ने अपने उद्‌बोधन में स्थानांतरित अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंताओं को विभागीय कार्यों में उनके ज्ञान व योग्यता को उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विभागीय निर्माण कार्यों को समय से व गुणवत्तापरक कराये जाने में अवर अभियंताओं की महती भूमिका होती है, तद्नुसार उनका कार्य व आचरण उत्कृष्ट स्तर का होना चाहिए। इस अवसर पर सचिव नमामि गंगे एवं जलापूर्ति ग्रामीण डॉ. राजशेखर, विशेष सचिव, दिव्य प्रकाश गिरी, मुख्य अभियंता लघु सिंचाई विभाग, एम देवेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

संक्षेप

## विट्ठल शुक्ल के जेईई एडवांस में सफलता पर खुशी



प्रतापगढ़। जेईई एडवांस में नगर पंचायत के कहारन का पुरवा वार्ड के मेधावी विटठल शुक्ल को सफलता मिली है। सफलता की जानकारी मिलने पर यहां परिजनों में खुशी का माहौल देखा गया। वार्ड के संजय कुमार शुक्ल के पुत्र विटठल की सफलता मिलने पर मां मीरा कुमारी के साथ राजेन्द्र कुमार शुक्ल, वीरेन्द्र कुमार शुक्ल, धीरज कुमार, मंजू ओझा, शशिभूषण तिवारी, दिवाकर द्विवेदी आदि के चेहरे पर प्रसन्नता झलकती दिखी।

## लालगंज चौक की शुरू हुई ऑपरेशन त्रिनेत्र से निगरानी

प्रतापगढ़। नेशनल हाइवे के लालगंज चौक की निगरानी आपरेशन त्रिनेत्र से अब नजर आयेगी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने तहसील एवं दीवानी मुख्यालय के चौक एरिया में चार सीसी टीवी कैमरे व एक हाई क्वालिटि राउण्डेड कैमरे का संचालन शुरू कराया है। पुलिस प्रशासन के द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र की प्रभावी निगरानी होते देख मंगलवार को बाजार में लोगों में भी राहत व सुरक्षा का माहौल दिखा। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने बताया कि एसपी डा0 अनिल कुमार के निर्देशन में चौक पर व्यापारियों तथा स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए इन कैमरो से चौबीस घण्टे निगरानी का बंदोबस्त किया गया है। वही प्रभारी निरीक्षक ने बाजार के लोगों व प्रतिष्ठानों पर भी सीसी कैमरे को प्रभावी बनाए जाने की जागरूकता प्रदान की।

## दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने मंगलवार की सुबह दुष्कर्म तथा धमकी के वांछित आरोपी को धर दबोचा। दरोगा सचिन पटेल फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। देउम चौराहे के पास दुष्कर्म तथा जानलेवा धमकी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी देउम पूरब निवासी पवन यादव पुत्र भगौती प्रसाद यादव को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

## आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

प्रतापगढ़। युवक की दुर्घटना में मौत को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बेलहा निवासी जयराम वर्मा के पुत्र राममूर्ति वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा है कि बाइस मई को उसका पुत्र नागेन्द्र कुमार वर्मा बाइक से नया का पुरवा बाजार गया था। घर लौटते समय बेलहा मोड़ पर नेशनल हाइवे के रानीगंज कैथौला की तरफ से आ रही दोपहिया बाइक ने पीछे से टक्कर मार दिया। दुर्घटना में घायल नागेन्द्र का प्रयागराज के स्वरूपरानी में इलाज के दौरान सत्ताईस मई को निधन हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने व गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

## कोरी जाति का नहीं बन रहा प्रमाण पत्र, एसडीएम से शिकायत

प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र में कोरी जाति का प्रमाण पत्र न बनाए जाने को लेकर एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई गयी है। लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कालेज में लालगंज तहसील क्षेत्र के राजपुर अठेहा मुबारकपुर निवासी डा0 हरीराम प्रोफिसर हैं। एसडीएम को डा0 हरीराम ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि प्रदेश के हर जिले में कोरी जाति का प्रमाण पत्र बनता है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि कोरी जाति के एक आवेदन को तहसील प्रशासन ने पहले स्वीकार किया और बाद में निरस्त कर दिया। शिकायत पत्र में पडोसी जिले रायबरेली, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी में कोरी जाति का प्रमाण पत्र के बनाए जाने का दावा किया गया है। उन्होंने एसडीएम से इस मामले में प्रभावी कार्यवाई किये जाने की मांग उठाई है।

# रेल ट्रैक पर मिला हेड कांस्टेबल का शव

बरेली। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) में तैनात एक हेड कांस्टेबल का शव मंगलवार तड़के बरेली जंक्शन से करीब 50 मीटर दूर रेलकी पटरियों पर मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि हेड कांस्टेबल किसी ट्रेन के नीचे आ गए, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें किस ट्रेन ने टक्कर मारी। घटना का पता तब चला जब एक लोको पायलट ने सुबह करीब चार बजे पटरी पर शव को देखा और अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

घटनास्थल पर पहुंचे बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने मृतक की पहचान हेड कांस्टेबल विनीत कुमार के रूप में की, जो जीआरपी बरेली जंक्शन में तैनात थे। आर्य ने बताया कि घटना के समय हेड कांस्टेबल विनीत कुमार ट्रेन ड्यूटी में थे। कुमार ने वर्दी पहन रखी थी और उनके पास से सरकारी पिस्तौल, जेब में मोबाइल व पर्स सहित अन्य सामान के साथ बगल में एक बैग मिला है। कुमार (40) मूल रूप से फर्रुखाबाद जिले के रहने वाले थे, जबकि उनका परिवार हाथरस में रहता है। परिवार को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पिस्तौल, कारतूस, पर्स, फोन, टैबलेट और बैग समेत सभी सरकारी सामान सुरक्षित तरीके से जीआरपी बरेली थाने में जमा करा दिए गए हैं। फोरेंसिक फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है।

# हत्या के दोषी पति-पत्नी को आजीवन कारावास

बुलंदशहर। स्थानीय अदालत ने पिछले साल हुई मोबाइल फोन की दुकान के मालिक की हत्या के लिए सोमवार को एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एक सरकारी वकील ने कहा कि अदालत ने दोषियों पर 60-60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। सहायक जिला सरकारी वकील (आपराधिक) नितिन त्यागी ने कहा कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार गुप्ता ने फैसला सुनाते हुए जितेन्द्र उर्फ जीतू और उसकी पत्नी सीमा उर्फ शमा को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। त्यागी ने बताया कि 11 नवंबर 2023 को नयागांव के निवासी अमित का शव कोतवाली नगर क्षेत्र के धमेड़ा अड्डा के पास कूड़े के ढेर में मिला था। त्यागी ने कहा कि मृतक के पिता की तहरीर पर उसी दिन कोतवाली नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी, जांच के दौरान नयागांव निवासी जितेन्द्र और सीमा का नाम संदिग्ध के तौर पर सामने आया। उन्होंने कहा कि दोनों को 14 नवंबर 2023 को गिरफ्तार कर लिया गया।

त्यागी ने बताया कि पति-पत्नी खुलासे के आधार पर उनके घर से खून से सने कपड़े, हत्या में इस्तेमाल की गई ईंट और पीड़ित के आंशिक रूप से जले हुए कपड़े बरामद हुए। वकील ने कहा कि पूछताछ के दौरान जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में एक निजी कंपनी में रसोइया का काम करता है। त्यागी के अनुसार जितेंद्र ने बताया कि 25 अक्टूबर 2023 को दिल्ली से घर आते समय उसने अपनी पत्नी को किसी से फोन पर बात करते देखा, उसे देखते ही पत्नी ने फोन काटकर नंबर डिलीट कर दिया, जिससे पति-पत्नी के बीच तनाव बढ़ गया।

वकील ने बताया कि पूछताछ के दौरान सीमा ने कबूल किया कि दो महीने पहले रिचार्ज और पैसे ट्रांसफर कराने के लिए मोबाइल की दुकान पर जाने पर अमित के साथ उसके प्रेम संबंध बन गए थे। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद जितेन्द्र ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अमित की हत्या की साजिश रची। पुलिस ने कहा कि उन्होंने उसे बहला-फुसलाकर हत्या को अंजाम दिया। त्यागी ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल किया और मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने अब अपना फैसला सुनाया है।

# भव्य कवि सम्मेलन में स्थानीय कवियों की अनदेखी पर उठे सवाल



श्रावस्ती। इकौना तहसील स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को तहसील परिसर में भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम बीते 26 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है, जो अब इकौना की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा बन चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार पांडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक पं. रामफेरन पांडे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश पांडे तथा उपजिलाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ।

मुख्य अतिथि पं. रामफेरन पांडे ने कहा, ??जहां न पहुंचे रवि, वहां पहुंचे कवि, और कवि सम्मेलनों को समाज में सृजनात्मक चेतना का संवाहक बताया। संचालन बाराबंकी के चर्चित कवि रामकिशोर तिवारी ने किया। उनकी प्रेरणादायक कविता ??तुम स्वयं अपना दीपक जलाओ सखे...को खूब सराहना मिली। कवि अजय प्रधान ने आतंकवाद पर अपनी तीखी पंक्तियों ??ऐसी ज्वाला निकली भारत के 26 सिंदूरों से...?? से वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। वंदना विशेष (लखनऊ) ने भावपूर्ण काव्य-पाठ किया, वहीं डॉ. अरुण तिवारी (कानपुर) की ग्रामीण जीवन पर आधारित रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लवलेस यदुवंशी की वीर रस से भरपूर कविताओं को भी दर्शकों ने खूब सराहा। इस भव्य आयोजन में दिलीप कुमार शर्मा, ए.के. सिंह, हुकुम चंद्र त्रिपाठी, पवन कुमार शुक्ल, श्रीधर द्विवेदी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। हालाँकि कार्यक्रम की सफलता के बावजूद, स्थानीय कवियों की उपेक्षा चर्चा का विषय बनी रही। श्रावस्ती के कवि सुरेश सैनिक, गया प्रसाद मधुकर, मनोज मिश्र कप्तान, प्रतिभा मिश्रा, अनुपम पाठक, शिवेन्द्र, श्रवण कुमार सायक, राजकिशोर राही, प्रीतम श्रावस्तवी, संजय श्रीवास्तव, नीरज शुक्ला नालायक, ऋचा मिश्रा रोली सहित अनेक कवि श्रावस्ती में मौजूद है।

# ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को जगह जगह पिलायी गयी शर्बत, हुआ भंडारा



प्रतापगढ़। ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को हनुमान भक्तों ने जगह जगह राहगीरों को शरबत व भण्डारे मे प्रसाद ग्रहण कराया। नगर के श्रीहनुमत निकेतन में ब्रजघोष ओझा व चौक पर आशू जायसवाल के संयोजन में नेशनल हाइवे से गुजरने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया गया। रामपुर बावली चौराहे पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष राजू सिंह के संयोजन में राहगीरों को शरबत पिलाया गया। यहां कार्यक्रम में प्रधान कमल सिंह, सुनील त्रिपाठी, सचिन मिश्र, पीयूष गुप्ता, प्रदीप मौर्य, शंभू यादव, नीलू सिंह, राजा सिंह, दीपू सिंह श्रद्धालुओं की आवभगत करते देखे गये। लक्ष्मणपुर चौराहे पर भी शरबत वितरण के कार्यक्रम में राहगीरो के साथ स्थानीय व्यापारियों की भी उत्साहजनक उपस्थिति देखी गयी। आयोजन में अधिवक्ता राजकुमार शुक्ला, गिरीश मिश्र, केशव मिश्र, बीडीसी अमित शुक्ला, राम पाण्डेय, राजीव शुक्ल, सच्चिदानंद शुक्ल, इंद्रजीत सिंह, प्रमोद शुक्ला, सुनील शुक्ला, मिंटू तिवारी व प्रिंस का सराहनीय योगदान दिखा। संगम चौराहे के समीप भी शरबत वितरण कार्यक्रम में दिन भर राहगीरो व स्थानीय लोगों की सहभागिता दिखी। वहीं सगरा सुंदरपुर पुरानी बाजार में ज्येष्ठ माह के मंगलवार पर हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन पूर्व प्रधान राकेश दुबे, राजकुमार शुक्ल व समाजसेवी शिवशंकर शुक्ल ने किया। बतौर मुख्य अतिथि भण्डारे में पहुंचे भाजपा नेता एवं लक्ष्मणपुर प्रमुख प्रतिनिधि डॉ0 राकेश सिंह ने आयोजन की सराहना की। इस मौके पर मुरली लाल, गुडडू पाण्डेय, चंद्रशेखर दुबे, अखिलेश पाण्डेय, कमला दुबे आदि रहे।

# नौचंदी पटेल मंडप में मुशायरे का आयोजन




मेरठ। सोमवार को नौचंदी पटेल मंडप में इंजीनियर राना अंजुम द्वारा मुशायरे का आयोजन कराया गया जिसमें एक से बढ़कर एक शायरों ने अपने कलाम से नवाजा। इस मौके पर मुशायरे में हिंदू मुस्लिम एकता का परचम ऊंचा किया गया, तहसीन मुनव्वर, रजनीश कौशल, दानिश गजल, अनिल शर्मा, डॉक्टर फुरकान, वाजिद मेरठी, सुधीर राठी, जुनैद फारुकी, प्रिया सिंह, आसिफ अनवर वारसी, सरताज गाजी, उमर इजहार, मोहम्मद, साबिर खान रियासत अली, शोएब खान, डॉक्टर माजीद, वसीम अंसारी मोहम्मद जैद के अलावा अब्दुल जब्बार खान सहित सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने ताली बजाकर शायरों का हौसला बढ़ाया।

# डॉ. अंजुम जमाली मेमोरियल फाउंडेशन का 16वां अवार्ड समारोह आयोजित



मेरठ। डॉ अंजुम जमाली मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉक्टर अंजुम जमाली जन्म दिवस के अवसर पर 16 वा अवार्ड समारोह का आयोजन दिल्ली रोड स्थित चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरूआत शांति निकेतन विद्यापीठ के निदेशक डॉक्टर विशाल जैन ने दीप प्रज्वलित कर की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, विधायक शाहिद मंजूर, राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉक्टर हिमानी अग्रवाल रही। वही कार्यक्रम का उद्घाटन विख्यात शायर डॉ एजाज पॉपुलर मेरठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विभाग अध्यक्ष डॉ असलम जमशेदपुरी ने की। अति विशिष्ट लोगों में विख्यात शायर आदिल रशीद तथा शहर काजी ने भी शिरकत की। इस अवसर पर बेस्ट एक्टर्स अवार्ड के लिए विशेष आमंत्रण पर मुंबई से मेरठ पहुंची बॉलीवुड एक्टर्स सोनिया शर्मा को नवाजा गया। वही बेस्ट एंकर को भी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए आकाशवाणी से राम अवतार तथा हिंदी शायरी अवार्ड से गीतकार सुमनेश सुमन तथा गजल गायन के लिए रजनी तंवर तथा शायरी के लिए प्रीति भारद्वाज, वाजिद मेरठ को भी सम्मान दिया गया। इस अवार्ड समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का स्वागत फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ श्रीमती कमर जमाली, सचिव, कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर रिफअत जमाली, नाजिश जमाली, तलअत जमाली, डॉ रचना शर्मा, अनवर सिद्दीकी, सीमा अग्रवाल आदि ने किया।

# डीएम ने सुआव नदी के विभिन्न बिंदुओं का लिया जायजा



बलरामपुर। सुआव नदी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड, डीसी मनरेगा, वन विभाग के अधिकारियों के साथ सुआव नदी के विभिन्न बिंदुओं का स्थलीय जायजा लिया गया। उन्होंने श्रावस्ती बॉर्डर के ग्राम गोपियापुर जहां से सुआव नदी निकलती है एवं ग्राम गिदरहैया, ग्राम भीखपुर में सुआव नदी का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने नदी के जीर्णोद्धार एवं तट के सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सुआव नदी के तट पर स्थित सभी पोखरों एवं तालाबों का जीर्णोद्धार किए जाने का निर्देश दिया। नदी के कैचमेंट एरिया पर पिलर लगाए जाने का निर्देश अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड को दिया। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता (vol)



बलरामपुर। त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस एवं प्रशासन सजग एवं सतर्क है। डी.एम. नें कहा कि त्यौहार के दौरान किसी नई प्रथा की नहीं होगी मंजूरी, हमेशा की तरह सौहार्दपूर्वक मनाए त्यौहार। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डीएम द्वारा सर्किलवार एवं थानावार त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान डीएम ने बैठक में आए संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता की एवं सभी के महत्वपूर्ण सुझाव सुना।

डीएम ने सभी को आगामी त्योहार गंगा दशहरा एवं बकरीद की शुभकामनाएं दी, उन्होंने त्यौहार के दौरान साफ सफाई की विशेष अभियान चलाए जाने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बकरीद के त्यौहार के दौरान कुबार्नी के बाद अवशेषों का शीघ्र निस्तारण करें एवं साफ सफाई रखें। इस दौरान एसपी विकास कुमार ने कहा कि त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस एवं प्रशासन सजग एवं सतर्क है, त्योहारों के दौरान किसी नई प्रथा की मंजूरी नहीं होगी, कुबार्नी खुली जगह पर किए जाना प्रतिबंधित हैं एवं किसी भी दशा ने प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी न हो। कुबार्नी के बाद अवशेषों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि सदैव की तरह सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाए, त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम, समस्त सीओ, सभी थानों के थानाध्यक्ष, विभिन्न थानों से आए संभ्रांत नागरिक गण व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# पुष्पाभिषेक व आरती से पूजे गये हनुमान जी महराज

- विधायक ने संकटमोचन धाम में अधिवक्ताओं को दी सौगात, डीएम एसपी समेत कइयों का हुआ सम्मान





प्रतापगढ़। ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित संकटमोचन धाम में भण्डारे में अधिवक्ताओं तथा अफसरो व समाज के विभिन्न संगठनो के लोगों को दिन भर प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। धाम में प्रातः सुन्दरकाण्ड का सुमधुर सामूहिक पाठ हुआ। लहरी महराज के मंत्रोच्चारण के मध्य पंचमुखी हनुमान जी की पूजा अर्चना श्रीराम व संत हनुमन्त के जयघोष के मध्य पुष्पाभिषेक कर भण्डारे का शुभारंभ हुआ। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी के मीडिया प्रभारी मुक्तेश्वरनाथ ओझा मुक्कू, जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा व जूनियर बार एसोशिएसन के पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने भगवान बजरंगबली की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में शामिल हुए सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने पूजन उत्सव को सराहते हुए अधिवक्ताओ के लिए विधायक निधि से पांच लाख रुपए भवन निर्माण के लिए दिये जाने की घोषणा की। भण्डारे में जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी, एसपी डा0 अनिल कुमार, एडीएम आदित्य प्रजापति भी शामिल हुए। वही आयोजन समिति की ओर से संयोजक मुक्कू ओझा व पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र ने सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, डीएम शिवसहाय अवस्थी, एसपी डा0 अनिल कुमार व आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष भानु सिंह, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल सिंह, उपभोक्ता भण्डार लिमिटेड के अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, चकबंदी अधिकारी विनय श्रीवास्तव, गड़वारा नगर पंचायत अध्यक्ष शीलू सिंह, जिपंअ प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, एआईजी स्टाम्प राघवेन्द्र द्विवेदी, रजिस्ट्रार विनोद सिंह, पूर्व अध्यक्ष रोहित शुक्ला को श्रीहनुमान पटिटका व सुंदरकाण्ड पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया गया।

# क्रिकेट मैच के दौरान गेंद लगने से किशोर की मौत

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के टूंडला थाना क्षेत्र में क्रिकेट मैच के दौरान चमड़े की गेंद लगने से 12 साल का एक किशोर बेहोश हो गया और बाद में एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, मृत बच्चे की पहचान फिरोजाबाद निवासी अंश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताय कि हादसे के दौरान वह बल्लेबाजी कर रहा था नगर पुलिस अधीक्षक रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नारखी थाना क्षेत्र के गढ़ी रंछोर मोहल्ले का रहने वाला अंश सोमवार की शाम फ्यूचर क्रिकेट अकादमी की ओर से टूंडला में फाइनल मैच खेलने गया था। मैच खेलते समय विरोधी गेंदबाज की गेंद अंश के सीने में लगी, जिससे वह बेहोश हो गया। उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# श्रावस्ती का लाल अमन बना प्रदेश का गौरव



श्रावस्ती। जनपद के इकौना स्थित जगजीत इंटर कॉलेज के छात्र अमन गोस्वामी ने वर्ष 2024 की उत्तर प्रदेश इंटरमीडिएट परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अमन ने इसके साथ-साथ क्ष्ळ प्रवेश परीक्षा में भी शानदार सफलता प्राप्त करते हुए राज्य में 472वीं रैंक हासिल की है। अमन गोस्वामी, रतीराम गोस्वामी (स्व.) एवं सुनीता देवी के पुत्र हैं। दो वर्ष पूर्व अमन के पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद से वह अपनी मां की देखरेख में अध्ययन कर रहे हैं। विषम परिस्थितियों के बावजूद अमन ने कभी हार नहीं मानी और कठिन परिश्रम तथा लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। अमन का सपना है कि वे भारतीय प्रशासनिक सेवा (क्अर) में चयनित होकर देश और समाज की सेवा करें। उन्होंने बताया कि यह सफलता उन्हें जगजीत इंटर कॉलेज, इकौना के शिक्षकों, प्रबंधक और अपनी मां के आशीर्वाद से मिली है। विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार खरे ने अमन की प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें विशेष शैक्षिक सुविधाएं प्रदान कीं और उनके सम्पूर्ण शैक्षिक खर्च का जिम्मा उठाया। प्रबंधक ने अमन को स्मृति चिह्न, मेडल और एक लैपटॉप देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया।

# श्रावस्ती पुलिस ने बरामद किए सौ गुम मोबाइल



श्रावस्ती। जनपद में खोए हुए मोबाइल फोन को तलाशने की दिशा में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में सर्विलांस सेल श्रावस्ती ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण एवं गुम मोबाइलों की शीघ्र बरामदगी हेतु सर्विलांस टीम को विशेष निर्देश दिए गए थे।

पुलिस अधीक्षक के निदेर्शों का पालन करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी (अपराध) संतोष कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में, सर्विलांस टीम ने तकनीकी दक्षता एवं सतत प्रयासों के माध्यम से कुल 100 गुमशुदा मोबाइल फोन विभिन्न जनपदों एवं राज्यों से सफलतापूर्वक बरामद किए।

बरामद किए गए मोबाइल फोनों में वीवो, रेडमी, ओप्पो, सैमसंग, रियलमी जैसी नामचीन कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई जा रही है।

इन मोबाइल फोनों को पुलिस कार्यालय श्रावस्ती में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संबंधित स्वामियों को उनके सुपुर्द किया गया। अपने खोए हुए मोबाइल को वापस पाकर लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता और संतोष की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने उपस्थित नागरिकों को साइबर क्राइम से बचाव के उपाय भी बताए और उन्हें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का सही उपयोग कर आम नागरिकों को राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में श्रावस्ती को फिर मिला प्रथम स्थान



श्रावस्ती। जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में श्रावस्ती जनपद ने एक बार फिर प्रदेश भर में बाजी मार ली है। शासन द्वारा जारी आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) माहझमई 2025 की रैंकिंग में श्रावस्ती को पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह लगातार दूसरी बार है जब जनपद ने यह उपलब्धि हासिल की है। जनशिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु जिले में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे जनसुनवाई एवं प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जा रही है। साथ ही, तीन दिनों से अधिक लंबित मामलों की समीक्षा शाम 5 बजे तथा असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों की गुणवत्ता का परीक्षण रात 9 बजे किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जिले में शासन की मंशानुरूप जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नोडल अधिकारियों के माध्यम से शिकायतों की रिपोर्ट की जांच कराई जा रही है, और कॉल सेंटर के जरिए शिकायतकताओं से फीडबैक भी लिया जा रहा है। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता पर लें और आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व अन्य ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने यह भी कहा कि ??शिकायतकर्ता से संपर्क अवश्य किया जाए और समस्याओं का समाधान धरातल पर दिखना चाहिए। यही हमारी सफलता की कुंजी है।

# ईद-उल-अजहा पर हल्लौर बकरा मंडी में उमड़ी भीड़



सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज क्षेत्र की हल्लौर बकरा मंडी में ईद-उल-अजहा के अवसर पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई। इस वर्ष मंडी में बाराबंकी से लाया गया 85,000 रुपए का बकरा सबसे महंगा जानवर रहा। मंडी में फैजाबाद, सुल्तानपुर, उतरौला, टांडा, बलरामपुर और बहराइच से व्यापारी पहुंचे। स्थानीय जनपद और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आए। कुबार्नी के लिए जानवरों की खरीदारी दो सप्ताह पहले से प्रारंभ हो गई थी। मंगलवार को खरीदारी अपने चरम पर पहुंची। खरीदारों और व्यापारियों की सुविधा के लिए स्थानीय लोगों ने खाद्य पदार्थों की दुकानें लगाईं।

# राष्ट्रपति करेंगी पहले आयुष विवि का लोकार्पण

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का साकार रूप है गोरखपुर में बना महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में नॉलेज सिटी बन रहे गोरखपुर में एक नए शैक्षिक इतिहास का सृजन होने जा रहा है। यह इतिहास गोरखपुर में सीएम योगी के विजन से बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ रचा जाएगा। इसका लोकार्पण 30 जून को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों संभावित है। यह गोरखपुर का चौथा विश्वविद्यालय होगा और साथ ही यहां का पहला ऐसा विश्वविद्यालय जिसकी नींव भी राष्ट्रपति ने रखी और अब लोकार्पण भी राष्ट्रपति के हाथों होगा। दोनों आयोजनों में राष्ट्रपति को गोरखपुर बुलाने का श्रेय योगी आदित्यनाथ के नाम होगा। महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम बने आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था जबकि लोकार्पण वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु करेंगी। प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर जिले के भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इसकी स्वीकृत लागत 267.50 करोड़ रुपये है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है और इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। मुख्यमंत्री के बुलावे पर आगामी 30 जून को इसका लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों संभावित है। सोमवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के साथ महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने के बाद कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बताया कि वर्तमान समय में आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 95 प्रतिशत से अधिक पूरा हो गया है। फैसिलिटी सेंटर, कुलपति आवास, अलग-अलग प्रकार के स्टाफ आवास पूर्ण रूपेण तैयार हैं। जबकि एकेडमिक और हॉस्पिटल ब्लॉक में सिर्फ कतिपय फिनिशिंग और बालक-बालिका छात्रावास में फाइनल कोट पेंटिंग से जुड़े कार्य शेष हैं। इन्हें भी अधिकतम अगले दस दिन में पूरा करने की हिदायत कार्यदायी संस्था को दी गई है।

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति, जिन्हें समन्वित रूप में आयुष कहा जाता है, के नियमन के लिए अलग-अलग संस्थाएं कार्यरत रहीं। पर, राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब इसी विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र में प्रदेश के करीब सौ आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज/संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।

आयुष ओपीडी में अबतक एक लाख से अधिक मरीज ले चुके हैं परामर्श लाभ आयुष विश्वविद्यालय में आयुष ओपीडी का शुभारंभ 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। तब से प्रतिदिन यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी की ओपीडी में औसतन 300 मरीज परामर्श लेते हैं। ओपीडी शुभारंभ के बाद अब तक करीब एक लाख से अधिक लोग आयुष चिकित्सकों से परामर्श लाभ ले चुके हैं। जल्द ही यहां आयुष अस्पताल शुरू होने से आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ योग, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति आदि से उपचार की बेहतरीन सुविधा भी उपलब्ध होने लगेगी। आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने से आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की संभावनाएं भी सृजित होंगी। इस पर गंभीरता से काम किया गया तो प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। आयुष विश्वविद्यालय के पूर्णतः क्रियाशील होने से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। लोग आसपास उगने वाली जड़ी बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। किसानों को औषधीय खेती से ज्यादा फायदा मिलेगा। आयुष विश्वविद्यालय व्यापक पैमाने पर रोजगार और सकारात्मक परिवर्तन का कारक बन सकता है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में नवनिर्मित ऑडिटोरियम का लोकार्पण और स्टेडियम का शिलान्यास भी महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों 30 जून को संभावित है। 30 जून को संभावित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के दौरे पर यह उम्मीद भी जताई जा रही है कि वह गोरखपुर एम्स में यूजी (एमबीबीएस) के पहले बैच के दीक्षांत समारोह में भी शामिल हो सकती हैं। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का जीवंत रूप है। इसका शिलान्यास उन्होंने राष्ट्रपति से कराया तो अब लोकार्पण भी देश के प्रथम नागरिक के हाथों कराने की तैयारी है। वह कई बार आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का जायजा ले चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि अगले गोरखपुर दौरे पर एक बार फिर आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर सकते हैं।

संक्षेप

### बड़े मंगलवार पर सुंदर काण्ड पाठ के साथ लगा भंडारा

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के ग्राम सभा बेलादार के गोस्वामी टोला स्थित शिव मंदिर पर ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार पर सुंदर कांड पाठ के महा प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम आयोजक श्यामनारायण गोस्वामी, राहुल गोस्वामी, अरुण गोस्वामी व विकेश गोस्वामी ने बताया कि धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान हनुमान जी की कथा का प्रसार करना था। आयोजन में शेषनाथ भारती, रामकल्ब भारती, मारकंडेय गोस्वामी, सदानंद भारती, कौशलेंद्र गोस्वामी, रविंद्र गोस्वामी, सुधीर भारती, गजेंद्र गोस्वामी व श्रीदयाल मिश्र सहित भारी संख्या में ग्रामवासी आयोजन में शामिल हुए।

### बदमाशों ने छिना महिला का मंगलसूत्र

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के टाउन एरिया नगर चौरीचौरा के भोपा बाजार चौराहे मंगलवार को अपराह्न तीन बजे टैंपो से उतर रही महिला का मंगल सूत्र गले से छिनकर दो बदमाश फरार हो गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस चौरीचौरा महिला से पूछताछ किया। तथा अधिक जानकारी के लिए आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। बताते चलें कि झंगहा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा गहिरा पासी टोला निवासी कलावती देवी अपनी देवरानी संगीता के साथ मोतीराम अड्डा से आटो में बैठकर चौरी चौरा आ रही थी। कहा जा रहा है कि इसी दौरान एक अज्ञात युवक आटो में बैठ गया। भोपा बाजार चौराहे पर आटो से कलावती देवी उतरने लगी। इसी बीच आटो में बैठे एक व्यक्ति महिला के गले से मंगलसूत्र छिन लिया। तथा अपाची सवार के साथ गोरखपुर की तरफ भाग गया। घटना घटित होते ही महिला ने शोर मचाया। लेकिन अपाची सवार बदमाश फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। और आस पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

### जन औषधि केंद्र का शुभारंभ कल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा में वृहस्पतिवार को लगभग 12 बजे दिन में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन का कार्यक्रम विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा की उपस्थिति में किया जाएगा। जन औषधि केंद्र के प्रसन्न श्रीवास्तव ने बताया कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र एक जनप्रिय योजना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा में प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण दवाइयों को न्यूनतम मूल्य पर लोगों को उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इससे मरीजों को काफी लाभ होगा।

### ननिहाल आया किशोर लापता

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के सत्यनारायण जायसवाल पुत्र केदार नाथ ग्राम-कोठा बनकटी थाना गगहा ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि मेरी बड़ी लड़की जिसकी शादी मैं उरुवा बाजार में किया हूं। उसका लड़का करन जायसवाल पुत्र बाल गोविन्द जायसवाल उम्र 16 वर्ष मेरे घर 31 मई को अपने ननिहाल आया था। सोमवार की सुबह 10 बजे बिना किसी को बताये घर से निकला था।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी फार्म वर्ष 2020-24 अनुक्रमांक 2001670500 111 जो डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम टेकनिकल यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण थी का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। यशी बरनवाल पुत्री राजेंद्र बरनवाल गंगागंज सरवनपुर अमेठी।

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र हरिराम व स्वामीनाथ को उनके चाल-चलन ठीक न होने, आपराधिक प्रवृत्ति, दुर्व्यवहार, बुरी संगत के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से दोनो को बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। लक्ष्मण पुत्र विशनू भगत निवासी वार्ड नं 12 इन्दूपुरी नगर पंचायत निघासन थाना व तहसील निघासन, जिला लखीमपुर-खीरी।


## नदी में नहाने के दौरान आठ वर्षीय बालक डूबा

गोला, गोरखपुर। गोला कस्बा के वार्ड नंबर 6 निवासी विरेंद्र सोनकर का 8 वर्षीय पुत्र युवराज डाकबंगला घाट पर नहाने के दौरान नदी में डूब गया। जानकारी मिलते ही वहां कुछ ही देर में काफी भीड़ जुट गई। एक घंटे बाद नदी से लड़के का शव मिला। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कस्बे के वार्ड नंबर 6 निवासी विरेंद्र सोनकर का 8 वर्षीय पुत्र युवराज मंगलवार को दोपहर बाद घर से निकल घुमते हुए डाक बंगला के पास पहुंच गया। जहां बगल में स्थित सरयू नदी में स्नान करते समय पैर फिसल कर गहरे पानी में चला गया। जहां मौजूद लोगों द्वारा तुरंत खोजने का प्रयास किया। करीब एक घंटे बाद शव निकाला गया। जिसे सीएचसी गोला लाया गया ?। जहां पर डाक्टर द्वारा मृत्यु घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शव को पंच नामा कर शव परिवार वालों को सौंप दिया। पिता विरेंद्र सोनकर जिविका के मुंबई रहकर कमाता है। दो भाई व एक बहन में से सबसे बड़ा है। बच्चे की मृत्यु का समाचार सुनकर माँ बेसुध हो गयी। परिजन द्वारा शव का पंचनामा बनवाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक बच्चा निमार्णाधीन पक्के घाट पर स्नान करने उतरा था वहां पक्के घाट के निर्माण के लिए जेसीबी से गढ्ढा किया गया था। नदी जल स्तर बढने के साथ गढ्ढा भी पानी से भर गया जिसके बारे में बच्चे को जानकारी नहीं थी। वहीं स्नान करने उतरा बच्चा डूब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

इस संदर्भ में थाना प्रभारी अंजुल कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि बच्चे के परिजन पोस्टमार्टम के लिए रजामंद नहीं थे। उनके द्वारा पंचनामा बनवाकर शव को घर ले जाया गया है।

## थार गाड़ी से पहुंचे मनबढ़, पीटकर उठा ले गये शिवम को

### -घायल शिवम को पुलिस ने कृष्णा बीयर बार से मनबढ़ों के चंगुल से छुड़ाया

मझगांवा/गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया जहां मनबढ़ युवक थार गाड़ी से शिवम के मकान पर स्थित दुकान पर पहुंचकर बुरी तरह मारपीट कर थार गाड़ी से कृष्णा बीयर बार में उठा ले गए। सूचना मौके पर पहुंची गगहा पुलिस ने शिवम को उनके चुंगल से छुड़ाने के बाद तीनों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सोमवार की देर रात गगहा थाना क्षेत्र के चिमचा गांव व बरवल ईश्वरी प्रसाद के पूर्व प्रधान मनोज पाठक के पुत्र शिवम पाठक ने बताया सोमवार को मेरे मोबाइल फोन पर छपरा निवासी चन्द्रकेश यादव पुत्र बलिहारी यादव ने बातचीत करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी देते हुए थार गाड़ी से तीन लोग मेरे मकान पर स्थित दुकान पर पहुंचकर मुझे मारने पीटने लगे व एक युवक घटना का विडियो बना रहा था मारने पीटने के बाद मुझे जमीन लौहरपुर पर स्थित कृष्णा बीयर वार पर उठा ले गए। बीयर बार पर भी युवक को मारे पीटे। किसी युवक ने घटना की जानकारी गगहा पुलिस को दी। सूचना पाकर कृष्णा बीयर बार पर पहुंची गगहा पुलिस फोर्स ने बीयर बार के पीछे सरकारी गाड़ी पर चढ़कर पुलिस ऊपर चढ़कर शिवम को उनके चुंगल से छुड़ाने के साथ चन्द्रकेश यादव पुत्र बलिहारी यादव, मोनू यादव ऊर्फ बिनीत यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव और यश यादव पुत्र रामसरन यादव निवासी छपरा को हिरासत में ले लिया साथ ही घटना में जिस थार गाड़ी वस्त्र 35ए७3248 से वारदात में यूज किया गया उसे पुलिस ने कब्जे में लिया। घायल युवक शिवम पाठक के पिता मनोज पाठक ने अपने शिकायतीपत्र में लिखा है कि आरोपी अपने थार गाड़ी से हमारे हाटा बाजार स्थित मकान के नीचे फर्नीचर की दुकान सोमवार की रात करीब बारह बजकर पन्द्रह मिनट पर पहुंचकर मारपीट कर बेटे को थार गाड़ी में बैठाकर कृष्ण बीयर बार में उठा ले गये और लड़के के साथ मारपीट किये। घटना की सूचना किसी ने डायल 112पर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस बीयर वार के पीछे से चढ़कर बेटे को चुंगल से छुड़ाया।

सोमवार की रात करीब बारह बजकर पन्द्रह मिनट हाटा बाजार में मनोज पाठक के मकान के निचले फ्लोर पर फर्नीचर के दुकान पर थार गाड़ी से पहुंचकर शिवम को दो युवक दुकान से फट्टा उठाकर दौड़ा दौड़ा कर पीट रहे थे तीसरा युवक घटना का विडियो बना रहा था। इस दौरान शिवम के मकान के ऊपरी फ्लोर से विडियो बना रहा था जिससे सारी घटना कैमरे में कैद हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके का निरीक्षण करने पहुंचे बांसगांव के क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार व गगहा थानाध्यक्ष सुशील कुमार के साथ पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर मामले की बारीकी से जांच कर पुलिस फोर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस सन्दर्भ में क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने बताया कि घायल युवक के पिता की शिकायतीपत्र पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## खुले स्थलों में नहीं करनी है कुर्बानी



गोरखपुर। अपर जिलाधिकारी (नगर) अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित इदुज्जुहा (बकरीद) व आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु महानगर शांति एंव सद्भावना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध है और इसके लिए पूरी तरह तैयार है। त्यौहार आपसी मेल मिलाप एंव शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाये। उन्होंने उपस्थित शांति एंव सद्भावना समिति व संभ्रांत लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और ऐसी कोई भी स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल प्रभाव से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दें। त्यौहार की सकुशलता में किसी भी तरह का अवरोध उत्पन्न करने वाले के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने सड़क व नालियों की साफ सफाई, ढीले एंव जर्जर विद्युत तारों को ठीक करने के साथ ही अनवरत रूप से जलापूर्ति/विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया और साथ ही कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये।

एडीएम सिटी ने कहा कि कुबार्नी खुले स्थलों में न करें बल्कि निर्धारित स्थलों पर ही की जाये। कुबार्नी के बाद अपशिष्ट पदार्थों को इधर-उधर न फेंककर नगर निगम की गाड़ियों व निर्धारित स्थलों पर ही डालें। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावना आहत हो। सभी त्यौहार शान्ति का संदेश देते हैं और इन्हें शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाया जाये। त्यौहार के अवसर पर छुट्टा पशुओं के विचरण पर पूर्णतया प्रतिबंधित करने के निर्देश दिये और कहा कि जाम की समस्या उत्पन्न न होने पाये इसके लिए ट्रैफिक नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बताया कि त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहेगी।

## ब्राजील की युवती ने इटावा के युवक से की शादी

इटावा। जिले के भरथना कस्बे के युवक गौरव राठौर से मिलने ब्राजील की फ्लोरिना पोलिस (सांता कैटरीना) निवासी युवती अल्फ्रेडा एन्जिया सात समुंदर पार कर भारत पहुंची। दोनों ने दिल्ली के आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली है। गौरव राठौर जो दिल्ली में निजी तौर पर कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। दोनों की मुलाकात नवंबर 2023 में फेसबुक के माध्यम से अल्फ्रेडा एन्जिया से हुई थी। अल्फ्रेडा ब्राजील में टेरो कार्ड रीडर हैं और कुछ समय तक इंजीनियरिंग व रिपोर्टिंग का कार्य भी कर चुकी हैं। बातचीत का सिलसिला दोस्ती में बदला और जल्द ही दोनों एक-दूसरे के जीवनसाथी बनने का निर्णय ले चुके थे। तीन महीने गौरव के घर रह चुकी है अल्फ्रेडा 2025 की होली पर अल्फ्रेडा भारत आईं और भरथना में गौरव के घर तीन महीने रहीं। इस दौरान दोनों परिवारों ने एक-दूसरे को समझा और विवाह की तैयारियां शुरू कीं। बीते 1 जून को दिल्ली के खिड़की गांव स्थित आर्य समाज मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर विवाह संपन्न किया। गौरव ने बताया - वे मूल रूप से भरथना के यादव नगर मोहल्ला निवासी हैं। पिछले 12 वर्षों से वहीं रह रहे हैं। उनकी शिक्षा बीए तक हुई है। विदेशी बहू के स्वागत को लेकर परिवार और मोहल्ले में उत्साह का माहौल है। अल्फ्रेडा जो अब भारत में रहकर गौरव के साथ नया जीवन शुरू करेंगी, भारतीय संस्कृति को नजदीक से देखा और अपनाया। गौरव का कहना है कि सभी औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद वे अपनी नवविवाहिता को लेकर ससुराल भी जाएंगे।

### अधेड़ सड़क हादसे हादसे में घायल, इलाज के दौरान मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के एक गाँव का एक परिवार अपने निजी टैम्पू से बच्ची का मुण्डन कराने तरकुलहा देवी मंदिर गया था। वापस आते समय रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली टैम्पू को ठोकर मार दी। जिससे कई लोग घायल हो गये। जिसमें एक अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस शव कब्जे में लेकर पी यम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा प्रतापपुर निवासी भजुराम यादव पुत्र रामसुभग यादव अपने निजी टैम्पू से तीन दिन पहले अपनी नातिन का मुण्डन कराने परिवार सहित तरकुलहा देबी मंदिर गये हुये थे। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद वापस आते समय अभी झगहा थाने के मोतीराम अड्डा के पास पहुचे ही थे कि बिपरीत दिशा से आती हुई तेज रफ्तार टैक्टर ट्राली ने ठोकर मार दिया।

## 15 चोरी की बाइक के साथ 4 आरोपी पकड़े गये



इटावा। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं कारित करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 4 अन्तर्रजनपदीय शातिर चोरों को किया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी की 15 मोटरसाइकिल की गयी बरामद। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस टीम एवं एसओजी, सर्विलांस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही।

एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने बताया कि 3 जून की रात्रि को थाना सिविल लाइन पुलिस एवं एसओजी, सर्विलांस टीम थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत बलराम सिंह चैराहा पर भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल लेकर रेलवे स्टेशन की ओर से नुमाइश चैराहा होते हुये बाइस ख्वाजा रोड से भिण्ड की ओर जाने वाले है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये एसओजी सर्विलांस टीम एवं थाना सिविल लाइन पुलिस टीम बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान गेट के पास पहुंची तभी कुछ देर बाद 2 मोटर साइकिल सवार 2 व्यक्ति नुमाइश चैराहा की ओर से आते दिखाई दिये जिन्हे पुलिस टीमों द्वारा रोकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल सवार द्वारा तेजी से भागने का प्रयास किया गया जिन्हे पुलिस टीमों द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर बाइस ख्वाजा कब्रिस्तान गेट के पास से पकड़ लिया।

पकडे गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल के जरुरी प्रपत्र मांगे गये तो दिखाने मे असमर्थ रहे। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त सुमित उर्फ लुक्का पुत्र अनील कुशवाहा तथा शीलू पुत्र राधेश्याम ने बताया कि यह दोनो मोटरसाइकिल चोरी की है जिन्हे बेचने के लिए वह भिण्ड (मध्य प्रदेश) ले जा रहे है तथा बताया कि हमने अपने अन्य 2 साथियों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों से चोरी की गयी मोटरसाइकिल को वन विभाग के पोस्ट के पास खण्डहर के पीछे छिपा रखा है जिन्हे लोडर (गाडी) पर लाद कर भिंड (म.प्र.) बेचने जाने वाले थे। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों की निशांदेही पर 2 अभियुक्त सुखवीर उर्फ नेता पुत्र बाबुराम तथा बृजेश पुत्र सुरेन्द्र सिंह को वन विभाग पोस्ट के पास खंडहर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में विक्रम सिंह चैहान प्रभारी थाना सिविल लाइन, बेचन कुमार सिंह प्रभारी एसओजी, नागेन्द्र चैधरी प्रभारी सर्विलांस, उ.नि. राजेश कुमार मौर्य, उ.नि. संजय यादव रहे।

## डंपर की टक्कर से ऑटो ड्राइवर की मौत



उदी, इटावा। थानां बढ़पुरा के कस्वा उदी मोड़-वाह रोड पर अज्ञात डम्फर की टक्कर से ऑटो ड्राइवर की मौत हो गयी। सोमवार देर रात हुई घटना के बाद मंगलवार को थानां पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम कराया गया। थानां बढ़पुरा के ग्राम अवारी निवासी 36 वर्षीय उमेश पुत्र नवाब सिंह ओटो चलाता था। सोमवार देर रात में उदी चैराहा निवासी ऑटो मालिक के घर पर ऑटो खड़ा करने के बाद वह पैदल अपने गांव अवारी जा रहा था कि तभी उक्त वाह रोड पर भिंड की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर की चपेट में आकर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस द्वारा घायल को सी एच सी उदी भेजा गया जहां से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा उमेश को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि टक्कर मारने के बाद डम्फर को चालक भाग ले जाने सफल रहा। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे बड़े भाई विनोद कुमार ने बताया सूचना पर वह नोएडा से आया है। मृतक भाई उमेश की पत्नी उसे काफी समय पहले छोड़कर चली गई थी। तब से वह घर पर मां शांति देवी के साथ रहता था। वह किराए का ऑटो चलाकर अपना व अपनी माँ भरण पोषण कर रहा था। वृद्ध माँ व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## किसानों ने मंडी में शोषण का लगाया आरोप, एसडीएम को सौंपा पांच सूत्रीय मांगपत्र



जसवंतनगर, इटावा। मंगलवार को मॉडल तहसील प्रांगण में अन्नदाता किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने गल्ला मंडी व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और शोषण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हृदय राम यादव के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए मंडी सुधार की मांग की। किसानों सौरभ, सुखवीर, राजेश, श्यामवीर, अंशुल, प्रदीप, रामनरेश, राजेंद्र, श्रीप्रकाश, राकेश और विजय नारायण आदि ने आरोप लगाया कि जसवंतनगर की नवीन गल्ला मंडी में लागू पल्ला सिस्टम के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि आढ़तियों की दुकानों पर अनाज बेचने के बावजूद उन्हें वर्षों तक भुगतान नहीं किया जाता। इसके अलावा 80 किलो अनाज को जबरन 75 किलो के बोरे में भरवाकर सड़क व टीन सेट पर फैला दिया जाता है और उसे मनचाही दुकानों पर भेजा जाता है। किसानों ने यह भी कहा कि प्रदेश की अन्य मंडियों में इस तरह की व्यवस्था नहीं है, और यह पल्ला प्रणाली किसानों के शोषण का एक प्रमुख जरिया बन चुकी है।

## लाठी-डंडों से हमला, महिलाओं समेत 16 घायल



इटावा। भरथना थाना क्षेत्र के ग्राम हथनौली में सोमवार को खेत से बंबा का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर और यहां तक कि कुल्हाडि ?ों का भी इस्तेमाल हुआ। जिसमें छह महिलाओं सहित कुल 16 लोग घायल हो गए। इनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ग्राम हथनौली के नगला मिहिलाल निवासी रामौतार ने बताया कि उनके खेत में मूंग की फसल खड़ी है। गांव गंगोरा के कुछ लोग उनके खेत से होकर जबरन बंबा का पानी निकाल रहे थे। जब इसका विरोध किया गया तो शाम चार बजे के करीब दूसरे पक्ष के कई लोग लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों और कुल्हाड़ियों से लैस होकर उनके घर पर हमला करने पहुंच गए। हमले में रामौतार, उनके भाई अमृतलाल, बेटा राहुल, पत्नी सावित्री देवी, अमन, आशाराम व विपिन गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी ओर, ग्राम गंगोरा निवासी अनीता ने बताया कि उनका परिवार खेत में पानी लगा रहा था। एक दिन पहले भी इसी मुद्दे को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप है कि विरोधियों ने हमला कर उनके पति धर्मेंद्र, बेटियां दिव्या व दीक्षा सहित रामादेवी, ललिता देवी, केशव, पहलाद, ध्रुव और राजवीर को लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना पाकर भरथना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि बकरी के खेत में चले जाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। अब तक किसी भी पक्ष से लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से घटना की जानकारी ली।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने योगी से शिष्टाचार मुलाकात की



इटावा। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने नगर पालिका से पूर्व प्रत्याशी विनीता गुप्ता के साथ प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ महाराज से उनके सरकारी आवास कालिदास मार्ग लखनऊ पर शिष्टाचार भेंट कर स्नेहाशीर्वाद प्राप्त किया। शिष्टाचार भेंटवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी विनीता गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रभु श्रीराम का चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया। भेंटवार्ता के दौरान जनपद में अटल पथ पर विराजमान भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति के अनावरण हेतु जनपद आने का आग्रह कर जनपद की प्रमुख जनहित की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में संचालित जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर लागू करवाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित कर प्रदेश सरकार की योजनाओं को संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के माध्यम से जन जन तक पहुँचाने का भरोसा दिलाया।

## कलेक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

इटावा। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना के अनुसार सड़क दुर्घटना में 45.8 प्रतिशत घायलों एवं 12.5 प्रतिशत मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर तुरंत मरम्मत कराई जाए क्योंकि इसकी बजह से बहुत लोग अनजाने में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी से पूछा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगहों का निरीक्षण किया गया या नहीं। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर अतिरिक्त सावधानी हेतु साइनेज बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जसवन्तनगर में तहसील के सामने सर्विस रोड पर साइनेज बोर्ड लगाया जाए एवं स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध टैक्सी एवं अवैध बस स्टैंड की वजह से काफी दुर्घटनाएं होती हैं इनपर ध्यान दिया जाए।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत साथी जख्मी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव बौआ निवासी युवक अपने साथी के साथ मित्र की गाड़ी की सर्विस खुटार कराकर वापस आते समय हाईवे पर बने ओवर ब्रिज के पुल के पिलर से टकराने से चालक की मौत हो गई और सवार घायल हो गया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस से गांव में शव आने पर चीख पुकार मच गई जिसका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। गांव बौआ निवासी अरविंद कुमार 28 वर्ष अपने साथी बिचपुरी निवासी राहुल के साथ मित्र की गाड़ी सर्विस कराने के लिए खुटार ग ए थे। शाम सात बजे के करीब सर्विस कराकर वापस जा रहे थे तभी गाड़ी पुवायां रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचते ही अनियंत्रित होकर पिलर से टकरा गई जिससे दोनों गाड़ी के अंदर फस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही समाजसेवी अवनीश मिश्र मौके पर पहुंच गए और उन्होने अपने साथियो की मदद से गाड़ी में फंसे चालक राहुल और अरविंद को गंभीर अवस्था में बाहर निकाल कर सी एच सी खुटार पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने अरविंद कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल राहुल को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर अरविंद 28 वर्ष के शव की शिनाख्त करने पर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक दो भाई था। अपने पीछे पत्नी सरिता देवी और 7 वर्षीय पुत्र युवराज को रोते बिलखते छोड़ गया है।

## रंजिशन महिला को मारी लोहे की रॉड

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर निवासी महिला ने दो लोगों पर रंजिशन लोहे की रॉड से प्रहार घायल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुये एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी मीना देवी पत्नी रामस्वरूप ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम मैकूपुर निवासी चंदा देवी से पुरानी रंजिश चल रही है। रविवार की सुबह लगभग 7 बजे वह मरघट वाली गली में टहल रही थी। इसी दौरान चंदा देवी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ बाइक से सामने आ गये और आंख के पास लोहे की रॉड मारकर भाग गये। जिससे उसके चोंटे आ गईं। गली सुनसान होने की बजह से कोई व्यक्ति मदद करने नहीं आया। मीना देवी का कहना है कि महिला दबंग किस्म की है। जिससे उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है।

## पानी की टंकी से इन्वर्टर व सोलर पैनल चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी से रविवार की दोपहर में इन्वर्टर, सोलर पैनल, तार व बायरिंग का सामान व मोबाइल चोरी हो गया। पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम लुनपुरवा निवासी रजनीश कुमार पुत्र कुन्हूलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि ग्राम पंचायत करनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी बन रही है। रविवार को दिन दहाडे चोरों ने इन्वर्टर, सोलर पैनल, तार व बायरिंग का सामान व मोबाइल चोरी कर लिया।

# 21वीं सदी महिलाओं की सदी: राज्यपाल





जिला संवाददाता(vol)

- राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को वितरित की प्री-स्कूल व हाइजीन किट
- राज्यपाल ने बलेरा में विकास योजनाओं की सौगातें दीं

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन पलिया ब्लॉक के थारू बहुल गांव बलेरा में विविध विकासात्मक गतिविधियों में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक सौगातें दीं, समर कैंप, शैक्षिक प्रदर्शनी और विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा महिला सशक्तिकरण व बाल विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

थारू जनजाति के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि दूरस्थ और वनवासी क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के प्रयास देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। बचपन से ही बच्चों को पढ़ाई के साथ पेंटिंग, भाषण, गीत-संगीत जैसी रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक है। समर वेकेशन के दौरान इन गतिविधियों का आयोजन सराहनीय है। महिलाओं के लिए पुराने भवन को प्रशिक्षण केंद्र में बदलना एक प्रशंसनीय कदम है। इस केंद्र के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। इसके लिए डीएम और सीडीओ बधाई के पात्र हैं। सरकार की योजनाएं आमजन तक पहुंच रही हैं, विशेष रूप से स्वामित्व योजना के तहत गरीबों को संपत्ति का अधिकार मिल रहा है। पहले संसाधनों की कमी से महिलाएं पीछे रह जाती थीं, लेकिन अब प्रशिक्षण और सरकारी सहयोग से वे आगे बढ़ रही हैं और राजस्व में भी योगदान दे रही हैं। बाल विवाह पर पुलिस को स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। बेटियों के सशक्तिकरण के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना जरूरी है। नवजात शिशुओं की निगरानी और निजी अस्पतालों में जन्म से संबंधित दस्तावेजों की जांच भी आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है कि राज्यपाल स्वयं यहां उपस्थित हुईं। उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश की प्रगति के नित नए आयाम स्थापित कर रहा। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में हुए कायाकल्प को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को प्रणाम किया। कार्यक्रम की शुरूआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। लखनऊ विश्वविद्यालय की एक शोध छात्रा ने राज्यपाल के समक्ष श्विकसित भारत का संकल्प @2047 विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने राज्यपाल और सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जनकल्याण योजनाओं के तहत लाभार्थियों को राज्यपाल ने दीं सौगातें

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्वीकृति पत्र, सामग्री किट और उपकरणों का वितरण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट एवं हाइजीन किट, कृषकों को कृषि यंत्र, तथा पीएम आवास योजना-(ग्रा) के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। साथ ही क्षय रोगियों को पोषण पोटली किट का वितरण भी किया। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजना के तहत घरों की घरोनी, तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रतीकात्मक गैस कनेक्शन भी लाभार्थियों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 184 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश कोष (CCL) के तहत 2 करोड़ 76 लाख रुपए के चेक, तथा 62 प्रोड्यूसर ग्रुपों को इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के अंतर्गत ?93 लाख रुपए के चेक भेंट किए गए। साथ ही, 5 दीदियों को ई-रिक्शा की चाबियाँ सौंपकर उन्हें आजीविका के सशक्त माध्यम से जोड़ने की पहल की गई। राज्यपाल ने इन योजनाओं को जनकल्याण की दृष्टि से प्रभावी बताते हुए, लाभार्थियों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## राज्यपाल ने किया साइकिल और ई-रिक्शा वितरित, समर कैंप व स्टॉलों का निरीक्षण

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने दौरे के दौरान ग्राम बलेरा पहुंच कर थारू जनजातीय क्षेत्र की 25 छात्राओं को साइकिल वितरित की और उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही पाँच जनजातीय क्षेत्र की महिलाओं को ई-रिक्शा प्रदान किए गए। उन्होंने ई-रिक्शा प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे इसे पूरे आत्मविश्वास और हिम्मत से चलाएं।

## भैरव बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन



पिपरिया धनी, खीरी। पुलिस चौकी रेहरिया स्थित भैरव बाबा मंदिर पर हर साल की भांति जयेष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं व गोला मोहम्मदी रोड़ हाईवे नेशनल पर आने जाने वालें राहगीरों को प्रसाद में पूड़ी, सब्जी आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह व कांस्टेबल संदीप कुमार, अभिषेक कुमार, ग्राम प्रधान ग्रंट साहबगंज सुदेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजू शुक्ल, अमन सिंह, अरविंद कुमार सक्सेना, राहुल राठौर, स्वामी दयाल, संतराम, सुनील कुमार, अमरजीतसिंह, आदि मौजूद रहें।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर निकाली कलश यात्रा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर की नारायण कालोनी में श्री शिव हनुमान मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गई। शहर की नारायण कॉलोनी के नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार एवं हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हुआ जिसके लिए भक्तों ने खीरी ब्रांच नहर से जल भरकर मंदिर परिसर लाए जहां स्थापित कलश स्थापित किए गए हैं। साथ ही भक्तों को श्री राम कथा भी सुनाई जाएगी। कथा का समय हर दिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत 3 जून को कलश यात्रा निकाल कर स्थानीय देवता पूजन हुआ और ध्वजारोहण किया गया। 4 जून को श्री गणपति पूजन, मण्डप प्रवेश, वेदी पूजन, कर्म कुटी, जलाधिवास कार्यक्रम होगा। 5 जून को अग्नि प्रवेश, अन्नाधिवास, घृत, गन्ध पुष्प, मिष्ठानधिवास किया जाएगा। 6 जून को महास्नान, रथ यात्रा और भव्य बारात निकाली जाएगी। 7 जून को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी फिर पूणार्हुति कर विशाल भण्डारा कर सन्त कन्यादि पूजन किया जाएगा। यह बने हैं यजमान- मुख्य यजमान अरविन्द शुक्ल, उमाकान्त सक्सेना, सतीश तिवारी, श्याम मोहन मिश्र और राजेश शुक्ल बने हैं।

## राज्यपाल ने की मिशन मैदान पहल की सराहना

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को दुधवा टाइगर रिजर्व के सभागार में



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की शुरूआत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जिले की सांस्कृतिक, भौगोलिक और सामाजिक विशेषताओं की प्रस्तुति दी। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, डीडी दुधवा टी रंगा राजू, डीएफओ सौरीस सहाय, संजय बिसवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थारू जनजातीय क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ अभियान चलाकर लोगों तक पहुँचाया जाए। इन क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया जाए।सीएमओ को निर्देशित किया कि निजी चिकित्सालयों से प्रसव से संबंधित डेटा एकत्र किया जाए। सीएमओ ने अवगत कराया कि जिले में प्रसव सुविधाओं वाले डिलीवरी प्वाइंट्स की संख्या बढ़ाई जा रही है और थारू क्षेत्रों में छह उपकेंद्र 24७7 संचालित हैं। जिले में दो एनआरसी केंद्र कार्यरत हैं। अब तक 168 ग्राम पंचायतों को टीवी मुक्त घोषित किया जा चुका है। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को इनके उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाए। एनआरसी केंद्रों को बाल मैत्री बनाने हेतु वहां टीवी, खिलौने और बच्चों के बैठने की सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। राज्यपाल ने जानकारी ली कि पिछले वर्ष 1300 गंभीर रूप से कुपोषित (सैम श्रेणी) बच्चों को सुपोषित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे बच्चों की घर-घर जाकर निगरानी की जाए। इसके अलावा, नगरीय क्षेत्रों में किराए पर चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को परिषदीय विद्यालयों के कक्षों में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया गया। छह वर्ष के सभी नामांकित बच्चों का परिषदीय स्कूलों में अनिवार्य रूप से नामांकन कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में राज्यपाल ने बीएसए से जिले में संचालित 31 पीएम श्री विद्यालयों की जानकारी ली और नामांकन प्रक्रिया की प्रगति जानी।

सीडीओ ने बताया कि अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत जिले के 416 तालाबों में से 355 पूर्ण हो चुके हैं और शेष 61 पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कृषि विभाग से ऑर्गेनिक खेती और श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन की स्थिति भी साझा की।

## नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



शाहजहांपुर। नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा महानगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु मंगलवार को प्रातःकाल ही क्षेत्र में निकलकर खिरनीबाग क्षेत्र में सफाई कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ पार्षद सोनी मिश्रा भी मौजूद रहीं इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज मिश्रा अतिरिक्त वार्ड सराय काइयां स्थित ईदगाह, मक्कू बजरिया, वार्ड ककरा में भी सफाई का निरीक्षण करने पहुंचे जहाँ मक्कू बजरिया से ईदगाह रोड तक नालियाँ भरी पायी गयीं, जिस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपनी उपस्थिति में स्वच्छता कर्मियों से नालियों की सफाई कराई गयी। इसके अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को सख़्त निर्देश दिये गये कि महानगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था बेहतर हो, इस कार्य हेतु सभी स्वच्छता कर्मी अपने ड्यूटी स्थल पर ससमय उपस्थित होकर सफाई से सम्बंधित कार्यो को बड़ी ईमानदारी से करें। निर्देशित किया गया कि सफाई कार्यो में लापरवाही किये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खिरनीबाग से नरेन्द्र मिश्रा उर्फ गुरु, मक्कू बजरिया से पार्षद शिवओम सक्सेना व नगर निगम से मुख्य सफाई एवं खादय निरीक्षक हरवंश दीक्षित, सफाई एवं खादय निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर, सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अरविंद कनौजिया उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष निर्वाचित

शाहजहांपुर। जनपद में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला कार्यकारिणी का चुनाव अटल ओडिटोरियम शाहजहांपुर में लेखपाल संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री नीरज राठौर व प्रांतीय सह सचिव भूषित सक्सेना की देखरेख में सम्पन्न हुआ



जिसमें अरविंद कनौजिया को जिलाध्यक्ष, आजम खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हेमंत गंगवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष, उग्रसेन सिंह जिलामंत्री, नेम कुमार तिवारी उपमंत्री, नरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष एवं विजय बाजपेई को लेखा परीक्षक चुना गया अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवारों में अरविंद कनौजिया, उपेंद्र तिवारी एवं राजेश यादव के बीच चुनाव हुआ जिसमें अरविंद कनौजिया ने उपेंद्र तिवारी को 25 वोटों से हराया, एवं जिला मंत्री पद पर उग्रसेन सिंह ने आलोक यादव को हराकर विजय श्री प्राप्त की चुनाव के बाद समस्त लेखपालों ने ढोल नगाड़े बजाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नई कार्यकारिणी को बधाई दी और मिठाइयां वितरित की।

## थाना मिर्जापुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

शाहजहांपुर। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) भँवरे दीक्षा अरुण की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना मिर्जापुर में पीस कमेटी की मीटिंग



आयोजित की गयी। आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, गणमान्य नागरिकों तथा पीस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु अपने विचार साझा किए भँवरे दीक्षा अरुण द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए बताया कि गया कि शाहजहाँपुर पुलिस प्रशासन जनसुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क है। उन्होंने त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने एवं सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही, आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से अनुरोध किया त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सत्यापन के लिए पुलिस से संपर्क करें। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शाहजहाँपुर पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की एवं समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संकल्प लिया गया

## पीओ की सड़क हादसे में मौत

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में तैनात जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा डॉ. अजय कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना मे मंगलवार को लखनऊ से कार से वापस लखीमपुर आते समय सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर के पास कार पलटने मृत्यु हो गई। पीओ डूडा के साथ बैठे नीतीश पटेल बुरी तरह घायल हो गए। श्री पटेल को जिला अस्पताल में भर्ती कारवाया गया है। पीओ डूडा के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव को उनके गृह जनपद भेज दिया है। खबर मिलते ही जिला मुख्यालय पर शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अधिकारी की पत्नी रेनू व बेटा आयुष्मान पिता की मौत की खबर सुन कर लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना स्थित नेशनल हाइवे व रेलवे ट्रैक पर सुसाइड करने पहुंच गए। तभी राहगीरों ने उन्हें दौड़ कर पकड़ लिया। जिसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मां बेटे को लेकर थाने लेकर पहुंच गई। घटना की सूचना पर थाना हरगांव पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक दीपक तिवारी ने परिजनों को सूचित कर दिया। मंगलवार को पीओ डूडा डॉ अजीत कुमार सिंह अपनी कार से नीतीश पटेल के साथ लखीमपुर आ रहे थे। रस्ते में थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर के पास कार रोड के किनारे खाई में पलट गई। स्थानीय लोगों द्वारा मोतीपुर हॉस्पिटल लखीमपुर लाया गया, जहां एक घंटे इलाज के बाद पीओ डूडा अजीत कुमार सिंह की मौत हो गई। बताया जाता है कि पलिया में राज्यपाल की समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करना था, इस लिए कार अधिक स्पीड से चल रही थी। हादसे में कार पूरी तरह क्षतिगस्त हो गई। शव का पोस्टमार्टम करवाकर उनके घर भेज दिया गया है। घटना की जानकारी होने पर बीडीओ महावीर सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, सीओ सदर रमेश कुमार तिवारी, मिश्रण चौकी इंचार्ज अजीर कुमार सिंह, डूडा कार्यालय से शिव कुमार रस्तोगी, शिवपूजन दीक्षित, पीयूष कुमार गुप्ता सहित आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# अथर्व क्लब बंटी, मेडिकल एजेंसी क्लब और शैलू वॉरियर्स ने जीते मैच



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन तीन मैच खेले गये। जिसमें अथर्व क्लब बंटी, मेडिकल एजेंसी क्लब और शैलू वॉरियर्स ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को परास्त कर जीत हासिल की।

लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक कालेज के स्व0 श्री राजेन्द्र गिरि स्टेडियम में दूधिया रोशनी के बीच खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच आजाद क्लब व अथर्व क्लब के बीच खेला गया। आजाद क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन 37 की मदद से 91रन का स्कोर खड़ा किया। इसे अथर्व के सचिन ने नाबाद 41 और वसु के 20 रनों की मदद से आसानी पूरा करके 8विकेट से जीत हासिल कर ली। दूसरे मैच में गोला मेडिकल एजेंसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने खिलाड़ी आयुष, वसीम और सूरज की मदद से 117 रन बनाए। जवाब में ज्ञान वाटिका के सुनील ने छक्के लगाकर मैच मुकाबला लाने की कोशिश की। लेकिन वह नाकाफी साबित हुई और मेडिकल एजेंसी 49 रन से विजई रही। तीसरे मैच में शैलू वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 छक्कों और 6 चैकों की मदद से 147 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 11 वॉरियर्स के खिलाड़ी इस बड़े स्कोर के शुरू से ही दबाव में दिखे और कोई खिलाड़ी टिककर नहीं खेल पाया और शैलू वॉरियर्स ने 73 रन से जीत दर्ज कराई। मैचों की शुरूआत में सुरेन्द्र शर्मा, सुधीश शुक्ला, राम गुलाम पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तीनों मैचों में मन ऑफ द मैच रहे दिव्य, वसीम और सुरजीत को ज्ञानकोष यूट्यूब द्वारा प्रदत्त पुरुस्कार कमेटी के जनार्दन गिरि, केके, शुक्ल द्वारा प्रदान किए गए। इस मौके पर भारी संख्या खिलाड़ी व खेल प्रेकी मौजूद थे।

## बड़े मंगल पर जगह-जगह हुए भंडारे, लगे प्याऊ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर शहर समेत ग्रामीण इलाकों में भी जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए। कहीं पूड़ी सब्जी खिलाई गई तो कहीं हलवा पूड़ी की व्यवस्था की गई थी। शरबत प्याऊ लगाकर लोगों को ठंडा पानी और शरबत पिलाया गया। लखीमपुर रोड पर सुनील कश्यप ने अपने एक साथी के साथ भूतनाथ मोड पर भंडारा कराया। इसी तरह लखीमपुर रोड मोहम्मदी रोड अलीगंज रोड और खुटार रोड पर कई जगह भंडारे आयोजित किए गए। ममरी रोशननगर और कंजा बरम बाबा हनुमान मंदिर स्थान पर कई भंडारे चल रहे थे। इसी तरह त्रिलोक गिरी मंदिर पर ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा ने भंडारा कर कर लोगों को प्रसाद खिलाया। भूतनाथ मोड़ पर हुए भंडारे में वीरेश वाजपेई, आकाश, ज्योति कश्यप, इलियास मंसूरी, रितेश कुमार, मनोज शुक्ला, विकास बाजपेई, अंकित सोनी, राहुल कश्यप के सहित तमाम सहयोगी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किशोरी को भगाने के मामले में चार पर केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक किशोरी को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया। जिसके पिता ने युवक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार की देर शाम सब घर में सो रहे थे। इसी दौरान उसकी 17 वर्षी पुत्री को ग्राम पिपरिया गंगा निवासी अमित कुमार पुत्र जमुना प्रसाद अपने साथ कहीं भाग लिया गया है। सुबह जब उठकर देखा तो उसकी पुत्री घर पर नहीं थी। उसकी पुत्री अपने साथ घर से सोने चांदी के जेवरात और 15 हजार रुपए की नगदी लेकर गई है। किशोरी के पिता का कहना है कि उसकी पुत्री को भगवाने में अभिषेक कुमार पुत्र जमुना प्रसाद, प्रकाश पुत्र सुंदरलाल व अरुण कुमार पुत्र प्रकाश शामिल हैं।

## बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन




मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में जेष्ठ महीने के चौथे मंगल पर पौराणिक और प्रमुख चौराहों पर समाज सेवियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें राहगीरों को शर्बत और पूडी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया है। मंगलवार को गांव से लेकर कस्बा में भंडारे का जगह-जगह आयोजन किया गया है। जिसमें प्रमुख स्थान एसडीएम आवास के सामने, राम जानकी मंदिर, गुरैला तिराहा, रामलीला चौराहा, बोधी बाजार, हनुमत धाम गुलौली, कौटिल्यपुरम, पालन नाथ धाम, टेढे नाथ धाम पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने पूजा अर्चना कर लोगों को प्रसाद वितरित किया है।

## नाव पलटने से युवक की मौत

लखीमपुर खीरी। जनपद के पढुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सेमरा गांव में उस समय मातम पसर गया जब भगहर ताल में नाव पलटने से एक होनहार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम प्रधान मोबीन के 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद कैफ के रूप में हुई है, जो इन दिनों नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था और छुट्टियों में घर आया था। ओर हादसे का शिकार हो गया।

संक्षेप

## 1.5 लाख और सोने की अंगूठियां ले उड़ा चोर

आजमगढ़। जनपद आजमगढ़ के सिधारी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। मऊ जिले के कोपागंज थाना क्षेत्र के शहरोज गांव निवासी गणेश राय ने थाना सिधारी में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पुत्र मंगलेश राय की बारात के दौरान अज्ञात चोर ने 1 लाख 50 हजार रुपये नकद और दो सोने की अंगूठियों से भरा बैग छीन लिया। घटना 1 जून 2025, रविवार की शाम को उस समय हुई, जब बारात हरबंशपुर, आजमगढ़ के एक मैरेज हॉल, परानापुर में पहुंची थी। शिकायत के अनुसार, द्वारपूजा के दौरान बारात आरटीओ ऑफिस से परानापुर रोड पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर बाजे-गाजे के साथ जा रही थी। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति गणेश राय के पास से बैग छीनकर फरार हो गया। गणेश राय ने सिधारी थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि वे एक शांतिप्रिय व्यक्ति हैं और इस घटना से उन्हें गहरा आघात पहुंचा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक चोर की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## सर्प मित्र मुरलीधर को सांप ने डंसा

जौनपुर। जिले के सर्प मित्र और यूट्यूबर मुरलीधर हौसला को जहरीले सांप ने डस लिया है। मंगलवार को जलालपुर क्षेत्र में एक जहरीले सर्प को रेस्क्यू करते समय यह हादसा हुआ। सर्पदंश के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। लोगों ने तुरंत उन्हें जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनका इलाज जारी है। सोशल मीडिया पर उनके ट्विटर मित्र और मुरलीधर हौसला फाउंडेशन के अकाउंट से यह जानकारी साझा की गई। मुरलीधर हौसला को जहरीले सांपों को पकड़ने में विशेष महारत हासिल है। वह सोशल मीडिया के जरिए लोगों को जागरूक करते रहते हैं। वह लोगों को सलाह देते हैं कि जहरीले सांपों से दूर रहें। अगर कहीं सांप दिखे तो उन्हें सूचित करें। वह सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ देते हैं। इस समय वह अस्पताल में गंभीर स्थिति में हैं। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## मुख्य मार्ग पर बना गड्ढा, यातायात बाधित

जौनपुर। जिले के ओलंदगंज कचहरी मुख्य मार्ग पर मंगलवार को सुबह अचानक एक गहरा गड्ढा बन गया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। इस गढढे के कारण वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह जब लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए घरों से बाहर निकल रहे थे, तभी अचानक यह गढढा देखा गया। वाहन चालकों को इसकी वजह से तेजी से ब्रेक लगाने पड़े, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रही। हालांकि, समय रहते स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने इस होल के बारे में अधिकारियों को सूचना दी, और प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक को डायवर्ट किया।

## युवक को ट्रेलर ने मारा धक्का, केस दर्ज

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के राजेपुर कचगांव मुख्य मार्ग पर बीती रात रोड किनारे बाइक खड़ा कर फोन पर बात कर रहे युवक को एक ट्रेलर ने पीछे से धक्का मार दिया उक्त घटना में युवक का सर फट गया। घायल का इलाज शहर के एक निकली चिकित्सालय में चल रहा है राजेपुर कचगांव निवासी डबलू सोनकर ने जफराबाद थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती रात उसका भाई सोहित सोनकर राजेपुर कजगांव रोड पर जोगीबीर बाबा के पास बाइक किनारे खड़ी कर फोन से बात कर रहा था उसी समय एक ट्रेलर ने पीछे से उसको धक्का मार दिया जिसके चलते उसका सर फट गया चोट ज्यादा होने पर युवक को तुरंत शहर के एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह का कहना है कि पीड़ित युवक के भाई की तहरीर पर गाड़ी संख्या के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने किया सोन प्रेरणा बाजार का शुभारंभ



**• सोन प्रेरणा बाजार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री की जायेगी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज कलेक्ट्रेट मोड़ लोढी, रॉबर्ट्सगंज पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए सोन प्रेरणा बाजार का शुभारंभ जिलाधिकारी बद्रीनाथ के द्वारा फीता काट करके किया गया।

पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, उपायुक्त स्वतः रोजगार एवं अन्य जनपदीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने बताया कि सोन प्रेरणा बाजार के खुल जाने से न केवल समूह की महिलाओं को रोजगार सृजन की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त होगा बल्कि इनके द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के बिक्री के लिए एक निश्चित स्थान भी निहित हो रहे हैं। इस दुकान के खुल जाने से समूह द्वारा बनाए गए सभी तरह के उत्पाद आपको एक ही जगह पर उपलब्ध होंगे। जनपद में वर्तमान समय में डेढ़ लाख से ज्यादा महिलाएं समूह से जुड़ी हुई हैं जिसमें से ज्यादातर महिलाएं कोई ना कोई उत्पाद बनाकर स्थानीय बाजार में बेचती हैं। जिसका उचित मूल्य उन्हें नहीं मिल पाता इस दुकान से उनके उत्पादों का उन्हें उचित मूल्य मिल पाएगा और महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के द्वारा बताया गया कि समूह द्वारा बनाए जा रहे सभी तरह के उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मीशो पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के द्वारा व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए कहा गया कि महिलाओं के द्वारा जो भी उत्पाद बनाए जा रहे हैं यह पूरी तरीके से शुद्ध है इन उत्पादों की आपूर्ति जल्द ही पुलिस विभाग के द्वारा आयोजित किए जाने वाले बड़े कार्यक्रमों में कराया जाएगा जिससे कि इन महिलाओं को विभागीय सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त स्वतः रोजगार महोदया ने बताया कि जनपद में समूह के द्वारा 100 से ज्यादा तरह के उत्पाद बनाए जा रहे हैं, हमारा यह प्रयास होगा कि हम समूहों से उच्च क्वालिटी का गुणवत्तापूर्ण बनाए गए उत्पादों को सोन प्रेरणा बाजार पर उपलब्ध करा सके जिससे की न केवल महिलाओं की आमदनी बढ़े बल्कि आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से भी सहायक सिद्ध हो सकेगा।

## भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में किया मजबूतः अरुण सिंह



सोनभद्र। भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राज्य सभा सांसद अरुण सिंह का जनपद सोनभद्र के सर्किट हाउस में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0धर्मवीर तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत चैबे व नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद के नेतृत्व में स्वागत किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि 11 वर्षों का स्वर्णिम कार्यकाल में देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में हर क्षेत्र में विकास हो रहा है।

भारतवासियों का असीम प्यार प्रधानमंत्री को मिल रहा है। कार्यकताओं में उत्साह है कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाएं को जन-जन तक पहुंचाएं एवं उन योजनाओं का उन्हें लाभ दिलाएं। इस अवसर पर पुष्पा सिंह, रुबी गुप्ता, देवेंद्र पांडे, मनीष अग्रहरी, सुनील सिंह, संजय जयसवाल, बलराम सोनी, सभासद विनोद सोनी, अनवर अली आदि मौजूद रहे।

## रमा हॉस्पिटल में 73 मरीजों को मिला निःशुल्क परामर्श



आजमगढ़। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 73 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि इस मौसम में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाएं स्वच्छ पानी और हरी सब्जी का प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 73 महिलाओं का निशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## आंबेडकर पार्क में योगा मंच निर्माण पर विवाद, जुटे बसपाई

आजमगढ़। आजमगढ़ जनपद में शासन के निर्देश पर 15 जून से 21 जून तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसे लेकर नगर पालिका द्वारा कलेक्ट्रेट क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में योगा मंच का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी होने पर बसपा के नेता और कार्यकर्ता इसका विरोध करने लगे। जानकारी के अनुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 15 जून से 21 जून तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके लिए शासन की ओर से नगर पालिका क्षेत्र के तीन पार्कों में योगा मंच के निर्माण का निर्देश दिया गया है। नगर पालिका अधीन आने वाले अंबेडकर पार्क में सोमवार की शाम से नगरपालिका ने योगा मंच के निर्माण का कार्य



शुरू किया। इसकी जानकारी होते ही बसपा के नेता और कार्यकर्ता निर्माण का विरोध करने लगे। इस दौरान कार्यकताओं ने निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे को मिट्टी गिराकर भरने का काम शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर नरेंद्र गंगवार, सीओ सिटी गौरव शर्मा और ईओ नगरपालिका विवेक त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया। पुलिस और प्रशासन के पहुंचने पर कार्यकर्ता डा. बलिराम के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। समाचार लिखे जाने तक बसपा कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं और मौके पर पुलिस बल तैनात है। वहीं नगरपालिका ईओ विवेक त्रिपाठी ने बताया कि शासन की तरफ से नगर पालिका क्षेत्र के तीन पार्कों में योगा मंच के निर्माण का निर्देश मिला है। जिसके क्रम में इसका निर्माण कराया जा रहा है। जो लोग विरोध कर रहे हैं उनसे वार्ता की जा रही है। कार्य जारी है। इस संबंध में डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि शासन के निर्देश पर इस कार्य को कराया जा रहा है। यह एक स्थायी निर्माण है। हमको राजनीति से दूर रखिए। हम शासन के निदेशों का पालन कर रहे हैं।

## समर्थ उपाध्याय को दोहरा खिताब, सनबीम स्कूल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न



आजमगढ़। सनबीम स्कूल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे एवं तीसरे दिन खेले गए फाइनल के नतीजे आ गये और समर्थ उपाध्याय को दोहरा खिताब हासिल हुआ।

इसके साथ ही बालक वर्ग में नव वर्ष से कम आयु वर्ग अंडर-9 के डबलस मे शोहरत और म. असद ने प्रांजल पांडे और स्वर्णिम उपाध्याय को 21-16 से हराया और विजेता बने, 11 वर्ष से कम आयु वर्ग अंडर -11 के सिंगलस मे शिवम्‌ने प्रणवदत्त त्रिपाठी को 21-12 से हराया और विजेता बने, 13 वर्ष से कम आयु वर्ग अंडर -13 के सिंगलस मे समर्थ उपाध्याय ने शिवम को 21-10 से हराया और विजेता बने, 15 वर्ष से कम आयु वर्ग अंडर -15 के सिंगलस में अक्षत सिन्हा ने अक्षत गुप्ता को 21-9 से हराया और विजेता बने, अंडर -15 के डबलस मे मोहद. अली और समर्थ उपाध्याय ने अश्रुत प्रताप सिंह और शिवम्‌को 21-16 से हराया और विजेता बने। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग अंडर-17 के सिंगलस मे प्रशांत पाठक ने मोहद फैसल को 21-15 से हराया और विजेता बने। वहीं बालिका वर्ग में वीमेन सिंगलस मे प्रियंका प्रजापति ने नूतन यादव को 21-14 से हराया और विजेता बनी, वीमेन डबल मे प्रियंका प्रजापति और नूतन यादव ने अनन्या सिंह और गुंजा निषाद को 21-11 से हराया और विजेता बनी। बालक वर्ग 19 वर्ष से कम आयु वर्ग अंडर -19 के सिंगलस मे शशांक पाठक ने उदय प्रताप पांडे को 21-18 से हराया और विजेता बने,~अंडर 19 के डबल मे प्रशांत पाठक और हसन ने गुफरान और हुसैन को 21-17 से हराया और विजेता बने। बालिका वर्ग के परिणाम कुछ इस प्रकार है ~-15 सिंगलस मे शगुन वर्मा ने वंशिका सोनी को 21-11से हराया और विजेता बनी। अतिथिगढ़ का बुके एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत दीप एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष भोला प्रसाद जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ डीपी राय सर्वोदय ग्रुप ऑफ एजूकेशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष पुनीत राय राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी राकेश सिंह अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग धावक अजय कुमार मौर्य ने किया। अतिथिगण सहित सभी के प्रति आभार अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन निर्णायक रहे अजेंद्र राय ने किया। यह जानकारी आयोजन सचिव प्रशांत कुमार गुप्ता ने दिया।

## विकास और अपने हक-हुकूक को लेकर जारी रहेगा संघर्षः अफजल

आजमगढ़। सभासद अपने हक-अधिकारों में इजाफा और नगरीय विकास को लेकर लामबंद नजर आ रहे है। उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन( नगरीय निकाय) के बैनर तले प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला योजना समिति के सदस्य मोहम्मद अफजल की अगुवाई में नगर विकास मंत्री एके शर्मा, सदर सांसद धर्मेंद्र यादव, विधायक दुर्गा प्रसाद यादव, नफीस अहमद, डा संग्राम यादव व एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली आदि को पत्रक सौंपा जा चुका है। अपनी आवाज को और धार देने के लिए लखनऊ के ईको गार्डन में पहुंचकर एसोसिएशन पदाधिकारियो कें साथ-साथ मो अफजल ने विधानसभा के सामने पैदल मार्च किया और दस सूत्री मांग को सीएम दरबार तक पहुंचाया गया। इस दौरान उन्होंने कहाकि अपने-अपने मुहल्ले के विकास का जिम्मेदार सभासद होता है, ऐसे में उसके हाथों को मजबूत करके विकास की चाभी को सभासद के हाथों में दी जाए। अध्यक्ष और सभासद के कार्यशैली में विभिन्नता होने के कारण मुहल्ले का विकास थम जाता है इसी बात को लेकर सभासद अपने अधिकारो में बढ़ोत्तरी चाहता है ताकि सभासद जैसे महत्वपूर्ण पद के पास अपना कोष हो और क्षेत्र में विकास की गंगा बह सकें।

सभासद मो. अफजल ने बताया कि हमारी दस सूत्री मांग पत्र में सभासदों की वार्षिक विकास निधि पैतीस लाख रुपये की जाए, प्रतिमाह सभासदों को 15 हजार रुपया मानदेय मिले, प्रदेश के निकायों में मेयर व चेयरमैन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लागू करने की सुविधा हो, प्रदेश के निकाय में डिप्टी मेयर उपाध्यक्ष, वाईस चेयर मैन का पद बहाल हो, प्रदेश के सभासद के आकस्मिक के निधन पर परिजनों को पचास लाख रुपए मिला, सभासदों को जनता के कार्य से अपने जिला मुख्यालय में आने-जाने हेतु रोडवेज व रेल का निःशुल्क पास पूरे पांच वर्षों तक दिया जाए आदि शामिल है। इसी मांगों को लेकर सभासद आदोलित है और अपनी आवाज तो लगातार शासन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो पुनः हम सड़क से लेकर सदन तक प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## 108 मंगल कलशों के साथ निकाली यात्रा



जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर में श्रीराम लीला कमेटी गुड़हाई द्वारा सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रयागराज से आए कथाव्यास गोवत्स पंडित कृष्ण चाकर की उपस्थिति में वैदिक विधि-विधान से बेदी पूजन के बाद नगर में कलश यात्रा निकाली गई। कमेटी के अध्यक्ष पशुपतिनाथ मुन्ना और सभासद निकुंज ऊमरवैश्य ने भगवान श्री कृष्ण की आरती कर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में पीतांबरधारी महिलाएं 108 मंगल कलश लेकर भगवान श्री कृष्ण का नाम संकीर्तन करती हुई चल रही थीं। कथाव्यास श्री गोवत्स पंडित कृष्ण चाकर रथ पर विराजमान थे। संकीर्तन कर रहे थे। महिलाओं ने घरों की छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हरे राम हरे कृष्ण के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान था। कलश यात्रा मोहल्ला गुड़हाई से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री राम लीला मैदान पहुंची।

## महापुरुषों का अपमान नहीं सहेगा क्षत्रिय समाज



सोनभद्र। मानव जाति के पुनः प्रादुर्भाव से ही जन कल्याण हेतु बनाई गई मनु स्मृति के काल खण्ड से क्षत्रिय सम्पूर्ण धरती पर जीवों की रक्षा हेतु कृत संकल्पित रहे और आज आधुनिक युग मे भी कर्तव्य का पालन कर रहे हैं। इतिहास साक्षी है जब कभी अखण्ड भारतभूमि पर संकट आया तब क्षत्रिय समाज ने अपने प्राणों की आहुति देकर मातृभूमि की रक्षा की है।

सतयुग में ईक्वांक्षु कुल में जन्मे मयार्दा पुरुषोत्तम राजा रामचंद्र से प्रारंभ होकर त्रेता युग मे श्रीकृष्ण, राजा भरत, भगवान बुद्ध, ललितादित्य नागवंशी, बप्पा रावल, मिहिरभोज, चंद्रगुप्त समुद्रगुप्त, पृथ्वीराज चैहान, महाराणा प्रताप, दुगार्दास राठौड़, बन्दा बहादुर, क्षत्रपति शिवाजी महाराज, महाराज सुहेलदेव जैसे अनगिनत महापुरुषों की गौरव गाथा हमारे समाज समेत सम्पूर्ण मानव जाति के लिये सम्मान का विषय है। यदि हम अपने आने वाली पीढ़ियों को अपनी विरासत सौपना चाहते हैं तो उन्हें शिक्षा और संयम का पाठ पढ़ाना पड़ेगा। यदि आज क्षत्रियों का इतिहास हटा दिया जाय तो भारत समेत आधी पृथ्वी का इतिहास शून्य हो जायेगा। उक्त विचार राजपूत करणी सेना के तत्वाधान में आयोजित क्षत्रिय महासम्मेलन में आये वक्ताओं ने व्यक्त किया। सम्मेलन में मुख्य अथिति जशपुर के महाराज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह जूदेव, कुँवरनी जया सिंह जूदेव, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी, विशिष्ट अथिति एमएलसी विनीत सिंह रहे। सम्मेलन से पूर्व करणी सेना के सैंकड़ों सैनिकों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत करते हुए काफिला नगर भ्रमण करते हुए रामलीला मैदान स्थित सम्मेलन स्थल पर पहुंचा।

## हत्या कर लाश फेंकने में महिला सहित तीन गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के थाना लाइन बाजार पुलिस द्वारा रिटायर्ड युवा कल्याण अधिकारी की वाजिद पुर तिराहे के निकट हत्या कर फेकी गयी लाश के घटना का अनावरण करते हुए, हत्या करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अवनीश कुमार यादव पुत्र स्व० रामकृपाल यादव निवासी गभिरन (मैरवा) थाना खुटहन द्वारा तहरीर देकर अभियुक्तों द्वारा उधार का पैसा मांगने पर देने से इन्कार करते हुए विवाद के दौरान उसके पिता रिटायर्ड अधिकारी रामकृपाल यादव की हत्या कर लाश को छिपाने के उद्देश्य से रेड चिल्ली रेस्टोरेन्ट के सामने नाले के किनारे फेंक दिया गया था, इस बारे में धारा - 103(1) 238 बीएनएस थाना लाइन बाजार बनाम लक्ष्मी पत्नी किशन लाल मौर्या, सोनू मौर्या, सुनील मौर्या पुत्र किशन लाल मौर्या निवासीगण सिगरामऊ थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर पंजीकृत किया गया। थाना लाइन बाजार पुलिस द्वारा तीनो अभियुक्तों को मुखबिर सूचना पर कलीचाबाद तिराहा के पास गिरफ्तार किया। अभियुक्ता द्वारा बताया कि मेरे पति पैर से विकलांग हो गये हैं मैं घर का खर्च चलाने के लिये जौनपुर शहर आ गयी। उस दौरान मेरा परिचय रामकृपाल यादव से हो गया और मित्रता हो गयी। मित्रता के कारण मैने उनसे कुछ रुपया ले लिया। रामकृपाल मेरे घर मुझसे रूपया मांगने आये, उसी में वाद विवाद हो गया। मेरे बच्चे सुनील और सोनू भी मौजूद थे और उनकी मौत हो गयी। हम लोग डर गये और रात के अन्धेरे में इसी स्कूटी पर रामकृपाल यादव को बैठाकर मैं व मेरा बेटा सोनू रामकृपाल के शव को जेसीस चैराहे के पास नाले के किनारे फेंक कर अपने घर आ गये।

## शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए शांति समिति की बैठक



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा मंगलवार सर्किट हाउस चुर्क में संयुक्त रूप से आज आगामी त्यौहार गंगा दशहरा व ईदुज्जुहा (बकरीद) को लेकर जनपद में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक की गयी।

इस दौरान जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बैठक में आये सभी धर्मो के सम्मानित नागरिकों व धर्मगुरूओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए इस बैठक में आयें हैं, उसके लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होने सभी उपस्थित धर्मगुरूओं व नागरिकों का आह्वाहन करते हुए अपील की है कि जिस प्रकार विगत वर्षों में सभी धर्मों के लोग आपसी भाई चारे से सभी त्यौहार मिल जुल कर मनाते आ रहे है, आगामी त्यौहार दशहरा, बकरीद को भी उसी तरह से गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखेंगें। उन्होने जनपद वासियों का आह्वाहन करते हुए अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों को प्रसारित करने से बचे और कोई भी इस प्रकार की सूचना यदि उन्हे प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को दे ताकि उस सूचना की जॉच करते हुए उसका निस्तारण कराया जा सके। उन्होने बताया कि शासन से स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि त्यौहारों को पारम्परिक ढंग से मनाया जाये और किसी भी प्रकार की नई परम्परा का आरम्भ न की जाये। उन्होने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशाशी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खास तौर से त्यौहार के समय अपने-अपने क्षेत्रों में पानी, बिजली और साफ सफाई की व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के त्यौहारों का एक ही मकसद होता है कि दूसरों की भावनाओं को आहत किये बिना हर्षोल्लास के साथ त्यौहार को मनायें।

इसी प्रकार से पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि आगामी दिनों में आने वाली बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत सुरक्षा से सम्बन्धित सारी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि सार्वजनिक सड़कों पर नमाज या अन्य किसी प्रकार के कार्य न किये जाये, प्रतिबन्धित जानवरों की कुबार्नी न की जाये, किसी प्रकार की अफवाह फैलाने सम्बन्धी मैसेज प्राप्त होते हैं, तो उसके सम्बन्ध में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को तत्काल अवगत कराया जाये। उन्होने समस्त सम्बन्धित क्षेत्राधिकारियों एवं थाना/चैकी प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिकों एवं पीस कमेटी के सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में भाई चारा, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें।

## हादसे में बाइक सवार दो की मौत



जौनपुर। जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पतहना मोड़ पर मंगलवार को सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रेलर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय अमला यादव और 22 वर्षीय मोहित यादव पुत्र स्व. शंकर यादव, के रूप में हुई है। घायल 19 रेहान अंसारी है। तीनों युवक सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के काजी बाजार पतहना गांव के निवासी थे। बताते है कि 8 जून को अमला यादव की भतीजी की शादी है। उसी सिलसिले में तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर कोठवार बाजार शादी का सामान लेने जा रहे थे। जैसे ही वे पतहना मोड़ के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि अमला यादव और मोहित यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रेहान गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी और घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। डॉक्टरों ने अमला यादव और मोहित यादव को मृत घोषित कर दिया जबकि रेहान का इलाज अस्पताल में जारी है। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया और परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने ट्रेलर को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार ट्रेलर चालक की तलाश कर रही है।

## जिला पंचायत की सड़क का किया उद्घाटन

जौनपुर। विकास खण्ड मछलीशहर के टिकरा गांव में जिला पंचायत के तरफ से बनी सड़क का उद्घाटन पूर्व सांसद धनन्जय सिंह ने एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू के साथ किया। पूर्व सांसद ने उचौरा-गरियांव मार्ग से किसान इण्टर कॉलेज होते हुवे भटेवरा मार्ग के उद्घाटन के साथ बचे 400 मीटर मार्ग को सीसी मार्ग कराने का आश्वासन दिया। कहा कि इस सड़क के बन जाने से आसपास के गांव के लोगों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं को भी काफी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व



सांसद व एमएलसी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क से ग्रामीणों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं का आना जाना होता था। अब इस खड़जे को पक्की सड़क का निर्माण जिला पंचायत की ओर से करा दिया गय उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव को जोड़ने वाली सड़कों को भी आवश्यकतानुसार सीसी कराया जाएगा। डॉ अर्चना शुक्ला, जनार्दन शुक्ला, राजीव सिंह, संतोष मिश्र, रमेश मिश्र, रमेश शुक्ला, कपिलदेव पाण्डेय, दिवाकर प्रसाद, राजेश यादव, दयाशंकर शुक्ल आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर दिव्यांगों को मिलेगी ट्राई साइकिल

जौनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्मदिन पर राजपूत सेवा समिति द्वारा वृक्षारोपण व दिव्यांगों में ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष में 5 जून को प्रातः 7:30 बजे तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज परिसर के तालाब के चारों तरफ लगभग 200 फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा उसके बाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 53 दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का वितरण किया जाएगा ज्ञातव्य है कि राजपूत सेवा समिति द्वारा कलीचाबाद में स्थापित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथो कराया गया था।

# मण्डलायुक्त व डीआइजी ने की बैठक

## सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों, राजस्व तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा




**कुशीनगर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक शिवासिम्पी चन्नप्पा की अध्यक्षता में कुशीनगर पुलिस लाइन सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों, राजस्व तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि त्यौहार के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। सभी स्थानों पर साफ सफाई के साथ स्वच्छ पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। साफ सफाई के साथ साथ अवशेषों के डिपोजल पर भी पैनी निगाह रखे और चिन्हित स्थानों पर अवशेषों का निस्तारण कराये। उन्होंने निर्देशित किया कि पीस कमेटी की बैठकों में रिटायर्ड सेना के जवानों, रिटायर्ड संभ्रांत व्यक्तियों सहित प्राचार्यों विद्यालयों के तथा अन्य सम्भान्त व्यक्तियों को भी बुलाए। आगामी बकरीद इत्यादि त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा त्योहार को सौहार्दपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से मनाये जाने के लिए दिशा निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि पारंपरिक स्थानों पर ही सभी कार्य हों, त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं संप्रदायिक सद्भाव के वातावरण में मनाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

मण्डलायुक्त ने कहा कि बर्ड फ्लू के पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। अगर कहीं भी इस तरह के प्रकरण आते है तो त्वरित कार्यवाही भी करें। उन्होने सभी कार्यालयों एवं थानों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुनने, सौम्य व्यवहार करने तथा शिकायत/समस्या का समाधान अविलम्ब करने एवं महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने तथा महिलाओं की सुरक्षा व सहायता पर विशेष ध्यान देने, मिशन शक्ति/एंटी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय करने, सभी मुख्य बाजार/मार्गों, चैराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने, ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कराने, सोशल मीडिया पर भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने तथा थानों पर महिला हेल्पडेस्क, डॉयल 1090, 112, 108 इत्यादि से जनता को लगातार जागरूक करते हुए प्राप्त निदेर्शों के अनुरूप कार्रवाई करने के संबंध में सभी राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि ट्रांसफार्मर बदलने की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करें, विद्युत से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अगर कहीं आंधी तूफान से लाइन खराब हो रहे तो उसे ठीक कराकर शीघ्र आपूर्ति चालू की जाए। कृषि विभाग की समीक्षा दौरान उन्होंने कहा को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के किस्त न आने की शिकायतों को संज्ञान में लेकर प्रभावी कार्यवाही करें। सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से भी लाभार्थियों को लाभान्वित करें। लंबित आवेदनों का निस्तारण कर सोलर से उन्हें आच्छादित करें। चिकित्सा विभाग की समीक्षा दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सीएचसी पीएचसी पर चिकित्सकों को उपलब्धता समयानुरूप समयानुपात हो। डॉक्टर प्रत्येक स्थिति में पेशेंट को अटेंड करें। बेवजह रेफर न करें। आसपास स्थित दलालों पर भी पैनी निगाह रखे एवं कड़ी कार्यवाही करें। चिकित्सक समय से ओपीडी में बैठे और मरीजों से संवेदनशील व्यवहार करें। नगर निकाय तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहार के दृष्टिगत सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई नियमित रूप से होते रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाये। सभी अधिकारी जनसुनवाई, आईजीआरएस तथा जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें। निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता का फीडबैक भी उच्च अधिकारी अवश्य लें।

## बहुचर्चित पनवारी कांड प्रभावितों से जेल में मिला जाट महासभा का प्रतिनिधि मंडल

जिला संवाददाता (vol)

**आगरा।** दुखद बहुचर्चित पनवारी काण्ड से प्रभावित एव? जिला जेल में निरुद्ध गाँव अकोला ऊदर निवासी 33 बेकसूर लोगों से आज अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला जेल में जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर के नेतृत्व में मुलाकात की और सबकी कुशलक्षेम पूछकर स्वास्थ्य की जानकारी ली।जाट महासभा के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर व युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने कहा है कि लोग अदालत के निर्णय से दुखी है और 4-लोगों को छोड़कर शेष सभी 60 वर्ष से लेकर 95-वर्ष की आयु तक के हैं। महा सभा के पदाधिकारियों ने कहा है कि अधिकांश लोग निर्दोष हैं और यदि पुलिस ने निष्पक्ष तरीके से जाँच की होती तो अदालत का निर्णय यह नहीं होता। जाट महासभा के नेताओं ने कहा है कि जेल में निरुद्ध किसी भी व्यक्ति पर पनवारी प्रकरण के पहले या बाद में किसी भी प्रकार का कोई अपराधिक किस्म का कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है इससे सिद्ध होता है कि कोई भी व्यक्ति अपराधिक प्रवृक्ति का नहीं है और इस प्रकरण में थानाध्यक्ष कागारौल ने अपनी तरफ से रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जाट महासभा के नेताओं के साथ प्रभावितों के परिजन भी थे और 95-वर्षीय देवी सिंह और लगभग 80-वर्षीय सम्पत सिंह ने तो किसी से भी मिलायी नहीं की। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है अनेक लोग सांस ,शुगर और ब्लडप्रेशर की बीमारी से भी प्रभावित हैं। जाट महा सभा के नेताओं ने कहा कि अदालत का निर्णय कुछ भी रहा हो लेकिन सामाजिक भाई चारा कायम है और रहेगा। गाँवों में आज भी दौनों समुदायों के लोग आपसी प्रेम भाव से रह रहे हैं। जाट महासभा के प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी थे। प्रतिनिधिमंडल में जाट महासभा के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर, युवा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.मान सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख),जिला महामन्त्री वीरेन्द्र सिंह छौंकर , उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह राणा, चौ नवल सिंह , व चौ जगदीश सिंह ,युवा जाट महासभा के जिला उपाध्यक्ष राहुल चौधरी व चौ सुनील सिंह,शौर्येन्द्र चाहर एवं राष्ट्रीय लोकदल की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र बघेल, पूर्व ब्रज क्षेत्र महासचिव डा नेत्रपाल सिंह,सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चौ बाबूलाल प्रधान, महा सचिव चौ मांगे लाल, इन्द्रपाल चाहर,अमित सोलंकी, आदि थे।

- हर सम्भव मदद का दिलाया भरोसा

## डीएम की पहल, सुलह योजना से सुलझेंगे बंटवारे के प्रकरण



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की विशेष पहल पर जनपद देवरिया में ₹सुलह योजना₹ का शुभारंभ किया जा रहा है। यह योजना 4 जून 2025 से आगामी एक माह तक जिले की समस्त तहसीलों में संचालित की जाएगी। योजना का उद्देश्य बंटवारे से संबंधित न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण करना है। सुलह योजना के अंतर्गत एसडीएम न्यायालयों में लंबित बंटवारे के वादों की सुनवाई संबंधित स्थलों पर जाकर की जाएगी और पक्षकारों की उपस्थिति में आपसी सहमति से समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से न केवल वर्षों से लंबित पारिवारिक विवादों का निपटारा किया जाएगा, बल्कि समाज में शांति, सौहार्द और परस्पर विश्वास को भी बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि बंटवारे के विवाद अक्सर केवल संपत्ति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि परिवारों के बीच संबंधों में खटास का कारण भी बनते हैं। इस योजना के माध्यम से पारिवारिक एकता को पुनः स्थापित करने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक स्थिर एवं सहयोगपूर्ण वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत से विवाद केवल संवाद की कमी और आपसी समझ के अभाव में वर्षों तक खिंचते रहते हैं, जबकि थोड़े से प्रयास से इन्हें सुलझाया जा सकता है। जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस योजना का लाभ उठाएँ और 4 जून 2025 से संबंधित तहसील में आवेदन प्रस्तुत करें। वाद संख्या तथा पक्षकारों की जानकारी के साथ किया गया आवेदन योजना के अंतर्गत प्राथमिकता से लिया जाएगा। इस अभिनव पहल से जनपद देवरिया में सामाजिक समरसता और पारिवारिक सौहार्द का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा।

## साइबर गैंग का पर्दाफाश, 5 करोड़ की सम्पत्ति बरामद

**कुशीनगर।** साइबर अपराधों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को जिले के खड्डा पुलिस, स्वाट व साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना खड्डा क्षेत्र से 04 संगठित साइबर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए साइबर अपराधियों में रंजीत उर्फ अविनाश यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी तुर्कहा थाना खड्डा, विवेक यादव पुत्र कमला यादव ग्राम तुर्कहा थाना खड्डा, अमित पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मथौली बाजार थाना कप्तानगंज व विनोद यादव पुत्र कमला यादव निवासी तुर्कहा थाना खड्डा शामिल है। पुलिस ने बताया कि इनके कब्जे से 05 करोड़ रुपये तक की सम्पत्ति, वाहन, कैश आदि की बरामदगी की गई है। पुलिस द्वारा बरामद की गई सामानों में लगभग 20 लाख रुपये से अधिक आभूषण (सोने, चादी एवं हीरे), करोड़ों के जमीन के कागजात, बीट क्वाइन, दुकान के कागज, दो चार पहिया वाहन (बेलेनो, स्कार्पियों), दो मोटर साइकिल, 13 मोबाइल फोन, भारी मात्रा में सिम (नेपाली/भारतीय), कूचरचित दस्तावेज आदि है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 0238/25 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 111(2) बीएनएस व 66 (सी व डी) आईटी एक्ट थाना कप्तानगंज व बढोत्तरी धारा 338, 336(3), 340(2), 111 (2) बीएनएस व 66 (सी) आईटी एक्ट, मुअसं 172/25 धारा 318(4), बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट थाना खड्डा तथा बढोत्तरी धारा 467/ 468/ 471 भादवि व 66 (सी) आईटी एक्ट, मुअसं 173/25 धारा 420 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट थाना खड्डा में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकरण में 107 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों द्वारा साइबर अपराध से अर्जित धन से बनाये गये सम्पत्ति को कुर्क कर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**साइबर अपराधियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया :** अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है। इस संगठित गिरोह ने अपने सदस्यों के साथ मिलकर लोगों को लालच देकर उनके खाते आनलाईन व मैनुअल खुलवाकर विभिन्न राज्यों एवं देशों में बैठे शातिर साईबर ठगों को उनके खातों को बेचकर काफी धन अर्जित करते है। ये धन बैंक अकाउण्ट एवं बीट /कृपटों क्वाइन में प्राप्त करते है। फर्जी सिमों की सहायता से उनके आनलाइन अकाउण्टों को अपने कमाण्ड में ले लेते है तथा साइबर फ्राड कर उससे अर्जित धनों का आनलाईन निर्गतीकरण कर अन्य खातों में रूपयो का स्थानान्तरण कर देते है, गैंग में अपने प्रतिशत के अनुसार अर्जित अवैध धन का बंटवारा कर देते है तथा जनता के लोगो को छल व कपट से उनके अंगूठे का कूटरचित फिंगर/डोंगल का क्लोन उनकी बिना जानकारी के इस्तेमाल कर उक्त खातो में अवैध धन का ट्रान्जेक्शन करते है। इसके अतिरिक्त टेलीग्राम ऐप्प में आईडी लागिन कर ऐप्प के हजारों ग्रुप में जुडकर कार्पोरेट एकाऊंट की रिकवेस्ट चाईनीज गेमिंग कम्पनियो में जुआ खेलाने व मोटा मुनाफा कमाने का लालच देते हुए खाताधारकों के खातों को उन कम्पनियों को बेच देता है। भारत वर्ष के भिन्न भिन्न प्रदेशों से जुडे जनता के लोग टेलीग्राम ऐप्प के माध्यम से उक्त संगठित गिरोह के छल व कपट में फंसकर चाईनीज गेम कम्पनियों में मौजूद भिन्न भिन्न जुआ गेम कैटेगरी में मोटा पैसा लगा देते है। औसतन बेचे हुए एक खाते का 4 दिन में करीब 2 करोड रुपए का लाभ होता है जिसका 6 प्रतिशत रूपया अमूमन 12 लाख का वितरण इनके द्वारा फजीर्वाड़े से किया जाता है।

## थाई मंदिर में महारानी के जन्मदिन पर हुई विशेष पूजा, किया संघ दान



**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध स्थली कुशीनगर के बुद्ध मार्ग स्थित थाई मंदिर में थाइलैंड की महारानीथाई महारानी सूथीदा बीरा सुधाबीमालाक्षाना के 46 वें जन्मदिन पर भारत नेपाल के चीफ धम्म दूत फरात बोदी योंग के अगुआई में भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध का पूजन अर्चन किया और महारानी के सुखद दीघार्यु जीवन की कामना की।

मंगलवार की सुबह थाई मॉनेस्ट्री के प्रमुख डॉ फ्रा सोम पोंग के निर्देशन में भिक्षुओं ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में धम्म पाठ के साथ तथागत बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और स्तूप की परिक्रमा की। थाई मोनेस्ट्री के मुख्य मंदिर में थाइलैंड की महारानी सूथीदा के सुखद जीवन के लिए विशेष पूजन किया। इस अवसर पर भिक्षु पी सों क्रान, भिक्षु डॉ पी कितिफान, भिक्षु पी नरोंग, भिक्षु पी समिट, भिक्षु पी बुन मा, भिक्षु पी पविन, भिक्षु भंते महेंद्र, भंते शील प्रकाश, भंते शनि, भंते अशोक, भंते यशपाल, भत्ते राजेंद्रा, भंते सागरा, भंते मैत्री, ओमप्रकाश कुशवाहा, गौतम शर्मा, विवेक कुमार गोंड मौजूद रहे।

### सलेमपुर-लार बाईपास मार्ग के एक हिस्से पर 4 से 20 जून तक यातायात प्रतिबंधित

**देवरिया।** अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लोनिवि, देवरिया अनिल कुमार ने बताया कि सलेमपुर-लार मार्ग वलार बाईपास मार्ग के चैनेज 7.300 से 9.300 तक के हिस्से में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य शासनादेश द्वारा स्वीकृत किया गया है। निर्धारित खंड में निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस खंड में मार्ग को डिस्मेंटल कर उच्चीकरण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के सुचारु संचालन हेतु उक्त खंड पर 4 से 20 जून 2025 तक यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यातायात प्रभावित अवधि के दौरान वाहनों के सुगम आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग के रूप में रामजानकी मार्ग, लार टाउन मार्ग तथा शहीद कैप्टन आयुष्मान सिंह मार्ग का उपयोग किया जा सकेगा।

## भक्त ध्रुव के जन्म और प्रभु से मिलन तक की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**भटन(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम नोनापार मे चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दुसरे दिन कथावाचक पंडित घनश्यामान्द ओझा जी महराज ने भक्त ध्रुव के जन्म से लेकर प्रभु मिलन की कथा सुनाकर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध। कथा का शुभारंभ करते हुए घनश्यामान्द ओझा जी महराज कहा कि कपिल भगवान के दो पुत्र हुए एक उत्तानपाद और दुसरा प्रियव्रत ।उत्तानपाद का अर्ध होता है पैर उपर सिर नीचे । ऐसा सभी प्राणियों मे होता है । उत्तानपाद का विवाह सुनिति से हुआ ।पहली पत्नी ने कहा कि हम सन्तान नही दे सकती ।आप दुसरी विवाह कर ले ।महराज जी ने कहा कि पहली पत्नी की ही धर्मशास्त्र मे मान्यता है ।राजा ने कहा कि क्यों सौत लाना चाहती हो ।सुनिती ने कहा कि हम सौत नही बहन व दासी बनकर सेवा करुंगी। ओझा जी महराज ने कहा कि पति को पतन से बचाने के लिए एकही पत्नी काफी है और पत्नी की सर्वांगीण विकास व सुरक्षा एकही पति कर सकता है । इसलिए प्रकृति व पुरुष से कभी भरोसा नही उठाना चाहिए ।फिर उत्तानपाद का दुसरा विवाह सुरुचि से हुआ ।महल मे आते ही बोली यह कौन है राजा ने बताया कि मेरी पहली पत्नी सुनिती है ।यह सुनकर सुरुचि ने कहा कि एक राज्य मे दो महारानी नही रह सकती ।इसलिए इसे पुस की झोपड़ी जंगल मे बनाकर वही छोड दीजिए ।सुनिती जंगल मे चली गयी ।उत्तानपाद भी दुसरी पत्नी से खिन्न होकर कुछ सैनिकों के साथ जंगल के तरफ चले गये ।जब जंगल मे पति के पदचाप सुनाई दिया तो झोपडी का दरवाजा खोलकर बाहर आकर पति की सेवा की वही रहने लगे ।कुछ दिन मे एक ही समय सुरुचि व सुनिती के पुत्र हुए । एक बार अपनी माता से उनका पुत्र पुछा की हमारे पिता कहा है तो पर्वत की चोटी से किला दिखाई पुत्र पिता से भेंट करने इच्छा जताई माता कि आज्ञा पाकर राजमहल जाकर पिता की गोद मे बैठ गया ।यह बात सुरुचि को अच्छा नही लगा और ध्रुव को थप्पड़ मारकर कहा कि बैठना हो तो भगवान से प्रार्थना कर ।ध्रुव महल से भगवान की खोज मे निकल गया ।वही रास्ते मे नारद जी मिले ।जिसे गुरु मानकर गुरु मंत्र लेकर घनघोर जंगल मे तपस्या करने लगा अन्त मे भक्ति से प्रसन्न होकर प्रभु आते ही ध्रुव को गोद मे बैठा लिया ।प्रभु ने कहा कि जो माँगना था वो आप मुझे दे दिये पिता की गोद मे बैठने के लिए तप किया ।जिसे संसार के पिता अपने गोद मे बैठा ले तो और क्या मांगना। इस अवसर पर आयोजक पंडित गंगेश्वरनाथ तिवारी सोमनाथ तिवारी के अलावे भारी संख्या मे श्रोता उपस्थित रहे ।

संक्षेप

### रिश्वत लेने का आरोपी लेखपाल निलंबित

**देवरिया।** एसडीएम बरहज विपिन द्विवेदी ने बताया कि राजस्व निरीक्षक की जांच आख्या के आधार पर तहसील बरहज में तैनात लेखपाल सूरज कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित लेखपाल सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कथित रूप से एक व्यक्ति से कार्य के बदले रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन ने लेखपाल सूरज कुमार सिन्हा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। एसडीएम ने बताया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 महंथ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा - महंथ) रौनक चौराहे पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी सनउवर अंसारी के जन्मदिन पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। सोमवार की शाम को आयोजित पौधरोपण के अवसर पर कसया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत यादव ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। स्वच्छ और मनोरम वातावरण के लिए पौधारोपण के प्रति हमें जागरूक होना होगा तभी पृथ्वी पर जीवन की रक्षा होगी। सुखा और बेतहाशा गर्मी से लोग परेशान हैं। इसके लिए सघन पौधरोपण के प्रति जागरूक होना होगा। पर्यावरण संतुलित होगा और बारिश होगी। इसी क्रम में सभी ने केक काटा और सपा नेता श्री अंसारी को हैप्पी बर्थ डे बोलकर जन्मदिन की बधाई दी। समाजसेवी रौनक सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कॉलेज का नाम बदलने का संकट टला

**आगरा।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के स्तर से वैसी कोई घोषणा नहीं हुई, जैसी कि आगरा कॉलेज का नाम बदले जाने की चर्चा थी। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या आगरा कॉलेज का नाम बदले जाने जैसी बात टल गई है या फिर वह प्रस्ताव अभी भी जीवित है, जिसमें नाम बदले जाने की वकालत की गई है। यह सवाल इसलिए बना हुआ है क्योंकि मुख्यमंत्री ने कल आगरा में भाषण के दौरान यह भी कहा था कि जल्द ही अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित बड़ा कार्यक्रम आगरा में होगा। तो क्या आगामी कार्यक्रम यह अनुमान लगाने को काफी है कि शासन स्तर पर अभी भी यह प्रस्ताव सक्रिय विचार में है। क्या यह प्रस्तावित कार्यक्रम पूरी तरह सांस्कृतिक होगा या इसमें संस्थानों का नामकरण भी शामिल होगा, यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन इतना संकेत मिल रहा है कि यह मामला अभी समाप्त नहीं हुआ है। आगरा कॉलेज का नाम बदलने की सुगबुगाहट तब शुरू हुई जब यह जानकारी सार्वजनिक हुई कि आगरा कॉलेज का नाम लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर कॉलेज रखने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसकी खबर मिलते ही कॉलेज स्टाफ क्लब के बैनर तले सभी शिक्षक विरोध में आ खड़े हुए। कॉलेज स्टाफ क्लब ने उसी दिन प्राचार्य प्रो. सीके गौतम और औटा ( डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि पूर्ववर्ती आगरा विवि टीचर्स एसो.) के महासचिव संजय कुमार मिश्रा ने मंडलायुक्त और कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह को विरोध-पत्र सौंपकर कहा कि आगरा कॉलेज की 200 वर्षों से अधिक पुरानी ऐतिहासिक और शैक्षणिक पहचान से छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी। आगरा कॉलेज के शिक्षकों का कहना था कि आगरा कॉलेज मात्र एक नाम नहीं, बल्कि आगरा की ऐतिहासिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक है। वर्ष 1823 में स्थापित इस संस्थान का स्वतंत्रता संग्राम, समाज सुधार व आधुनिक शिक्षा आंदोलनों से गहरा नाता रहा है। शिक्षक समुदाय ने नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को को अनुचित, अव्यावहारिक और संस्थान की विरासत के विरुद्ध बताया था। आगरा कॉलेज का नाम बदलने के प्रस्ताव का विरोध एक तरफ शिक्षक खुलकर कर रहे थे तो दूसरी ओर सोशल मीडिया पर भी यह प्रस्ताव विरोध के स्वरों के साथ छाया रहा। यहां तक कि तमाम लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए प्रधानमंत्री ऑफिस और यूपी के मुख्यमंत्री ऑफिस तक अपना विरोध दर्ज कराया। माना जा रहा है कि विरोध के स्वर संज्ञान में आने के बाद ही मुख्यमंत्री कल आगरा में इसकी घोषणा से बचे। हालांकि जैसी चचाएँ थीं कि जीआईसी ग्राउंड के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आगरा कॉलेज के नाम को बदलने की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इससे विरोध करने वालों ने अस्थायी राहत की सांस ली, लेकिन मुख्यमंत्री का यह कहना कि बहुत जल्द आगरा में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित बड़ा कार्यक्रम होगा, नए कयासों को जन्म दे गया है।

## पांडेयपट्टी ड्रेन पर बना पुल का पाया क्षतिग्रस्त, दुर्घटना की बनी आशंका

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के पिपरा कनक से होकर हसनपुरा गांव जाने वाली पांडेयपट्टी ड्रेन पर बना पुल का पाया क्षतिग्रस्त हो गया है। बरसात शुरू होने वाला है पुल गिरने का डर राहगीरो को सता रहा है। इस मार्ग से सैकडो गांव के लोग व वाहनो का आना जाना रहता है। भारी वाहन जाने से पुल कंपन कर रहा है जिससे आशंका है कि कोई बड़ी दुर्घटना न हो जाये ।ग्रामीणों ने पुल की तत्काल मरम्मत की मांग की है।

ड्रेन पर बने पुल से जोगिया, करमहा, नरहवा, अमवा महंथ, मठिया आदि गांव के लोग हसनपुरा होते हुये पिपरा कनक,करजहा, मीरबिहार, बरइपट्टी आदि गांव आते जाते है ।क्योंकि यह ड्रेन गांव की चवर से होकर गुजरती है। इस ड्रेन पर लोगों के आवाजाही और खेती किसानी के लिये पुल का निर्माण कराया गया था। लेकिन पुल बनाने के बाद इस पुल का बीच का पाया क्षतिग्रस्त हो गया। जो करीब पांच साल बाद आधा ज्यादा ईंट से बना पाया गिर चुका है ।पुल आधे बचे पाया पर ही ठिका हुआ है पुल से कोई भारी वाहन या टैक्टर ट्राली गुजरती है तो यह कंपन करने लगता है। प्रतीत होता है कि यह पुल धराशाही हो जायेगा।

ग्रामीण जियाउल रहमान, सतीश यादव, कामोद कुमार, जय नरेंद्र यादव, हरीश कुशवाहा, रउफ वारसी, तंजीर अहमद आदि का कहना है कि अगर इस पुल का जीणोद्धार नही हुआ तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बाढ़ खंड के अवर अभियंता रमेश यादव ने बताया कि उनका विभाग केवल ड्रेन की सफाई करता है। निर्माण कार्य जिम्मेदारी उनकी नही है। इसकी सूचना संबंधित विभाग को दे दी गयी है।

## मिलावटी खाद्य तेलों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में विशेष अभियान संचालित



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निदेर्शानुसार सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय), देवरिया विनय कुमार सहाय द्वारा दिए गए दिशा-निदेर्शों के क्रम में देवरिया जनपद में मिलावटी खाद्य तेलों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र के नेतृत्व में अभिसूचना आधारित कार्रवाई करते हुए मोहन रोड, देवरिया स्थित थोक खाद्य प्रतिष्ठानों से वनस्पति तेल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल एवं रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल के एक-एक नमूने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संग्रहित किए गए। इसके अतिरिक्त, सिविल लाइन, देवरिया स्थित एक खाद्य प्रतिष्ठान से रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल तथा सलेमपुर तहसील के नवलपुर चौराहे से रिफाइंड पामोलीन ऑयल का एक-एक नमूना एकत्र किया गया। इसी क्रम में रुद्रपुर बाजार से खाद्य तेलों के तीन नमूने लिए गए। इस प्रकार कुल 9 नमूने संग्रहित किए गए हैं। इस दौरान 20 कि.ग्रा. लड्डू को नष्ट कराया गया। अभियान में विशेष सचल दल के रूप में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद्र, श्रीराम यादव, घनश्याम वर्मा, मानवेंद्र कुमार तथा राजू पाल की सक्रिय सहभागिता रही।

## सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित

- आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें त्योहार
- प्रतिबंधित श्रेणी के पशु की न हो बलि : जिलाधिकारी



**देवरिया।** पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में आज डीएम दिव्या मित्तल एवं एसपी विक्रांत वीर की उपस्थिति में आगामी गंगा दशहरा, बकरीद एवं जगन्नाथ रथ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परंपरा को बनाए रखते हुए त्योहारों को आपसी तालमेल व भाई-चारे के साथ मनाने की अपील की।

डीएम ने कहा कि बकरीद के अवसर पर नमाज ईदगाह और मस्जिद के भीतर क्षमता अनुसार ही पढ़ा जाए। बाहर सड़क पर नमाज पढ़ने से बचें। किसी भी दशा में प्रतिबधिंत पशुओ की कुबार्नी नही की जाये। सार्वजनिक स्थानों पर भी कुबार्नी पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कुबार्नी के पश्चात अवशेषों के उचित निस्तारण करने का निर्देश दिया। कोई भी नई परंपरा प्रारंभ करने की अनुमति नहीं होगी। डीएम ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की घृणित व कुत्सित विचारधारा को प्रोत्साहन देने पर कठोर कार्यवाई की जायेगी। सोशल मीडिया की निगरानी विशेष रुप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई शरारती तत्व शान्ति व्यवस्था को भंग करने वाली किसी भी प्रकार की अफवाह फैलायेगा, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

एसपी विक्रांत वीर ने कहा गया कि त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन की तैयारियां पुख्ता है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पुलिस की तैनाती की जायेगी। पुलिस नियमित रूप से गश्त कर रही है। पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के संबंध में अगर कोई मामला संज्ञान में आये तो तुरन्त प्रशासन से संवाद स्थापित करें, पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल समस्या का निदान किया जायेगा। इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, अपर डीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह, एएसपी सुनील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम श्रुति शर्मा, एसडीएम रुद्रपुर हरिशंकर लाल, एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव, एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी एवं धर्मिक गुरु व गणमान्यजन उपस्थित थे।

### आगरा मेट्रो अफसरों पर भड़के सांसद नवीन जैन

**आगरा।** आगरा में पर्यावरण संरक्षण की तमाम कोशिशों को उस वक्त गहरी चोट पहुंची जब मेट्रो परियोजना के नाम पर दर्जनों परिपक्व वृक्षों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। इस पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व महापौर नवीन जैन ने तीखा विरोध जताते हुए मंडलायुक्त को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों पर विधिक कार्रवाई की मांग की है। नवीन जैन ने अपने पत्र में कहा है कि उनके महापौर कार्यकाल के दौरान नगर निगम व समाजसेवियों के सहयोग से आगरा शहर को हराभरा बनाने के लिए एम.जी. रोड, माल रोड, फतेहाबाद रोड समेत कई क्षेत्रों में हजारों पेड़ लगाए गए थे। ये पौधे अब छायादार वृक्ष बन चुके थे, जो शहर की पहचान और पर्यावरण संतुलन का आधार थे। लेकिन अफसोस की बात है कि मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की आड़ में इन्हें बेरहमी से काट दिया गया।

## डीएम से मिलकर सड़कों, सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमण से कराया अवगत

**दुदही, कुशीनगर।** सोमवार को भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता मनोज कुंदन ने जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर से उनके कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मनोज कुंदन ने डीएम को दुदही की सड़कों, सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने तथा सीताराम स्कूल मार्ग पर हुए अतिक्रमण और अधुरे सड़क निर्माण को तत्काल पुरा करने की आवश्यकता से अवगत कराया। पत्रक देने के बाद मनोज कुंदन ने कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई वार्ता से दुदही के विकास में जो बाधाएं है उनके समाधान की उम्मीद जगी है ।मिनी स्टेडियम, जलापूर्ति, जलनिकास, सार्वजनिक भूमि के संरक्षण तथा सीलिंग की भूमि को बचाने की जरूरत से अवगत कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर स्थलीय सत्यापन करने तथा सीताराम स्कूल मार्ग की पैमाइश करने के लिए टीम गठित करने का आदेश जारी किया गया। बताते चलें कि दुदही नगर पंचायत की प्रमुख सड़कों में शामिल सीताराम स्कूल मार्ग काफी व्यस्त मार्ग है जिससे बरसात में गुजरना काफी दुष्कर होता है। इस सड़क का निर्माण अधुरे रहने से बरसात के मौसम में लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है ।इसे देखते हुए मनोज कुंदन ने पहल की है।

संक्षेप

## अधूरे ओवरब्रिज को देख डीएम नाराज

हरगांव (सीतापुर)। सीतापुर-लखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरगांव में बन रहे रेलवे क्रासिंग 99 पर पिछले 8वर्षों से बन रहे ओवरब्रिज का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यदायी संस्था को 15 जून तक पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया। लखीमपुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे क्रासिंग नं. 99 पर विगत आठ वर्षों से बन रहे ओवरब्रिज का औचक निरीक्षण करने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर नाराजगी जाहिर की। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को आगामी 15 जून तक कार्य पूर्ण कर एक लेन चालू करने का अल्टीमेटम दे दिया।

## पुत्र की मौत की खबर सुनकर मां का बुरा हाल

पाटन उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में स्थानीय तकिया मेला निकट ककरारी गांव के सामने रात लगभग 11बजे मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पाटन निवासी शैलेंद्र कुमार उर्फ मोनू 30 पुत्र सुरेश सोमवार रात लगभग 11 बजे निमंत्रण से मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था। राजमार्ग 31 पर जैसे ही उसकी बाइक ककरारी गांव के सामने पहुँची अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। टक्कर से इतनी तेज थी कि शैलेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। शैलेंद्र अपने मां-पिता की अकेली संतान थी। पिता पुत्र दोनों कास्मैटिक की दुकान छोटे-छोटे मेलों में करते थे तथा परिवार चलाते थे इस समय जनपद रायबरेली के भीतरगांव स्थित आनंदी देवी मंदिर मेला में कॉस्मेटिक की दुकान लगाए हुए थे। 2 जून को दुकान से घर वापस आने के बाद निमंत्रण के लिए गया था। देर रात निमंत्रण से वापस अपने घर पाटन लौट रहा था और अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई पुत्र की मौत की खबर सुनकर मां कुंता देवी व परिवारीजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा का पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## थाने में पीस कमेटी बैठक का आयोजन

हरगांव (सीतापुर)। बकरीद के त्यौहार को देखते हुए शांति कमेटी की बैठक का आयोजन थाना परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए सीओ सदर दिनेश शुक्ला ने कहा कि किसी भी प्रकार के विवाद से बचें, सोशल मीडिया पर चल रही किसी भी अफवाहों पर ध्यान ना दें। कुबानी करते समय किसी को दिक्कत ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। अवशेष इधर-उधर ना फेंके जाएँ। किसी भी विवादित स्थिति की सूचना पुलिस को दें कानून को हाथ में ना लें। जिम्मेदार नागरिकों का फर्ज है कि वह सतर्क रहें दूसरों को भी सतर्क करें तथा जो परम्परा गत कार्य होते हैं वहीं कार्य करें। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम सदर अभिनव यादव सभी लोग भाईचारा व सौहार्दपूर्ण से त्यौहार मनाये। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार पांडे, अपराध कस्बा इंचार्ज लल्ला गोस्वामी, अमर जीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खान, परवेज आलम, व राजेश्वरी देवी सहित तमाम ईदगाह व मस्जिदों के इमाम व प्रधान गण उपस्थित रहे।

# विधायक ने नव निर्माण पुल का किया विधिवत नींव पूजन



जिला संवाददाता(vol)

पहला (सीतापुर)। शारदा सहायक नहर पर बने जर्जर हो चुके हुसैनपुर पुल का नव निर्माण को लेकर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य ने पुल पर विधिवत पूजा अर्चना कर नींव पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पुल बहु प्रतीक्षित पुल काफी समय से जर्जर हालत में थे। इसके बनने से आने जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। ये पुल इसी सत्र में बनकर तैयार हो जायेगा।

पुल की अलग लागत करीब साढ़े चार करोड़ हैं। पुलों का निर्माण यूनाइट इंटर प्राइजेज द्वारा किया जा रहा है। दोन पुल की अलग अलग लंबाई करीब 140 मीटर और चौड़ाई साढ़े सात साढ़े सात मीटर है। गौरतलब है कि इसके पूर्व बने जर्जर पुलों की चैड़ाई साढ़े तीन मीटर थी। इस मौके पर विधायक आशा मौर्य, पहला भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय तोमर, कमलेश तिवारी, दीपू शुक्ला, संजय वर्मा, अंकुश राज विश्वकर्मा, जय कारण वर्मा, जयप्रकाश मौर्य, अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार, सहायक अभियंता अरुण वीर जूनियर इंजीनियर विशाल यादव कुमार अवर अभियंता संजीव सहित तमाम क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## अखिल भारतीय मानवाधिकार समिति के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता(vol)



बिसवां नगर (सीतापुर)। कान फोडू हॉर्न व मोडिफाई साइलेंसर से नागरिकों को होने वाली असुविधा के सम्बन्ध में अखिल भारतीय मानवाधिकार समिति के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष रफी अहमद की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम मनीष कुमार को सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बिसवां नगर व आसपास के क्षेत्र में कुछ अराजक तत्व व दबंग किस्म के नवयुवक अपनी बुलेट मोटरसाइकिल को मोडिफाई कराकर तथा गाड़ियों के साइलेंसर निकालकर कान फोडू आवाज वाले हॉर्न बजाते हैं। बिसवां नगर से निकलने वाले भारी वाहनों द्वारा प्रतिबंधित तेज ध्वनी वाले हॉर्न बजाये जाते हैं। जिस कारण दिल के मरीजों समेत बुजुर्ग महिलाओं, बच्चों को अत्यधिक परेशानी होती है। इस समस्या से कई बार दिल की बीमारी से पीड़ित लोगों को अस्पताल तक जाना पड़ चुका है। स्थानीय प्रशासन इस ओर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। ज्ञापन के माध्यम से इस समस्या पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी है। इस अवसर पर जिला महासचिव खुर्शीद अहमद, जिला सचिव तौहीद आलम, सह कार्यालय प्रभारी गौरव कुमार, मो० सुहैल, मो० जुनैद, जमील, नदीम सिद्दीकी, प्रीतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# छात्रा आरूषी ने चलाया अनोखा अभियान



लखनऊ/सीतापुर । साइकिल भले ही दो पहियों की सवारी हो, लेकिन इन पहियों में इतनी ताकत होती है कि वो गरीबो और पिछड़े इलाके में तरक्की की रफ्तार भी बढ़ा सकती है। इस बात को बेहतर तरीके से समझा सीतापुर के कस्ब कमलापुर में रहने वाली छात्रा आरूषी तिवारी ने।

आरूषी आज अपने सोसायटी और मित्रो की मदद से दूर दराज से आने वाली स्कूली बच्चियों को साइकिलें बांट रही हैं। उनकी कोशिशों का असर है कि बहुत से लोग भी इस नेक काम को करने के लिए आगे आ रहे हैं। आरूषी ने काम को विस्तार देने के लिए साइकिल रीसाइकिल नाम से इस प्रोजेक्ट की सोशल साइड के जरिये शुरूआत की है, जिसके बाद सीतापुर , लख से भी लोग मदद करने के लिए आगे आ रहे हैं।

आरूषी बताती है कि उन्होने देखा कि स्कूल में साथ मे पढ़ने के लिए आने वाले बच्चे ना सिर्फ कई किलोमीटर दूर से पैदल आते थे, बल्कि इन बच्चों के परिवार वालों के पास इतने पैसे भी नहीं होते थे कि वो बच्चों को साइकिल खरीद कर दे सके । ऐसे में गर्मी हो या बरसात में बच्चे पैदल ही कई किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल आते है । यह देख कर आरूषी ने अपने परिजनोंको और मित्रो और दूसरे कुछ लोगों से बात की और उनसे कहा कि हमारे यहाँ रहने वाले सम्पन्न परिवार के बच्चे कुछ दिन अपनी साइकिल चलाने के बाद यूँ ही छोड़ देते हैं ऐसे में अगर दूर गांवो से पढाई के लिये आने वाले उन बच्चों को वो साइकिल मिल जाएगी तो उनकी जिंदगी में भी रफ्तार आ सकती है। इसके बाद आरूषी ने उन लोगो से मिल जिनके यहा ऐसी साइकिलें हैं जिनको कोई भी इस्तेमाल नहीं करता और वो यूं ही कबाड़ बनते जा रही हैं। जिसके बाद इन लोगो से ऐसी 5 खराब साइकिलें उनको मिली थी उनको ठीक कराने में हर साइकिल पर 300 से बारह सौ रुपये का खर्चा आया। इस तरह सबसे पहले 11 मार्च को साइकिलें ठीक करने के बाद कमलापुर कस्बे के राजा कालेज की बच्चियो को साइकिल दान में दी। और अपने प्रोजेक्ट का नाम रखा साइकिल रीसाइकिल। आरूषी बताती है इसके बाद लोगों की सराहना मिलने लगी तो उनका उत्साह भी बढ़ने लगा। इसके बाद एक बार फिर अलग-अलग सोसायटी से 47 पुरानी साइकिले जुटाई और उन्हे ठीक कराकर उन्हे उन बच्चों को दी जिनको इनकी ज्यादा जरूरत थी।

## बड़े मंगल पर जीआरपी ने कराया भंडारे का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। ज्येष्ठ महीने के चौथे बड़े मंगल पर उन्नाव जीआरपी प्रभारी अरविंद पांडे द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें तमाम यात्रियों व रेलवे कर्मचारियों ने प्रसाद का आनंद लिया।

मंगलवार को ज्येष्ठ माह का चौथा बड़ा मंगल था इस महीने के सभी मंगलवार को विशेष माना जाता है। मान्यता है कि इस महीने भगवान राम और हनुमान जी का मिलन हुआ था। उन्नाव स्टेशन परिसर में बने मंदिर में जीआरपी द्वारा चौथे बड़े मंगल पर हनुमान जी की पूजा पाठ करने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे में हजारों की संख्या में यात्रियों समेत रेलवे के कर्मचारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के प्रसाद में पूरी, सब्जी, बूंदी की व्यवस्था की गई थी। भंडारे सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा। इस मौके जीआरपी प्रभारी अरविंद पांडे समेत जीआरपी के कई पुलिसकर्मी प्रसाद का वितरण करते रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

सिधौली (सीतापुर)। खनन की मिट्टी लेकर जा रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने काजी कोला मोड़ के पास एक 65 वर्षीय बुजुर्ग साइकिल सवार को कुचल दिया। बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सिधौली कोतवाली क्षेत्र के काजी कोला गांव निवासी राम प्रसाद 65 पुत्र गुप अपनी साइकिल से जा रहे थे। तभी काजी कोला गांव मोड़ के पास खनन की मिट्टी लादकर सिधौली की तरफ आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी और उनको कुचलते हुए निकल गया। जिससे रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। फिर भी पुष्टि के लिए सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस बुलाकर भेजवाया। सिधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने भी उनकी मौत की पुष्टि कर दी। सिधौली कोतवाली पुलिस स्टेशन को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की।

सोमवार की देर रात सिधौली महमूदाबाद मार्ग पर सिंह नाम के निकट अज्ञात वहां की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार सिधौली कोतवाली क्षेत्र के बिलरिया गांव निवासी संजय 30 वर्षीय पुत्र हरद्वारी अपनी मोटरसाइकिल से सिधौली की तरफ से महमूदाबाद की तरफ अपने गांव बिलरिया वापस जा रहे थे। तभी सिंहनामऊ गांव के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय गांववासियों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## राजधानी मार्ग पर बड़े मंगल पर पिलायी शर्बत



शुक्लागंज उन्नाव। कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी श्रद्धालु के मद्देनजर रखते हुए शिव मानव सेवा समिति के बैनर तले राजधानी मार्ग धोबिन पुलिया के समीप बैसवारा सर्विस सेंटर वर्षों की भांति राशन कलेक्शन सेंटर कार्यालय का उद्घाटन करते हुए आचार्य देवेंद्र कुमार मिश्र उर्फ बबलू पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सर्वप्रथम गणेश जी का पूजन अर्चन करने के पश्चात अमरनाथ शिव बाबा जी का विधिवत सांस्कृतिक विचारधारा से श्रद्धा पूर्वक पूजन अर्चन करने के पश्चात कार्यालय का उद्घाटन कर एवं जेठ के चतुर्थ मंगलवार को बजरंगबली जी का श्रद्धा पूर्वक पूजन अर्चन करने के पश्चात राजधानी मार्ग स्टाल लगाकर शरबत प्रसाद वितरण किया गया इसके पश्चात प्रतिदिन प्रातः काल सायंकाल पूजन अर्चन करने के पश्चात शिव आरती के दौरान प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं कार्यालय खुलने के पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बों ग्रामीणों क्षेत्रों व जनपद प्रदेशवासियों से राशन कलेक्शन कार्यक्रम जारी रखते हुए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंद्रह जून को डीसीएम ट्रक द्वारा राशन सामग्री 14 वाँ बालटाल पार्किंग गेट नंबर-1 पर विशाल भंडारे का राशन सामग्री प्रस्थान होगा एवं प्रस्थान करने के पूर्व शिव मानव सेवा कार्यकताओं द्वारा पूरे कस्बों में जय कारे नारे लगाते हुए भूखे को अन्न प्यासे को पानी हर हर महादेव अमरनाथ की जय घोष दोपहिया वाहनों से भ्रमण करने के पश्चात जगह-जगह स्वागत किया जाएगा एवं वर्षों की भांति कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी श्रद्धालुओं मरीजों के लिए दो मेल काश्मीर ऊपर स्वास्थ्य मेडिकल कैंप तथा बालटाल पार्किंग गेट नंबर वन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिससे वर्षों की तर्ज पर कार्यकताओं द्वारा राशन कलेक्शन एकत्रित कर ट्रकों द्वारा कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी श्रद्धालुओं के लिए प्रस्थान किया जाएगा इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश गुप्ता गोल्डी, बॉबी पांडे, मनोज यादव ,रज्जन सिंह बैसवारा पत्रकार ,अजय तिवारी, संजय सिंह, उदय पांडे, कमल वर्मा राजू सोसायटी अविनाश बाजपेई, राहुल सप्रू शिवा सचान शिव कुमार अग्निहोत्री, अनिल रश्मि आदित्य कुमार विपिन छोटू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाचार कवरेज करने गये पत्रकार को कोटेदार और उसके पुत्रों ने पीटा

सेउता (सीतापुर)। जहां एक ओर सरकार द्वारा कवरेज के दौरान पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर शक्त कानून बनाये जा रहे है। वहीं दूसरी तरफ पत्रकारों पर हमला होने की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। आये दिन पत्रकारों पर हमले हो रहे है और जिनके कंधो पर कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी है आज वो भी मौन है। जिसका ज्वलंत उदाहरण थाना क्षेत्र रेउसा में देखने को मिला है। थाना क्षेत्र के ग्राम तमोलिनपुरवा के मुकेश कुमार पुत्र चन्द्रिका प्रसाद अखबार व एक चैनल के पत्रकार है। मुकेश कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि सूचना मिली कि रमुवापुर के भग्गू पुत्र सुबराती कोटेदार के सरकारी गल्ले की दुकान पर कोटेदार द्वारा खुलेआम घटतौली की जा रही है। कार्ड धारकों को कोटेदार द्वारा राशन तौलने के बाद, कार्ड धारक की बोरी से एक कटोरा राशन कम दिया जा रहा है। मैं कवरेज करने गया और घटतौली के सम्बन्ध में पूछा और वीडिओ बनाने लगा तो भग्गू कोटेदार व भग्गू कोटेदार का लड़का फरमान दोनों मिलकर मुझे वीडिओ बनाने से मना किया। फरमान ने मेरा मोबाइल छीन लिया दोनों ने मुझसे हाथापाई की तथा मुझे मारा पीटा और मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा तुम्हे झूठे केस में जेल करा दूंगा। जो करना होकर लेना कोटेदार ने ये भी कहा कि तुम्हारे जैसे पत्रकार बहुत आते हैं। मुकेश कुमार ने यह भी बताया कि मुझे सबके सामने अपमानित किया गया। जिसकी लिखित तहरीर पुलिस को दे दी गई है। अब देखना यह है कि पुलिस पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाती है य फिर पीड़ित पत्रकार को न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

## बाइक सवारों ने बस चालक और सहयोगी पर किया हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

सिधौली (सीतापुर)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिवहन निगम की बस के आगे-आगे जा रहे बाइक सवार ने बस को साइड नहीं दी। काफी मुश्किल से ओवरटेक करने के बाद जब बस चालक का बाइक सवार युवक को टोका तो नाराज बाइक सवार ने अपने साथियों के साथ मिलकर बस चालक व उसके सहयोगी पर हमला कर दिया। पिटाई में चालक और उसका सहयोगी गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद यात्रियों ने एक हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना मंगलवार दोपहर की है जब सगौरी फंटा से सीतापुर होते कैसरबाग डिपो के बस चालक कुलदीप व कंडक्टर सर्वेश चैरसिया सवारियों से भरी बस को लेकर लखनऊ जा रहे थे। इसी दौरान खैराबाद थाना क्षेत्र निवासी सहयोगी चालक जोगेंद्र पुत्र ब्रज किशोर भी साथ था। जो डियूटी पर जा रहा था बताया जा रहा है कि सिधौली के पास हाईवे पर लापरवाही से बाइक चला रहे एक युवक को चालक कुलदीप ने साइड लेने को कहा। इस पर युवक भड़क गया और कुछ दूर आगे जाकर अपने साथियों को बुलाकर बस रुकवाकर चालक कुलदीप और सहयोगी जोगेंद्र पर हमला कर दिया। यात्रियों ने शोर मचाया तो हमलावर भागने लगे। इसी दौरान मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर निवासी करण नामक एक युवक को यात्रियों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। घायल जोगेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिधौली में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अन्य हमलावरों की तलाश में जुट गई है।

## हनुमानगढ़ी प्रांगण में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के पावन अवसर पर नैमिषारण्य तीर्थ स्थित हनुमानगढ़ी के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उनके



द्वारा प्रभु का पूजन अर्चन किया गया। साथ ही साधु संतों बटुकों व भक्त गणों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि प्रभु के श्री चरणों में आज हम सब प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं प्रभु से राष्ट्र के कल्याण एवं सभी देशवासियों की संपन्नता की कामना करता हूं। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक रामकृष्ण भार्गव, निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को भंडारे का आयोजन



उन्नाव। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार होने के उपलक्ष्य मे सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के अचलगंज नगर पंचायत मे पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही, भगवान बजरंगबली के दर्शन के लिये आये हजारों श्रद्धालुओ की भारी भीड़ रही भंडारे मे दूर दराज से हजारों लोग व राहगीरो ने भंडारे का प्रसाद पूड़ी सब्जी व सर्बत ग्रहण किया। इस मौके पर मानवेन्द्र सिंह, आर के सिंह मामाजी, रोहित सिंह पूर्व प्रधान, मैनेजर सिंह, राघवेंद्र सिंह, मयंक पटेल, जुगराज सिंह, कमलेश यादव, आशु सिंह, गोलू सिंह, संदीप यादव, पंकज सिंह, मोहम्मद सलीम, रौनक कुशवाहा, छोटू, चौरसिया, दीपक सिंह व थाना अचलगंज के पुलिस प्रशासन के पुलिस कर्मी भी उपस्थिति रहे।

## हनुमान चालीसा पाठ के बाद बांटा प्रसाद

उन्नाव। गदनखेड़ा बाईपास स्थित होटल विशाल पैलेस एवं मैक्स पालिक्निक में भक्तों द्वारा जेठ के चौथे मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया



गया। इस भव्य आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद में शरबत, कड़ी, चावल, ग्रहण किया। और भक्ति भाव से सियाराम और हनुमान जी के जयकारे लगाए। भंडारे के दौरान होटल परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा। इस आयोजन के प्रमुख रूप से होटल के मालिक कमलेश वर्मा, विमलेश वर्मा, डॉक्टर प्रियंका वर्मा, होटल जीएम वी.के.गोस्वामी और सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।

# चौथे बड़े मंगलवार को बार एसोसिएशन ने कराया भंडारा

जिला संवाददाता



सीतापुर। बार एसोसिएशन सीतापुर ने ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बडे. मंगलवार के पावन अवसर पर बार एसोसिएशन सीतापुर के सभागार में सुन्दरकाण्ड पाठ का तथा भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। जिसमें भगीरथ वर्मा, आजाद शाह, महेन्द्र वर्मा, ज्ञान प्रकाश, शैलेन्द्र प्रकाश वर्मा, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्तागण जिसमें वी0के0सिंह एडवोकेट, मुकुल मिश्र, विनोद कुमार सिंह, अरविन्द मोहन मिश्र, अरबिन्द मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, घनश्याम सिंह, वी0के0 पाण्डेय, विमल मोहन मिश्रा, बुद्धि प्रकाश मिश्र, सपना त्रिपाठी, आरती राय, हेमलता श्रीवास्तव, सविता, नेहा कुलसुम, वी0के0 राय, राजेन्द्र कुमार भट्ट, पुनीत शुक्ला, सुबोध कुमार, शैलेन्द्र मिश्रा बडकऊ, प्रेम नरायण शुक्ला, गिरीश मिश्रा, गिरीश पाण्डेय, देवेन्द्र मिश्रा, राम कृष्ण तिवारी आदि अधिवक्तागण शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी व महासचिव दिनेश कुमार त्रिपाठी, राम प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष, कुलदीप पाण्डेय, आशुतोष बाजपेयी उपाध्यक्ष आदि पदाधिकारियों द्वारा सम्पन्न कराया गया।

बिसवां नगर संवाददाता के अनुसार ज्येष्ठ मास के चैथे बड़े मंगल पर नगर में विभिन्न जगहों पर हनुमत भक्तों ने मिलकर भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरित किया। जिसमें देर शाम तक सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सीतापुर रोड पर गुरुद्वारा के सामने सोनी किन्नर व उनके सहयोगियों के द्वारा छोला चावल, रोडवेज बस स्टॉप के निकट जलकल परिसर नंबर एक पर नगर पालिका ईओ नीलम चैधरी, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल व पालिका के कर्मचारी जेई समरा सईद, आर आई आशीष यादव, सफाई निरीक्षक सौरभ शुक्ला, अजीत सिंह, आशीष सिंह, आशीष श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह वर्मा द्वारा छोला चावल वितरित किया। इसके अलावा नगर में अन्य स्थानों पर भी भंडारा आयोजित किये गये। इसी प्रकार बिसवां बार एसोसिएशन बिसवां व बिसवां लायर्स एसोशिएशन बिसवां के संयुक्त तत्वाधान में ज्येष्ठ माह के चुतुर्थ मंगलवार को तहसील परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल जज बिसवां कुँवर दिव्यदर्शी, उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, बि.ला.ए. अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेयी, बि.बा.ए अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव सत्य प्रकाश सिंह शीलू आदि ने भगवान श्रीराम, बालाजी महाराज एवं नीम करौरी बाबा के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन के साथ किया। इसके उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी, उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी और नायब तहसीलदार विनोद शर्मा आदि अतिथियों ने पूजन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में रसिक बिहारी गुप्ता, सुरेश मौर्या, बृजेश नारायण गुप्ता सहित बिसवां बार एसोसिएशन एवं बिसवां लायर्स एसोसिएशन दोनों बार एसोसिएशन के काफी संख्या में अधिवक्ता, न्यायिक व राजस्व कर्मचारी, वादकारी और आमजन उपस्थित रहे।

## चौथे मंगलवार को तहसील सहित मंदिरों में हुआ भंडारा



जिला संवाददाता(vol)

सिधौली (सीतापुर)। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर ज्येष्ठ माह के चैथे मंगलवार को कस्बा से लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भगवान बजरंगबली के नाम की मन्दिरों से लेकर सड़कों किनारे गूंज रही जगह-जगह भारी संख्या भक्तों द्वारा सुन्दरकाण्ड व आरती कर भंडारों के आयोजन किए गये। कस्बा के मंसा पूर्ण हनुमान मंदिर सहित पवन पुत्र के मंदिरों में सुंदरकांड व आरती की गई। सिधौली के तहसील रोड स्थित शहीद स्मारक पर लेखपाल संघ द्वारा आयोजित भंडारे में उपजिलाधिकारी राखी वर्मा, तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा, नायाब तहसीलदार आलोक कुमार आदि ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर भंडारे का शुभारंभ किया। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के सामने पुलिस विभाग द्वारा एक विशेष पूरी सब्जी के भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार व कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही ने भगवान बजरंगबली की प्रतिमा का पूजा अर्चन कर भंडारे की शुरूआत कराई।

# महुआ के पेड़ से लटका मिला था राहुल का शव

## परिजनों ने लगाये हत्या के आरोप, घण्टाघर पर किया प्रदर्शन



ललितपुर। घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में नामजद लोगों पर राजीनामा के लिए लगातार दबाव बनाते हुये धमकाने और शिकायतकर्ता का शव कुछ दिनों बाद खेत में लगे महुआ के पेड़ से लटका मिलने के मामले में कार्यवाही करने की फरियाद लेकर पीड़ित पक्ष मंगलवार को मुख्यालय पहुंचा। यहां घण्टाघर पर महिलाओं ने परिजनों के साथ जमकर प्रदर्शन किया। रोते-बिलखते हुये महिलाओं ने जिला प्रशासन व पुलिस से न्याय की गुहार लगायी, तो वहीं पुलिस अधिकारियों ने किसी प्रकार पीड़ित पक्ष को समझाया। परिजनों का आरोप है कि उनके पुत्र की हत्या की गयी है, जबकि पुलिस द्वारा यह मामला आत्महत्या का बताया गया है।

थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम तिलहरी में रहने वाले मर्दन सिंह पुत्र भगवानदास यादव ने पुलिस अधीक्षक के नाम तहरीर पुलिस को दी है। तहरीर में बताया कि बीती 30 अप्रैल को गांव की रात जण्डैल यादव पुत्र सरवर ने उसके घर में घुसकर महिलाओं से छेड़छाड़ की थी। चीख-पुकार मचने पर उसके भाई व भाभी ने जण्डैल को पकड़ लिया और उसके पास से तौलिया, कपड़ा, मोबाइल व आधार कार्ड छीन लिया था। मामले की सूचना जखौरा पुलिस को दी गयी थी। जिस पर पुलिस ने जण्डैल के खिलाफ 3 मई को बीएनएस की धारा 74 व 333 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की। आरोप है कि मामले में गांव के प्रधान ने आरोपित युवक का साथ दिया, जिसके चलते उक्त लोग पीड़ित के रिश्तेदार के यहां पहुंच कर राजीनामा का दबाव डालने लगे थे। बताया कि 6 मई को उक्त लोग उसकी भाभी के मायके पहुंचे और वहां शिकायतकर्ता राहुल से राजीनामा कराने की बात कहने लगे। इसके एवज में उक्त लोगों ने 2 लाख रुपये भी देने की बात रखी, लेकिन बात यहां नहीं बनी। बताया कि 7 मई को उक्त लोगों ने प्रधान के हस्तक्षेप की बात कहते हुये राहुल के साथ अप्रिय घटना कारित करने की बात कही। आगे बताया कि राहुल बीती 8 मई को अपनी मां व भाभी से निमंत्रण में जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। अगले दिन गांव की महिला मंजेश ने परिजनों को सूचना दी कि राहुल का शव खेत में लगे महुआ के पेड़ से लटका हुआ है। पीड़ित पक्ष ने इस प्रकरण में राहुल की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। इसी मामले में कार्यवाही न होने के चलते आज घण्टाघर पर उन्होंने प्रदर्शन किया।

घण्टाघर पर थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत रहने वाले कुछ लोगों द्वारा प्रदर्शन करने की सूचना मिली थी। इस पर कोतवाली पुलिस ने दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया और पुलिस के आश्वासन पर उक्त लोग संतुष्ट हो गये और अपने घर चले गये। यह मामला आत्महत्या का मामला है। अजय कुमार, सीओ सिटी

संक्षेप

### फांसी पर लटका मिला युवती का शव, मिला सुसाइड नोट

ललितपुर। थाना नाराहट अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री ने बीती 2 जून को 5.30 बजे घर में मान से दुप्पटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री के पास से एक कागज में सुसाइट नोट मिला है। इस दो पन्नों के सुसाइड नोट में उसकी पुत्री ने अपनी मृत्यु का कारण इन्द्रपाल, दिपू, मुली व भगुन्ती को बताया। पीड़ित ने बताया कि सुसाइड नोट के अनुसार बीती 31 मई शनिवार को वह संध्या करने गयी थी तो गांव के अस्सु अहिरवार ने उसे रोका और आगे कार्यवाही न करने की बात कहते हुये पिता व भाई के साथ मारपीट करने की बात कही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### साहस का परिचय देने पर पुलिस कर्मी सम्मानित



ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रान्तर्गत उ.प्र. शासन की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण के दौरान 25 मई 2025 को देवगढ़ जंगलों के बीचो-बीच स्थित बौद्ध गुफा के पास मधुमक्खियों के झुंड द्वारा निरीक्षण करने वाले अधिकारियों पर अचानक हमला कर दिया गया था, जिससे मौके पर भगदड़ मच गई थी। सीडीओ कमलाकांत पांडे के गनर के पद पर तैनात का.चन्द्रपाल बघेल द्वारा साहसिक एवं प्रशंसनीय कार्य किया गया। मधुमक्खियों के अचानक हमले की स्थिति में उन्होंने अद्वितीय सूझबूझ, साहस एवं तत्परता का परिचय देते हुए अपने वरिष्ठ अधिकारी को गंभीर संकट से सुरक्षित बाहर निकाला।का.चन्द्रपाल बघेल नियुक्ति रिजर्व पुलिस लाइन्स द्वारा आरक्षी चंद्रपाल के इस सराहनीय कार्य की प्रसंशा की गयी एवं 25 हजार रुपये का नगद इनाम व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम सिलगन में आयोजित

ललितपुर। जिले में बीती 29 मई से 12 जून तक चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत सिलगन में दिगम्बर जैन मंदिर के पास कृषि विभाग कार्यक्रम प्रभारी कृषि प्राविधिक सहायक मोनल जैन ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग से आये अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा गांव के किसानों को संबोधित कर विस्तृत जानकारी दी गई। आईजीएफआरआई से आए डा.आर.के.अग्रवाल द्वारा संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, पराली प्रबंधन, चारे फसल उत्पादन, बीज उत्पादन की जानकारी दी। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र से खिरिया से आये डा.दिनेश कुमार तिवारी ने किसानों को संबंधित कर फसल विविधिकरण, प्राकृतिक खेती, खरीफ फसल उत्पादन तकनीक, पशु पालन विभाग से डा.अग्रवाल द्वारा पशुओं को रोगों से बचाने के तरीके, पशु आहार, कृषि विभाग से एसएमएस डा.विकास मंडलोई द्वारा बीज, भूमि शोधन, एनपीएसएस एप, कृषि रक्षा रसायन की राजकीय गोदाम पर उपलब्धता, सहायक कृषि अधिकारी जखौरा धीरज कुमार वर्मा द्वारा विभाग की समस्त योजनाओं में कृषि यंत्रीकरण, सोलर फेंसिंग, बीज वितरण की विस्तृत जानकारी, बीमा कंपनी के कार्मिक द्वारा बीमा की विस्तृत जानकारी दी।

## सड़क सफाई वाहनों को विधायक अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी



बांदा। नगर को साफ सुथरा बनाकर उच्च पायदान पर लाने के लिये नगर पालिका परिषद ने प्रत्येक वार्ड के साथ-साथ शहर की मुख्य सड़को को धूल मुक्त करने के लिये स्वीपिंग मशीन एवं जे0सी0बी0 बैको लोडर को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू एवं अधिशाषी अधिकारी श्रीचन्द्र ने पूजन के बाद हरी झण्डी दिखाकर सफाई अभियान का शुभारम्भ किया। महाराणा प्रताप चैक मे अभियान का शुभारंभ करने के बाद सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील की, कि नगर पालिका परिषद द्वारा चलाये जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहन का सदुपयोग कर घरो से निकलने वाले कचरे को दो भागों में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग कर कचरा वाहन में हरे एवं नीले भाग में ही डाले ताकि सड़क पर फैलने वाले कचरे से होने वाली गंदगी से नगर को बचाया जा सके और नगर स्वच्छ एवं सुन्दर बन सके। नगर की सड़को को साफ करने के लिये स्वीपिंग मशीन के द्वारा कचड़े के साथ-साथ धूल से लोगों को राहत मिले, इसके लिये सरकार स्वच्छता पर विशेष ध्यान दे रही है। नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू ने बताया कि निकाय पर केवल 31 डोर-टू-डोर वाहन उपलब्ध है जिससे सम्पूर्ण नगर में डोर-टू-डोर कचरा लिया जा रहा है साथ ही उन्होने शहरवासियों से अपील की है कि अपने घरों का कचरा डोर-टू-डोर वाहनों पर ही डाले। अधिशाषी अधिकारी श्रीचन्द्र ने प्रतिष्ठान मालिको से अपील की, कि प्रतिदिन निकलने वाले कचरे को पृथक-पृथक कर कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा डाले। कचरे को सफाई उपरान्त शहर के मार्गो पर न फैलाएं। और इसे साफ एवं स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी की है। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, सभासद, प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारियों मौजूद रहें।

### अधिकारी लक्ष्य प्राप्ति को समन्वय से करें कामः डीएम



बांदा। जिलाधिकारी ने आकांक्षी विकास खंडो में संचालित विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को संस्थागत प्रसव में वृद्धि लाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए साथ ही सभी प्राइवेट अस्पतालों में संस्थागत प्रसव की सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई निजी अस्पताल इस निर्देश का पालन नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध रजिस्ट्रेशन निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी जेवरीभा ने वीएचएनडी दिवस को और अधिक प्रभावी ढंग से आयोजित करने तथा टीवी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड कमासिन में ष्हर घर नल जल योजनाष्की प्रगति पर असंतोष जताया और सुधार के निर्देश दिए साथ ही कमासिन में फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की स्थिति को बेहतर बनाने हेतु बीएसएनएल के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नेटवर्क की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करें। भूगर्भ जल अभियान के तहत प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने एवं पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ शीघ्रता से पहुंचाने की बात कही। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी माया शंकर, डीएसटीओ व अन्य अधीकारी मौजूद रहे स

### वाहनों के विरुद्ध संयुक्त अभियान, 100 का चालान, 3 सीज



बांदा। यातायात सुरक्षा अभियान के तहत सोमवार को कचेहरी चैराहा में परिवहन व पुलिस विभाग के संयुक्त अभियान में सघन अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन नही करने वाले एक सैकड़ा वाहनों का चालान हुआ और तीन वाहन सीज किए गये। अभियान के दौरान डग्गामार वाहनों, बसों, दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट न लगाने, तीन सवारी बैठाने, मोबाइल इयरफोन पर बात करने और चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने के साथ ही काली फिल्म चढ़े होने, नो पार्किंग पर वाहन खड़ा करने तथा यातायात सुरक्षा साधनों, मानकों का प्रयोग न किए जाने के तहत पीटीओ रामसुमेर यादव, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। डीएम के निर्देश पर जिले में यातायात सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए गये थे कि कोई भी वाहन अनधिकृत रूप से न चलने पाए। जिले में यातायात व्यवस्था व सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस द्वारा 26 मई से 4 जून तक ई-रिक्शा वाहनों के सत्यापन का अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को बाबूलाल चैराहा मैदान प्रांगण में 1500 से अधिक ई-रिक्शा वाहनों का सत्यापन यातायात टीम ने किया। इस दौरान यातायात प्रभारी संजय मिश्रा, उप निरीक्षक त्रिलोकीनाथ पांडेय व पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उन्होने शहर में चल रहे ई-रिक्शा संचालकों से अपील की, कि वह अपने रिक्शे का रजिस्ट्रेशन और आधार कार्ड की प्रति लाकर आसानी से सत्यापन करा लें, यह अभियान 4 जून तक चलाया जा रहा है और यह आगे भी बढ़ाया जाएगा। उन्होने महिलाओं से अपील की, कि जो अकेले ई-रिक्शा पर सफर करती हैं वह जिन रिक्शों पर सत्यापन का टैग नंबर लगा हुआ है उसी पर बैठने का प्रयास करें और उसका टैग नंबर याद रखें।

### पुलिस ने पकड़ा ट्रैक्टर, 6 मोटरसाइकिल, दो गिरफ्तार

बांदा। थाना चिल्ला पुलिस ने अंतर्जनपदीय ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अवैध तमंचा, चोरी का टैज्क्टर, 6 मोटरसाइकिल, पार्ट, तीन बैटरियां और 10,500 रुपये बरामद किए हैं। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते यह कार्रवाई की गयी है। बीती रात थाना चिल्ला पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली, कि घूरा रोड के पास कुछ लोग टैज्क्टर लेकर घूम रहे हैं और चोरी करते हैं। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान इनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। कड़ाई से पूंछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह दोनो एक अन्य साथी विक्रम निषाद उर्फ शेरा निवासी डिघवट जिसे 3 मई को चोरी के आरोप में थाना पैलानी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था के साथ मिलकर चोरियां करते हैं। यह टैज्क्टर उन्होने जनपद हमीरपुर के थाना सुमेरपुर क्षेत्र से चुराए हैं। चिल्ला क्षेत्र में भी 23 जनवरी व 15 फरवरी को चोरी की है। इसके अलावा फतेहपुर, हमीरपुर, चित्रकूट व बांदा में अनेक स्थानों से मोटरसाइकिल व बैटरी भी चोरी की है। आरोपियों की निशादेही पर चोरी की 6 मोटरसाइकिल व तीन बैटरियां बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश निषाद पुत्र मेवालाल, कृष्ण कुमार पुत्र राम प्रसाादद निषाद निवासी डिघवट थाना चिल्ला हैं। इनके विरूद्ध कई मुकदमें पहले से ही दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामदिनेश तिवारी, उत्कर्ष सिंह, अनिल कुमार रॉय, हेड कां0 भूपेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार व रवीन्द्र कुमार रहे।

## जल कथा जल के प्रति जन जागरण का एक अनोखा प्रयास



ललितपुर। जल साक्षरता बढ़ाने और समुदाय की भागीदारी को प्रेरित करने के उद्देश्य से जल सहेली फाउंडेशन के द्वारा एक विशेष पहल जल कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह पारंपरिक कहानी कहने की शैली में जल संरक्षण पर केंद्रित कार्यक्रम है जिसका आयोजन तालबेहट में स्थित मानसरोवर झील के किनारे किया जा रहा है। यह झील लगभग 600 एकड़ में फैली हुई है और हजारिया महादेव मंदिर के पास स्थित है। जल यात्रा के दौरान इस झील को चिन्हित किया गया और इसके पुनर्जीवन का संकल्प लिया गया है। इस पुण्य आयोजन की प्रेरणा हैं बुंदेलखंड की जल सहेलियां, जो केवल समाज सेविका नहींए बल्कि जल धर्म की वाहिका है। उनकी तपस्या और संकल्प ने इस कथा को जन्म दिया। जल कथा के दौरान श्रमदान कथा के दौरान सबसे पहले जल सहेलियों समुदाय और स्थानीय लोगों के द्वारा श्रमदान किया जायेगा। यह श्रमदान हजारिया महादेव मंदिर के समीप स्थित मानसरोवर झील में किया जायेगा। मानसरोवर झीलए तालबेहट की एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। जिसका जल कभी इतना शुद्ध और मीठा था कि स्थानीय लोग इसे पीने में भी प्रयोग करते थे। समय के साथ झील में पूजा.पाठ की सामग्री और कचरा डाले जाने से इसका पानी प्रदूषित होने लगा है।

## बकरीद व गंगा दशहरा को लेकर पुलिस रहे सतर्क : एसपी

कानून व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर एसपी ने गूगल मीटिंग कर दिये निर्देश



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना व शाखा प्रभारियों के साथ अपराध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में जूम मीटिंग संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मीटिंग में एसपी ने समस्त क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर, पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित कर शासन के आदेशों-निदेर्शों से सभी को अवगत कराये। प्रतिबन्धित पशुओं की कुबार्नी नही दी जायेगी तथा परम्परागत स्थानों पर ही कुबार्नी दी जायेगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा पूर्ववत चिन्हित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया पर रखी जा रही सतर्क दृष्टि, कुबार्नी की फोटो, वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट न करे। संवेदनशील स्थानों पर क्यू.आर.टी. तैनात रहेगी, अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्यवाही की जाये। गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत स्नान घाटों पर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती, गोताखोरों एवं सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जाये। स्नान घाटों पर सादे-वस्त्रों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगायी जाये, साथ ही एण्टी-रोमियों टीम भी सक्रिय रहे। जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों को प्रतिदिन जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया। कानून-व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक थाना क्षेत्र में शराब के ठेकों, ढाबों, हाईवे पर अधिक से अधिक संख्या में गुणवत्तापूर्ण सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा उनकी चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। निरोधात्मक कार्यवाही अन्तर्गत धारा 126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत प्रभावी रूप से नियमानुसार करवाना सुनिश्चित करें। माफियाओं व अपराधियों का सत्यापन करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। लूट, डकैती, चोरी, छिनैती की घटनाओं के रोकथाम हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों के अंतर्राज्जीय बोर्डर पर बैरियर लगाकर सघन चैकिंग करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो की प्रतिदिन समीक्षा कर, उनका उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आवेदक की समस्या का शत-प्रतिशत निराकरण कराना सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ता से शत -प्रतिशत फीड बैक लेना सुनिश्चित करें।

## ग्रामों में वाईफाई के लिए मोबाइल टॉवर्स का निर्माण करायें : डीएम




बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीती शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में उत्तराखण्ड सीमावर्ती ग्रामों, पीएम जनमन और वर्तमान में किये जा रहे ग्रामों के भ्रमणों/निरीक्षणों /चैपालों में दिये गये निदेर्शों का अनुपालन तथा मालन नदी का कायाकल्प की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती 18 गांवों को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, सफाई कर्मी नियुक्त नहीं है, वहां शत प्रतिशत रूप से कार्मिकों को तैनात करना सुनिश्चित करें ताकि विकास की प्रगति किसी भी स्तर पर प्रभावित न होने पाए। उन्होंने राजस्व अधिकारीयों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए वहां खेल का मैदान, पार्क, आंगनबाड़ी केंद्र, सार्वजनिक शौचालय आदि आम लोगों के उपयोग के लिए निर्माण कार्य कराएं ताकि सभी ग्रामवासी लाभान्वित हो सकें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि सीमावर्ती सभी गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टंकियों का निर्माण कराएं और उक्त कार्य में पाइप लाइन बिछाने में क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों को मानक के अनुरूप ठीक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान की संतुष्टि की आख्या के बाद ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में जंगली जानवरों के दाखिल होने की समस्या है, वहां फैंसिंग का कार्य कराते हुए सुरक्षा की अतिरिक्त व्यवस्था कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जंगल के रास्तों पर सोलर पैनल द्वारा प्रकाश की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने टेलीफोन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सीमावर्ती सभी ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क एवं वाईफाई की समस्या के स्थाई समाधान के लिए आवश्यकतानुसार मोबाइल टावर्स का निर्माण कराएं। उन्होंने कृषि, जल निगम, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया किया कि सभी गांवों में रोस्टर बना कर कैंपों का आयोजन करें और पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें शासकीय योजनाओं से आच्छादित करें ताकि सीमावर्ती सभी गांव विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकें।

## संगठन ने ईद पर सफाई व पेयजल व्यवस्था की मांग को लेकर ईओ को ज्ञापन सौंपा



स्योहारा, बिजनौर। मानवाधिकार न्याय सुरक्षा संगठन के युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ रईस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ईद के त्योहार पर नगर में साफ-सफाई और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को लेकर मांग की गई। मानवाधिकार न्याय सुरक्षा संगठन की ओर से अधिशासी अधिकारी विजेंद्र पाल सिंह को दिये गए ज्ञापन में कहा गया कि 07 से 09 जून तक बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा, जिसमें नगर में लगातार तीन दिनों तक कुबार्नी का सिलसिला चलता है। ऐसे में नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। संगठन ने मांग की कि त्योहार के दौरान नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, पशु अवशेषों को शीघ्रता से उठवाने के लिए अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था की जाए तथा पेयजल आपूर्ति भी सुचारु रूप से की जाए। इस अवसर पर आसिफ रईस, जुबैर जैदी, जीशान अहमद, डॉक्टर दानिश जैदी, मोहम्मद फैजान, डॉ0 इशितयाक अली, मौ0 दिलशाद, सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## इंसानियत यूनिट ने राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी



नगीना, बिजनौर। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से कैंप लगाकर निशुल्क पानी वितरण किया गया। जलती धूप में ठंडा पानी पीकर राहगीरों ने नगीना यूनिट के लोगों को दिल से दुआएं दी।

नगीना रोडवेज बस स्टैंड पर बीते दिन ऑल इंडिया पायामय इंसानियत फार्म यूनिट नगीना ने एक निःशुल्क पानी वितरण का कैंप लगाया जिसमें तमाम आने जाने वाले लोगों को इस पानी का वितरण किया। जलती धूप में ठंडा पानी पीकर राहगीरों ने नगीना यूनिट के लोगों को दिल से दुआएं दी और उनकी प्रशंसा की। इस मौके पर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना के जिम्मेदार मौ0 आमिर ने कहा कि हमें जहां जैसा मौका मिले लोगो की खिदमत करनी चाहिए। पानी पिलाने का काम भी एक बहुत बड़ा पुण्य का काम। उन्होंने कहा कि जो सामाजिक संस्थाएं पानी शरबत बांट रही है। उन्होंने इसकी प्रशंसा की और उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर समाजसेवी हाजी तंजील आलम ने बताया की ऑल इंडिया पायामय इंसानियत गर्मियों में निःशुल्क ठंडा पानी वितरण करती है और सर्दियों में गरम-गरम चाय गर्म कपड़े निःशुल्क वितरण करते हैं और लोगों को कुछ राहत देने का काम करती हैं। इस मौके पर उन्होंने यूनिट के जितने लोग भी इसमें सहयोग कर रहे थे और बस स्टैंड के आसपास के लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर समाजसेवी हाजी तंजील आलम, कफील अहमद, मौलाना मौ0 आमिर, मौ0 बिलाल, मौ0 अरमान, मौ0 दिलशाद, अरमान अहमद, मो0 जाफरान आदि मौजूद रहे।

## भाईचारे के साथ मनाये बकरीद : एसडीएम



नगीना, बिजनौर। ईदुल अजहा के मौके पर थाना परिसर में शाति समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम आशुतोष जयसवाल की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर सीओ नगीना अंजनी कुमार ने ईद के त्यौहार को प्रेम व भाई चारे के साथ मनाने की अपील की। नगीना थाना प्रांगण में बीते दिन आयोजित शांति समिति की बैठक में नगीना एसडीएम आशुतोष जयसवाल, सीओ अंजनी कुमार, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने ईदुल अजहा पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने व पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए नगर की जनता से सहयोग करने की अपील की। एसडीएम आशुतोष जयसवाल ने त्यौहार पर अशांति फैलाने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने ईदुल अजहा का त्यौहार क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने, आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ अंजनी कुमार चतृवेदी ने कहा कि ईदुल अजहा के पर्व पर की जाने वाली कुबार्नी के बाद उनके अवशेषों को नगर पालिका की गाड़ियों में डाले जिससे वह गड्ढे में दबाएं जा सके, सफाई का ध्यान रखें किसी झूठी अफवाह पर ध्यान न दें और शाति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का हर संभव सहयोग करें। त्यौहार को शान्ति से मनाने के साथ कुबार्नी से किसी को परेशानी न हो उस बात का भी ख्याल रखें। शरारती तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर नगर पालिका परिषद नगीना के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सैना, स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, जेई तेजपाल सिंह, चेयरपर्सन पुत्र शहराज खलील, जामा मस्जिद के इमाम मुफ़्ती उवैस अकरम, इमाम ईदगाह मौलाना खलीक अहमद, मौलाना इलियास अहमद, मुफ्ती नबील काजमी, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आर्थिक मोर्चे पर अच्छे संकेत

अमरीकी संरक्षणवाद, ट्रंप की तुगलकी टैरिफ नीति और भू-राजनीतिक तनावों के इस दौर में दुनिया में बढ़ते टकरावों के बीच एक अच्छी खबर देश के लिए यह है कि हमारी अर्थव्यवस्था लगातार बेहतर कर रही है। बीते सप्ताह जारी आंकड़ों के मुताबिक 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वास्तविक अर्थों में 6.5 फीसदी बढ़ी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भी अपने दूसरे अग्रिम अनुमानों में इसके इसी स्तर पर रहने की बात कही थी। दूसरी तिमाही में वृद्धि दर के 6 फीसदी से नीचे रहने के कारण चिंता की स्थिति बनी। लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था वर्ष की दूसरी छमाही में बेहतर स्थिति में आ गई। खासतौर पर अंतिम तिमाही में। चौथी तिमाही के दौरान सकल मूल्यवर्धन 6.8 फीसदी रहा और इसमें कृषि, विनिर्माण और सेवा जैसे क्षेत्रों का योगदान रहा। विनिर्माण क्षेत्र इस तिमाही में भी केवल 4.5 फीसदी की दर से बढ़ा। मांग की बात करें तो पूरे साल के दौरान निजी खपत व्यय 7.2 फीसदी बढ़ा जबकि इससे पिछले साल यह 5.6 फीसदी बढ़ी थी। निवेश में केवल 7.1 फीसदी का इजाफा हुआ जबकि इससे पिछली तिमाही में यह 8.8 फीसदी बढ़ा था। वर्ष की शुरूआत धीमी निवेश गतिविधि से हुई लेकिन दूसरी छमाही में इसने गति पकड़ ली। यह सही है कि वृद्धि 6.5 फीसदी रही लेकिन यह भी ध्यान देने लायक है कि यह 2023-24 के 9.2 फीसदी के मुकाबले काफी कम है। इसके अलावा 2021-22 में कोविड-19 महामारी की शुरूआत के बाद से इस वर्ष विस्तार की गति सबसे धीमी रही। वर्ष के दौरान कई अर्थशास्त्री कह चुके हैं कि महामारी के झटके से उबरने के बाद वृद्धि सामान्य स्तर पर लौट आई है। चालू वर्ष के लिए कृषि क्षेत्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मॉनसून जल्दी आ गया है और बारिश के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद है। उच्च कृषि उत्पादन न केवल वृद्धि में सीधा योगदान करेगा बल्कि ग्रामीण आय में भी इजाफा करेगा। इससे मांग को समर्थन मिलेगा। कुल मिलाकर निजी खपत में सुधार के संकेत हैं लेकिन यह देखने की बात होगी कि यह टिकाऊ है या नहीं। चाहे जो भी हो, उच्च कृषि उत्पादन और कम खाद्य मुद्रास्फीति मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी को नीतिगत राहत का अवसर देंगे। विशेषज्ञों का अनुमान है कि एमपीसी मौजूदा चक्र में नीतिगत ब्याज दरों में 50 से 100 आधार अंकों की और कटौती करेगी। वास्तविक कमी इस बात पर निर्भर करेगी कि एमपीसी आने वाली तिमाहियों में मुद्रास्फीति में किस प्रकार के उभार की उम्मीद करती है और संभावित वृद्धि को लेकर क्या अनुमान लगाती है। अगर मुद्रास्फीति के परिणाम लक्ष्य के करीब रहते हैं तो एमपीसी शायद नीतिगत समायोजन के साथ वृद्धि को गति दे क्योंकि यह करना अब जरूरी हो गया है। बहरहाल, काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि बाहरी माहौल क्या करवट लेता है? अमेरिका और अन्य जगहों पर उच्च बॉन्ड प्रतिफल भी एमपीसी के विकल्पों को प्रभावित कर सकते हैं। वास्तव में बाहरी वित्तीय और आर्थिक अनिश्चितताएं भारतीय अर्थव्यवस्था को कई प्रकार से प्रभावित करेंगी। अमेरिका की एक अदालत ने ट्रंप प्रशासन द्वारा आपात उपायों का इस्तेमाल करके लगाये गये उच्च शुल्कों पर रोक लगाने का निर्णय दिया है। बहरहाल, एक अन्य अदालत ने उन्हें अस्थायी राहत प्रदान की है। इस बीच ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर शुल्क दोगुना करने की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन के कदमों से उत्पन्न वैश्विक व्यापार और आर्थिक अनिश्चितता जारी रह सकती है। इस बीच विभिन्न देश अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों पर चर्चा करेंगे। इस बात की संभावना नहीं है कि ट्रंप अपनी टैरिफ योजना को त्यागेंगे। ऐसे में कानूनी जटिलताएं अनिश्चितता में और इजाफा करेंगी। ऐसे हालात में निर्यात और निवेश पर असर हो सकता है। इसका असर वृद्धि पर भी पड़ेगा। गत सप्ताह के आंकड़े यह भी बताते हैं कि सरकार गत वित्त वर्ष के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही। इस वर्ष भी उससे यही उम्मीद है। इससे सरकार को पूजींगत निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। फिलहाल वैश्विक अनिश्चितता का दौर जारी है। ऐसे में सरकार और आरबीआई को बेहतर घरेलू नीतियों के जरिए विकास दर को 6.5 से आगे ले जाना चाहिए क्योंकि विकसित भारत के लक्ष्यों को हासिल करने के साथ ही रोजगार का सृजन भी पर्याप्त हो।




**वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सरकार और रिजर्व बैंक को घरेलू मोर्चे पर निवेश के माहौल को ठीक करना चाहिए ताकि विकास दर बनी रहे।**

### विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

–हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

# अंतरिक्ष में भारत की एक और बड़ी छलांग


संजय श्रीवास्तव



**नासा और इसरो के बीच हुए समझौते के तहत भारत के शुभांशु शुक्ला 14 दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाएंगे। सवाल यह है कि उनकी भूमिका क्या होगी? वे वहां ऐसा क्या करेंगे, जिससे भारत और बाकी दुनिया के भविष्य के अंतरिक्षयात्रियों, अंतरिक्षविज्ञान तथा इसरो को क्या लाभ होगा?**

साल 2018 लालकिले से प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि भारत के बेटे-बेटी बहुत जल्द अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे। आज उनकी कथनी करनी बन गई। 3 अप्रैल 1984 को रूस के सोयुज टी-11 अंतरिक्षयान से राकेश शर्मा अंतरिक्ष में पहुंचे, यान में ही सात दिन 21 घंटे से ज्यादा बिताकर लौटे। उसके 41 बरस बाद अब एक बार फिर एक भारतीय न सिर्फ अंतरिक्ष में प्रवेश करेगा, पहली बार कोई देशवासी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का हिस्सा बन तमाम उल्लेखनीय अंतरिक्षीय कार्य निष्पादित करते हुए वहां दो हफ्ता बिताएगा। इस अंतरिक्ष यात्रा से हासिल विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र से महत्वपूर्ण और विस्तृत प्रतिफलनों, उसके बाजार और देश की साख पर पड़े प्रभाव, मिलने वाली सीख और अनुभव इत्यादि की चर्चा तथा संभावित उपलब्धि पर चर्चा जरूरी है। नासा और इसरो के बीच हुए समझौते के तहत भारत ने प्राइवेट कंपनी एक्सिओम स्पेस के इस चौथे मिशन का हिस्सा बनने और ड्रैगन क्रू में सवार हो अंतरिक्ष में जाने हेतु तकरीबन सात करोड़ रुपये में एक सीट खरीदी है। स्पेस सूट पहनकर गगनयान के लिए चुने भारतीय व्योमनॉट्स में से एक इस सीट पर बतौर पायलट इस अंतरिक्ष अभियान का हिस्सा बनेगा।

भारतीय समयानुसार 8 जून 2025 की शाम 6:41 बजे, स्पेस एक्स फाल्कन 9 रॉकेट, ड्रैगन क्रू को ले रवाना होगा, तो मिशन संचालक या पायलट होंगे शुभांसु शुक्ला। मिशन कमांडर होंगी अंतरिक्ष में 675 दिन बिताने वाली अमेरिकी इतिहास की सबसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन। इसके अलावा दो मिशन विशेषज्ञ होंगे, हंगरी के टिबोर कापू और पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की। ड्रैगन क्रू की लक्ष्य होगा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचना। मिशन कमांडर पैगी जैव रसायन विशेषज्ञ हैं तो स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की विज्ञान और अंतरिक्ष अन्वेषण के बेहद जहीन वैज्ञानिक और इंजीनियर, जबकि टिबोर कापू शुभांसु की तरह अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट। सब मिलकर दो हफ्तों के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रयोग करेंगे। ये एक्सपेरिमेंट घोर वैज्ञानिक दक्षता और विशेषज्ञता की मांग करते हैं, जबकि दल में पैगी और विस्नीवस्की ही मूलतः वैज्ञानिक हैं। मगर ऐसा नहीं है, सभी को मिशन के तय कार्य, कार्यविधि और अपनी भूमिका पता है, जो पूर्वनियत है। मिशन के पूरे होने के बाद इस सवाल बेहतर जवाब मिल सकेगा कि इतने खचीर्ले अभियान का हासिल क्या है? गगनयान के लिये चयनित शुभांसु को इस अभियान में भेजने के पीछे इसरो तथा भारत सरकार का मूल उद्देश्य कितना सफल रहा?

पोलैंड और हंगरी ने अपने जिन वैज्ञानिकों को इस मिशन में भेजा है, उनकी अपेक्षाओं की पूर्ति मिशन सदस्यों ने किस हद तक की। इसके बारे में उनके देश के नीति नियंता जानें पर भारतीय आमजन में यह प्रश्न अवश्य होगा कि एक मिशन कमांडर और दो मिशन विशेषज्ञ के साथ शुभांसु बतौर पायलट, मिशन संचालक क्या वैज्ञानिक प्रयोगों में भी भाग लेंगे? गगनयान से उनकी चंद्रयात्रा में यह मिशन कितना सहायक होगा?

### विज्ञान

यह कहने का क्या आधार है कि उनकी यह स्पेस ट्रिप भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और वैश्विक मंच पर भारत की वैज्ञानिक क्षमता की मजबूती दर्शाएगी। क्या उनका जाना मात्र सांकेतिक और गगनयान मिशन की ब्रांडिंग भर या स्पेस डिप्लोमेसी और अंतरिक्ष बाजार में पहुंच, प्रभाव, प्रचार का एक उपक्रम मात्र है? उनको इस मिशन पर भेजने को लेकर इसरो ने कौन से दूरंदेशी उद्देश्य तय किए हैं? उनके क्रियाकलापों से भारत और बाकी दुनिया, अंतरिक्षविज्ञान, आम जीवन तथा इसरो को क्या मिलेगा? यह धारणा है कि इसरो 2030 तक अंतरराष्ट्रीय स्टेशन के समाप्त होने से पहले अपने अंतरिक्ष विज्ञानियों, चालकों को वहां का अनुभव देना चाहता है ताकि जब देश 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन आरंभ करे तो कुछ व्यवहारिक अनुभव वाले क्रू सदस्य उसके पास हों। धारणाओं, मान्यताओं से इतर शुभांसु के संचालन वाला दल अंतरिक्ष में कुछ ऐसे प्रयोगों का हिस्सा बनेगा, जो वाकई दूरगामी प्रभाव वाले होंगे। वैसे भी इसरो ने ग्लोबल स्पेस एजेंसियों के साथ मिलकर जब भी ऐसे प्रयोग किए हैं, दूरगामी असर वाले नतीजे निकले। 2008 में चंद्रयान-1 के माध्यम से यह साबित किया कि चंद्रमा की सतह पर पानी के अणु मौजूद हैं। इसरो का जैविक प्रयोगों के मामले में अनुभव सीमित है, सो इस बार इसरो ने माइक्रोग्रैविटी के साथ कई जैविक प्रयोगों में हिस्सा लेना तय किया है ताकि माइक्रोग्रैविटी में जैविक प्रक्रियाओं को समझ सके। इसरो, नासा और रेडवायर के सहयोग से यहां 'स्पेस माइक्रो एल्गी' प्रोजेक्ट पर काम करेगा। ये शैवाल अपनी प्रोटीन प्रचुरता, लिपिड और बायोएक्टिव घटकों के चलते दीर्घावधि वाले मिशनों के लिए स्थायी भोजन बनेंगे। वह ऐसे तीन तरह के शैवालों के विकास, मेटाबॉलिज्म और अनुवांशिक हरकतों पर माइक्रोग्रैविटी के असर को जांचेगा।

इसके अलावा यूरोपीय अंतरिक्ष संगठन और इसरो मिलकर जलीय बैक्टीरिया, दो तरह के साइनोबैक्टीरिया में माइक्रोग्रैविटी के तहत प्रकाश संश्लेषण और फलतः उनकी वृद्धि दर, कोशकीय प्रतिक्रिया तथा जैव रासायनिक गतिविधि को समझेंगे। अंतरिक्ष में फसल उगाने के इरादे से इसरो नासा और बायोसर्व स्पेस टेक्नोलॉजीज से मिलकर ह्यह्यअंतरिक्ष में सलाद बीज अंकुरणह्व की कोशिश करेगा। प्रयोग सफल हुए तो भविष्य के अंतरिक्षयात्रियों के लिए विश्वसनीय खाद्य स्रोत सुनिश्चित होंगे। एक प्रयोग के अंतर्गत अंतरिक्ष में मांसपेशियों की शिथिलता के कारण पता लगाया जाएगा। लंबे अभियानों के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के मांसपेशी क्षय और धरती पर इससे संबंधित बीमारी के इलाज में यह तजुर्बा मददगार होगा। नासा और वायजर के साथ मिलकर इसरो खौलते पानी से लेकर बर्फ तक की चरम स्थितियों में जिंदा रहने की लचीली क्षमता वाले टार्डिग्रेड्स नामक छोटे जीव का अध्ययन करने वाला है, जिससे अंतरिक्षीय कठिन जीवन के अलावा धरती पर भी नए जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों को बढ़ावा मिल सके। इन सब जैविक प्रयोगों के अलावा एक एक्सपेरिमेंट इस बात पर केंद्रित है कि अंतरिक्ष में जाने वाले यात्री माइक्रोग्रैविटी में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ कैसे पेश आते हैं? उससे इस अध्ययन के नतीजे जो बतायेंगे उसके आधार पर भविष्य के अंतरिक्ष यानों के लिए अत्याधिक यूजर फ्रेंडली कंप्यूटरों तथा डिस्प्ले के डिजाइन बनाए जाएंगे। तो शुभांसु और उनके साथियों के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बहुत काम है।

राकेश शर्मा ने बताया था कि, 'जब मैं आठ दिनों के लिए अंतरिक्ष में गया था, तो मुझे इतना भी समय नहीं मिला कि मैं खिड़की से बाहर देखूं कि क्या हो रहा है'। ये सभी एक्सपेरिमेंट भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ आगामी अभियानों के लिए संदर्भ सामग्री बनेंगे, वैश्विक वैज्ञानिक प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता पहचानी जाएगी। देश के अंतरिक्ष अनुसंधान की क्षमता वृद्धि होगी और देश अत्याधुनिक स्पेस टेक्नोलॉजी में अग्रणी हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में भारत की उपस्थिति प्रभावशाली होगी। शुभांसु को भेजना इसरो या गगनयान की महज ब्रांडिंग नहीं है, इससे भारत की अंतरिक्ष में मजबूत उपस्थिति और वैश्विक वैज्ञानिक प्रगति में उसका योगदान दिखता है। वह धरती से परे भी मानवता के फलने-फूलने में अपना योगदान दे रहा है। फिलहाल यह मिशन भारत के साथ पोलैंड और हंगरी के लिए भी ऐतिहासिक है। उनके भी अंतरिक्ष यात्री पहली बार आईएसएस पर पहुंचेंगे।..तो समूचे दल को सेफ लॉन्च, सुरक्षित सफल अभियान और हैपी लैंडिंग की शुभकामनाएं।

### सोशल मीडिया

श्री डी गुकेश जी द्वारा प्राप्त नॉर्वे शतरंज 2025 के छठे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन पर पहली बार विजय प्राप्त कर उन्होंने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। केशवप्रसाद मौर्य.



विरासत एवं विकास के जिस अद्भुत कार्यक्रम को लेकर आदरणीय पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी चले हैं, आज वह भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिला रहा है। सीएम योगी.



हम समस्त शिक्षक वर्ग और उनके परिवारों के साथ हैं, जिन शिक्षकों का वाचिक अभद्रता द्वारा अपमान किया गया उनके साथ भी जिन्हें वेतन के नाम पर चंद पैसे मिलते हैं। अखिलेश यादव.



# सत्संग की महिमा

### अंतर्दृष्टि

विचारधारा कालजयी होते हैं। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा।

यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# मुफ्त दाल-रोटी का वायदा

### व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त का पानी पिला जाएगी।


रामविलास जॉगिड़

# आदि कैलाश में करें शिव-पार्वती के एक साथ दर्शन


तीर्थ यात्रा

आदि कैलाश उत्तराखंड का ऐसा तीर्थस्थल है, जहां पर जाकर न सिर्फ मन को असीम शांति मिलती है बल्कि भगवान शिव के साथ मां पार्वती-गौरा के एक साथ दर्शन किए जा सकते हैं। दोनों देवियों का कालखंड अलग जरूर है, पर हैं एक ही शक्ति का प्रतिरूप। गौरी और पार्वती हिंदू धर्म में एक ही देवी के दो नाम हैं, जो भगवान शिव की पत्नी हैं। धर्म-कर्म की दृष्टि से दोनों नामों का उपयोग एक ही देवी के लिए किया जाता है, परंतु कुछ परंपराओं में गौरी को मां पार्वती का वह रूप माना गया है जो सौम्यता और शुभ्रता के लिए है। गौरी नाम के अनुसार शुभ्र और पार्वती को शक्ति-साहस के लिए जाना गया है।

माता पार्वती की सवारी शेर है, जो शक्ति-प्रभुत्व का प्रतिनिधित्व करता है। इसके विपरीत गौरा की सवारी बैल मानी गई है। आदि कैलाश में जब हम ओम पर्वत-कैलाश के दर्शन कर लेते हैं, तो वहां स्थित पार्वती सरोवर और गौरी कुंड जाकर पूर्णता को प्राप्त होते हैं, ऐसा माना गया है। ऐसे तो गौरा-पार्वती की शिव के साथ पूजा-अर्चना के लिए देश में कई स्थान हैं, मगर ऐसा स्थान जहां पर दोनों नामों से अलग-अलग पूजा-अर्चना का सौभाग्य मिले वह सिर्फ आदि कैलाश में ही मिल पाता है। आदि कैलाश उत्तराखंड का वह कैलाश खंड है, जो कैलाश मान सरोवर जाने वाले रास्ते में पड़ता है तथा यहां आकर शिव के साथ पवित्र ओम के दर्शन भी हो जाते हैं। यहां हम शिव ओम को साक्षात महसूस ही नहीं, मन भरकर आत्मा के अंतस तक प्राप्त कर लेते हैं। सनातनी परंपरा में हर हिंदू की इच्छा होती है कि वह अपने जीवनकाल में एक बार कैलाश मानसरोवर जाकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना करे, परंतु कई बार स्वास्थ्यगत समस्याएं अथवा ईश्वर इच्छा के कारण यहां तक पहुंच पाना संभव नहीं हो पाता। ऐसी परिस्थितियों में आदि-कैलाश सनातन परंपरा को मानने वालों की इच्छा पूरी करता है और यहीं पर आप मां पार्वती को पार्वती सरोवर में तथा इनके दूसरे रूप गौरी रूप को गौरी कुंड में दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकते हैं। पार्वती सरोवर एक पवित्र सरोवर है। यह मां पार्वती को समर्पित है जहां पहुंचकर आध्यात्मिक शांति और आनंद मिलता है। प्राकृतिक दृष्टि से देखें तो इस सरोवर की सौंदर्यता इतनी है कि यहां आने के बाद भक्त अपनी चेतना तक कुछ पल के लिए भूल जाते हैं। हिमालय पर्वत की श्रृंखलाओं से घिरी यह झील याद दिलाती है पर्वतराज हिमालय की और माता मैना की। भक्त मां पार्वती के साथ ही पर्वतराज हिमालय तथा मैना मय्या को भी याद करते हुए उनके सांकेतिक अलौकिक दर्शन करके खुद को धन्य पाते हैं। गौरी कुंड भी इसी पार्वती सरोवर से थोड़ा सा आगे स्थित है। यह भी माता पार्वती को ही समर्पित है, बस नाम का अंतर है। माना जाता है कि माता पार्वती ने इसमें स्नान किया था। यहां पर पर्वतराज हिमालय की श्रृंखलाएं और नजदीक नजर आती हैं। कहते हैं कि पार्वती सरोवर-गौरी कुंड के जल का आचमन ही हमें संसार के तमाम दुखों से मुक्ति दिलाता है। गौरी कुंड दुनिया की सबसे ऊंची झील है। आदि कैलाश की इन पवित्र झीलों की महत्व इसलिए भी है क्योंकि यहीं पर माता पार्वती ने अपने पुत्र गणेश को प्राप्त किया था। आदि कैलाश का दूसरे अन्य शिवतीर्थों में सबसे अलग स्थान रखा गया है। यहां आने के लिए शिव अत्याधिक परीक्षा नहीं लेते। थोड़ी सी ट्रैकिंग के बाद आप शिव के साथ माता पार्वती, माता गौरी, पर्वतराज हिमालय और कैलाश पर्वत के एक साथ जब दर्शन करते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे शिव साक्षात अपने परिवार के साथ आशीर्वाद दे रहे हैं। वैसे इस कैलाश पर्वत का नाम आदि कैलाश पड़ने के पीछे भी यही मान्यता है कि यहां पर शिव ने इस शिखर पर ध्यान-योग किया था।

आदि कैलाश की यात्रा ग्रीष्म ऋतु में ही संभव है और इसके लिए पिथौरागढ़ प्रशासन से इनरलाइन परमिट बनवाना पड़ता है। चूंकि यह पर्वत के शिखर के पास है इसलिए यहां पर ऑक्सीजन की कमी हो सकती है। बेहतर है कि स्वास्थ्य की पूर्ण जांच के बाद ही यहां जाया जाए। हां, इस यात्रा की एक विशेष बात यह है कि यहां आने से पहले दुनियाभर में प्रसिद्ध जागृत धाम जागेश्वर तथा कसार देवी के दर्शन रास्ते में ही हो जाते हैं। बहुत से भक्त हिंदू धर्म के सारे तीर्थ अपने में समाए पाताल भुवनेश्वर के दर्शन भी लौटते समय करते हैं और अपने को धन्य पाते हैं। मां पार्वती-गौरी की एक साथ पूजा के लिए आपको आदि कैलाश पहुंचना है तो पहले किसी भी माध्यम से काठगोदाम या टनकपुर पहुंचे और फिर वहां से शिव के इस पवित्र धाम की यात्रा आरंभ होती है।

**मनोज प्रकाश.**

## आप की बात

### प्रौद्योगिकी में बढ़ते अवसर

प्रौद्योगिकी के इस दौर में युवाओं के लिए अनेक अवसर सामने आये हैं। ऐसे में युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले।

**राज कुमार सिंह, लखनऊ.**

### चुनावी तोहफों की मार

देश में मुफ्त की चुनावी योजनाओं की बाढ़ आ गयी है और इसका सबसे बुरा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है जिससे जनकल्याण और गरीबी निवारण की योजनाएं प्रभावित होती हैं। पार्टियां चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की योजनाएं देंगी और इसके लिए पैसे का प्रबंधन कर्ज लेकर कर लेंगी। धीरे-धीरे यह कर्ज इतना बड़ा हो जायेगा कि सरकार के पास विकास के लिए पैसा ही नहीं बचेगा। यही कारण है कि अब अदालतें भी इस पर बहुत चिंतित हैं। हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों ने जमकर सियासी उपहार की योजनाओं का वायदा किया। राष्ट्रीय राजधानी में फ्री पानी की बात होती है लेकिन यमुना नदी प्रदूषण में त्राहि-त्राहि कर रही है। फ्री बिजली की बात हो रही है लेकिन अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर और जनवरी तक, पूरे चार महीने दिल्ली की हवा में जहर घुला रहता है। यह विडम्बना है कि जो दिल्ली यमुना के किनारे बसी है, उसकी पूजा करती है, यूपी-बिहार के लाखों लोग छठ और अनेक अन्य पर्वों पर यमुना की पूजा करते हैं, उसमें स्नान करते हैं, उस यमुना का पानी इतना विषैला है कि उसमें स्नान करने पर बीमार पड़ने का खतरा रहता है। इसलिए नयी बनने वाली सरकार को यमुना की सफाई और शुद्ध हवा सुनिश्चि करनी चाहिए। अगर यमुना से खिलवाड़ करती है, शुद्ध हवा देने में विफल रहती है, स्वच्छ पेयजल नहीं उपलब्ध करा पाती है, तो ऐसी सरकार इस देश को और राष्ट्रीय राजधानी को तो कदापि नहीं चाहिए। भाजपा सरकार को फ्रीबीज के बजाय विकास पर फोकस कर मतदाताओं का दिल जीतना चाहिए।

**आशुतोष शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा तहसीनपुर के निकट एक अर्टिगा कार की चपेट में आने से लगभग 50 वर्षीय अधेड़ सतीश पाठक पुत्र राम सुरेश पाठक निवासी पूरे देवी तिवारी का पुरवा लहरापुर को अर्टिगा कार ने टक्कर मार दिया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अधेड़ को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजवाया। वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अपने गांव से निकलकर तहसीनपुर तिराहा पार कर अयोध्या की ओर जा रहे बाइक सवार इस अधेड़ को टक्कर मारने वाली वाली कार को ग्रामीणों ने पकड़कर चालक सहित पुलिस के हवाले कर दिया। पूछे जाने पर एस आई हरे कृष्णा ने बताया कि घटना की पड़ताल की जा रही है। आरोपी वाहन को कब्जे में ले लिया गया है।

## कृषि विवि में सुंदर कांड पाठ, हजारों भक्तों ने लिया प्रसाद

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ज्येष्ठ माह के चैथे मंगलवार के अवसर पर सुंदर कांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग चार हजार लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना के साथ किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी मीना सिंह भी मौजूद रहीं। पूजा-पाठ का कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के परिसर में किया गया। इस अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने के लिए विवि के शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कुलपति ने अपने हाथों से भक्तों को प्रसाद वितरित किए। प्रसाद के तौर पर पूड़ी, सब्जी, कचैड़ी छोला, बुनिया का वितरण किया गया। भागवताचार्य पंडित ओमकारनाथ दूबे ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भगवान राम और हनुमानजी की पहली बार मुलाकात हुई थी। तभी से इस महीने में आने वाले सभी मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। इस दिन वीर बजरंगी की पूजा करने से जीवन की सभी समस्याओं का निराकरण होने लगता है। मान्यता है कि बड़े मंगल को हनुमानजी की विधि पूर्वक पूजा करने के साथ-साथ उनके प्रिय भोग भी लगाने चाहिए, इससे तरक्की के योग बनते हैं और कार्यों में सफलता मिलती है। भागवताचार्य ने बताया कि वह न्याय प्रिय देवता एवं नवग्रहों में प्रमुख माने गए हैं और उनके पास दंडाधिकारी का भी दायित्व है।

## मसौधा के ग्राम पंचायत अमौना का डीएम ने किया निरीक्षण

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के साथ विकास खंड मसौधा के ग्राम पंचायत अमौना में कंपोजिट विद्यालय, ग्राम सचिवालय एवं एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवालय में पुस्तकालय, मीटिंग कक्ष, जन सेवा केंद्र कंप्यूटर कक्ष को देखा गया और राशन कार्ड, आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री आवास आदि के विषय पर कंप्यूटर ऑपरेटर से जानकारी की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये।

# केंद्रीय वित्त आयोग की टीम ने विकास कार्यों का लिया जायजा

- आयोग के अध्यक्ष ने सदस्यों के साथ किया हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन पूजन
- अमानीगंज के जलकल स्काडा कमांड सेंटर का निरीक्षण



अयोध्या। डा. अरविन्द पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की समिति के सदस्यों का आज जनपद अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। समिति में चेयरमैन डा. अरविन्द पनगढ़िया, सदस्य एनी जार्ज मैथ्यू, सदस्य डा. मनोज पांडा, सदस्य डा. सौम्या कान्त घोष, सेक्रेटरी ऋतिविक पांडेय, ज्वाइन सेक्रेटरी राहुल जैन, ज्वाइन सेक्रेटरी राघवेन्द्र सिंह, डिप्टी डारेक्टर आशुतोष अवस्थी व निकिता जैन, असिस्टेंट सेक्रेटरी आफिसर राजेश, पीएस चेयरमैन कुमार विवेक व ओएसडी अभय मित्तल उपस्थित रहे, जिनका मण्डलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों ने सभी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद सभी माननीय अध्यक्ष/सदस्य होटल पंचशील पहुंचे। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने हनुमानगढ़ी महाराज एवं प्रभु श्री राम लला का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

डा. अरविन्द पनगढ़िया एवं 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के सदस्यों ने दर्शन पूजन के पश्चात श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास परिसर में स्थापित ग्रीन रूम में मंदिर निर्माण पर आधारित एक लघु प्रस्तुति को देखते हुए मंदिर निर्माण की जानकारी प्राप्त की और चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के विषय में अवगत कराया गया। मंदिर निर्माण के विषय में कार्यदाई संस्था द्वारा संक्षिप्त जानकारी दी गई। श्रीराम जन्मभूमि के बाद चेयरमैन एवं सदस्यों का आगमन अमृत 2.0 योजना अन्तर्गत 24 गुणे 7 शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु जलकल अमानीगंज परिसर में स्थापित स्काडा कमांड सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया गया, जहां नगर आयुक्त श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा स्काडा प्रणाली की कार्यप्रणाली, जलापूर्ति की रीयल-टाइम निगरानी व्यवस्था आदि बिन्दुओं पर संक्षिप्त प्रस्तुति की गयी और बताया गया कि अमृत 2.0 योजना के माध्यम से रामनगरी अयोध्या में घर-घर तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद समिति मंडलायुक्त सभागार पहुंची। मंडलायुक्त सभागार में समिति के समक्ष अयोध्या विजन 2047 के अन्तर्गत कराये जा रहे विकास कार्यो के विषय में अवगत कराया गया। उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय ने अयोध्या विजन 2047 के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 से निरन्तर जनपद अयोध्या में भव्य दीपोत्सवों का आयोजन करते हुये नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे है। इसके साथ साथ अयोध्या के चैमुखी विकास के तहत अयोध्या में भक्ति पथ, रामपथ, धर्मपथ व जन्मभूमि पथ का चैड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण तथा महर्षि बाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का नवनिर्माण, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्वार, श्रद्वालुओं के लिए मल्टीलेबल पार्किंग व काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या विजन 2047 के अन्तर्गत अयोध्या के विकास को कई भागों में विभाजित करते हुये अलग-अलग रणनीति के तहत विकास कार्य कराया जा रहा है, जिसमें अयोध्या के पौराणिक मंदिरों व कुण्डों का जीर्णोद्वार, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लेजर शो, फसाड लाइटिंग आदि करायी जा रही है। इसके साथ साथ मण्डलायुक्त श्री गौरव दयाल ने समिति के समक्ष प्राण प्रतिष्ठा से अब तक श्रद्वालुओं द्वारा किये गये श्रीरामलला के दर्शन के विषय में जानकारी दी गयी।

## अयोध्या में भक्ति का उत्सव, भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद



अयोध्या। जेठ माह के चैथ मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन साकेतपुरी कालोनी स्थित पेटोल पम्प के सामने किया गया। भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री के संयोजन में आयोजित भंडारे की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच महाबली हनुमान का पूजन अर्चन कर पूर्व सांसद लल्लू सिंह व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने किया। हनुमान जी को भोग अर्पण करने के बाद भंडारे की विधिवत शुरूआत की गई। अतिथियों को भगवा अंगवस्त्र देकर कर स्वागत किया गया। भण्डारे की व्यवस्था के लिए वालंटियर लगाए गए थे। जिन्हें भण्डारे को लेकर स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंप दी गईं थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसाद वितरण के आधा दर्जन स्टॉल लगाए गए। पेयजल की व्यवस्था की गई थी। यातायात व्यवस्था के लिए कार्यकर्ता लगातार सजग रहे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार दिशा-निर्देश प्रसारित किए जा रहे थे। बीजेपी पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, कमला शंकर पांडे, ओमप्रकाश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वजीत सिंह, अभिषेक मिश्र, डा अवधेश वर्मा, सौरभ गुप्ता, राकेश सिंह, विपिन तिवारी, अभय सिंह, सनी सिंह, राजेश सिंह, राकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। कृषि भवन के सामान माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह के संयोजन में भण्डारे का आयोजन हुआ। जहां पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने पूजन कर भण्डारे की शुरूआत किया।

# चौथे बड़े मंगल लगे भंडारे, रही राम भक्त की धूम

बहराइच। ज्येष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार को बहराइच मे चारों ओर हनुमान भक्तो द्वारा जगह जगह विशाल भंडारे के आयोजन किया गया जिसमें लाखो श्रद्धालुओं ने राम भक्त हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया वही पुलिस ,डाक्टरों व जन प्रतिनिधियो ने भी हनुमान भक्तिभाव मे अपने आवास व क्लीनिक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया।। बहराइच लाइन मे पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा स्थित छोटी बेरिया मंदिर पर आयोजित भंडारा पर पहुंचकर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को अपने हाथो से प्रसाद वितरण किया इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाह, सीओ सिटी सहित बहुत से कर्मचारीगण मौजूद रहे और इस भंडारेके पुनीत कार्य मे सहयोग प्रदान किया। मारवाड़ी समाज की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकरीवाल व पूर्व भाजपा अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने अपने आवास पर विशाल भंडारे का आयोजन कर हजारो श्रधालुओ को प्रसाद वितरण किया। वही बहराइच के तमाम जगहो मे चल रहे भंडारे के बीच





आज बहराइच मे डाक्टरो द्वारा अपने अपने क्लीनिक पर भंडारे का आयोजन किया गया इस भंडारा आयोजन मे बहराइच के प्रतिष्ठित डाकटरो व जन प्रतिनिधिगणो ने सम्मिलित होकर महावीर राम भक्त हनुमान का प्रसाद ग्रहण किया

बहराइच के मशहूर डॉक्टर प्रभाकर मिश्रा मसूर डॉक्टर केके वर्मा डॉक्टर अभिलाष वर्मा ने अपने आवास पर विशाल भंडारा किया गया इसमें शहर के प्रबुद्ध नागरिक राजनीतिक और बड़ी संख्या में सरकारी और गैर सरकारी लोगों की मौजूदगी रही बहराइच के शहर में सैकड़ो जगह भंडारे का आयोजन किया गया हजारों महिला पुरुष बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ग्राम पंचायत/राजस्व ग्रामों के आंशिक पुनर्गठन सम्बन्धी बैठक



बहराइच। वर्ष 2021 में सम्पन्न पंचायत सामान्य निर्वाचन के उपरान्त नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद/नगर निगम के सृजन/सीमा विस्तार के कारण जनपद के प्रभावित विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों/राजस्व ग्रामों को संशोधित अधिसूचना के माध्यम से हटाए जाने एवं अवशेष ग्रामों को आवश्यकतानुसार निकटस्थ ग्राम पंचायत में सम्मिलित करने के उद्देश्य से सोमवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायती राज निदेशालय के स्तर से प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का भली प्रकार से अध्ययन कर निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध करा दें। डीएम ने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर लें कि जनपद में नगरीय निकाय के सृजन/सीमा विस्तार के उपरान्त विभाग द्वारा प्रभावित विकास खण्ड की संशोधित अधिसूचना निर्गत कराने से न रह गयी हो। डीएम ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी संयुक्त हस्ताक्षर से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायत/राजस्व ग्राम का कोई ग्रामीण क्षेत्र पंचायत क्षेत्र में सम्मिलित होने से शेष नहीं रह गया है। डीएम ने कहा कि जनपदों के प्रभावित विकास खण्ड की ऐसी ग्राम पंचायतों के ऐसे राजस्व ग्राम जो नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद/नगर के सृजन/सीमा विस्तार के उपरान्त ग्रामीण क्षेत्र में अवशेष रह गये हैं, को निकटस्थ ग्राम पंचायतों में सम्मिलित कर ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की कार्यवाही करते समय निदेशालय के दिशा निदेर्शों को अक्षरशः अनुपालन किया जाय।

डीएम ने कहा कि पुनर्गठन की कार्यवाही करते समय यदि ऐसी ग्राम पंचायत जिसका एक राजस्व ग्राम नगरीय निकाय में समाहित हो गया है और केवल एक ही राजस्व ग्राम बचा है और ग्राम पंचायत बनाने का मानक पूरा नहीं करता है, तो उसे किसी निकटस्थ ग्राम पंचायत में सम्मिलित कर दिया जाये। यदि कोई ग्राम पंचायत नगरीय क्षेत्र में सम्मिलित हो जाती है और उसका सम्मिलित राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत बनाने के लिए मानक पूर्ण करता है, तो उस दशा में उस राजस्व ग्राम को ग्राम पंचायत बनाया जा सकता है।

## जनता दर्शन में डीएम ने करवाया समस्याओं का समाधान

- प्रियंका, श्यामा देवी और शिव कुमारी को रहने के लिये मिला आशियाना

बाराबंकी। कलेक्टेज्ट परिसर कार्यालय पर जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी द्वारा जनता दर्शन मे फरियादियो की समस्याओ को सुन त्वरित निस्तारण के लिये सम्बधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जनता दर्शन में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेने, साथ ही जो शिकायत विभिन्न माध्यम से संज्ञान में आने पर त्वरित कार्यवाही करने तथा अपने विभागीय स्तर पर भी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करने के निर्देश दिये ।आज जिलाधिकारी के समक्ष फरियादी प्रियंका, श्यामा देवी, शिवकुमारी की समस्या का समाधान करते हुये रहने के लिए आशियाना मिला। तो वहीं शिकायतों का निराकरण करते हुए चकमार्गो से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। अन्य शिकायतों की भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम मे समस्त तहसीलों में सम्बंधित एसडीएम द्वारा प्रतिदिन प्रात 10 बजे से 12 बजे तक जनसुनवाई की जा रही है।



## भेड़िये ने ली बच्ची की जान



बहराइच। महसी विधान सभा के अंतर्गत तहसील महसी गदामार खुर्द मे आज रात को वन विभाग को सूचना मिलते ही वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह सक्रिय होकर टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचकर बच्ची को खोज करने के लिए सर्च आपरेशन चलाया बडी मुश्किल से बच्ची का शव गन्ने के खेत के पास से मिला जिससे क्षेत्र मे भेड़िये का आतंक पुनः ताजा हो गया शव मिलने के कुछ ही दूर जानवर के पद चिन्ह दिखाई पडने पर ड्रोन के माध्यम से पद चिन्हो के आधार पर 2 सियारो को देखा गया इस घटनाक्रम पर डीएफओ बहराइच के अजीत प्रताप सिंह द्वारा ड्रोन के माध्यम से 2 सियारों की बात होने की बात कही है । जिसको पकड़ने के लिए 7 टीमो का गठन किया गया है ।शव को पीएम के लिए भेज दिया गया महर्षि क्षेत्र के गांव में भेड़िए का आतंक प्रारंभ हो गया है देर शाम वी देर रात निकलने में लोगों को भाई लग रहा है गांव के बच्चे स्कूल जाने से भयभीत हो रहे हैं।

## प्रवर्तन टीमों ने किये निजी वाहन के कमर्शियल उपयोग पर 6 वाहन सीज



बाराबंकी। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर निजी वाहनों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग की कार्यवाही तेज हो गई है। विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत प्रवर्तन टीमो द्वारा विभिन्न मार्गो पर प्राइवेट का कमर्शियल उपयोग मिलने पर वाहनो को सीज किया गया। आज मंगलवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने प्राइवेट वाहन का कमर्शियल उपयोग करने वाले 6 वाहनो पर कार्यवाही करते हुये थाना कुर्सी मे निरुद्ध किया। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ ने बताया कि यह अभियान निजी वाहनों के अवैध व्यावसायिक उपयोग एंव टैक्स चोरी को रोकने के लिए शुरू किया गया है। जोकि 15 जून तक चलता रहेगा।

## ईद-उल-अजहा को लेकर ईदगाह कमेटी ने की बैठक



बाराबंकी। बकरीद त्यौहार को शाति एंव सौहार्दपूर्ण मनाये जाने को लेकर मुगल दरबार में ईदगाह कमेटी की बैठक इमाम मौलाना अबूजर ने कुरान शरीफ की तिलावत कर हुई। बैठक मे कमेटी अध्यक्ष उमेर किदवई ने बताया कि इस बार ईदगाह पीरबटावन में बकरा ईद की नमाज ठीक 7:30 बजे व दूसरी नमाज ठीक 8 बजे अदा की जाएगी। कमेटी सदस्य हाजी मुजीबुद्दीन अंसारी ने कहा कि कुबार्नी करते समय किसी भी तरह के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल न करें। तथा कुबार्नी के बाद साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। सदस्य हाजी उसामा अंसारी ने कहा कि जानवरों से निकलने वाली गंदगी को शहर से दूर कहीं मिट्टी के गड्ढे खोद कर अच्छे से दफन करे। जिससे अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी न हो। जानवरों की हड्डियां व अवशेष न कुडे के ढेर मे भी न डालें। तथा बकरा ईद को बड़े ही सादगी से मनाएं। इस मौके पर इरफान कुरैशी, हाजी मुक्तादिर अंसारी, ताज बाबा राइन, मोहम्मद तैय्यब बब्बू, मोहम्मद आसिफ, सभासद मोहम्मद आरिफ, इरफान राइन, अंजुम किदवाई, रेहान अंसारी, सलमान अंसारी, तौकीर जमाल, आदिल अंसारी, जावेद अहमद मौजूद रहे।

## धारदार हथियार से युवक की हत्या




अयोध्या। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र में धारदार हथियार से एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप परिजनों ने उसके चाचा पर लगाया है। रात में मृतक के पिता जेनरेटर में पानी डालने उठे तो उन्होंने अपने पुत्र की चारपाई के नीचे खून बहता देखा। चारपाई पर उन्होंने देखा की उनके पुत्र का क्षत विक्षत शव पड़ा हुआ है। मृतक दिनेश कुमार वर्मा इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरा करने के बाद बीएसएफ की तैयारी कर रहा था। 2/3 जून की रात वह अपने घर के बाहर छप्पर में सोया हुआ था। मृतक के परिजनों ने जमीनी विवाद में मृतक के चाचा तथा एक अन्य पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि दो अन्य लोगों के साथ मिलकर दिनेश की हत्या की है। एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी ने बताया कि मृतक के बड़े भाई विनोद वर्मा ने तहरीर दी है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछंताछ की जा रही है। अन्य की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## गोमती नदी में डूबने से युवक की मौत, पुलिस ने बरामद किया शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। बाबा बाजार थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी 18 वर्षीय हनीफ, पुत्र तस्वीर अहमद, की सोमवार शाम गोमती नदी में डूबने से दुखद मृत्यु हो गई। घटना कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चैकी अंतर्गत राजघाट पर हुई, जहां हनीफ अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। मंगलवार सुबह गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव बरामद किया। पुलिस के अनुसार, हनीफ सोमवार शाम करीब 4 बजे अपने दोस्तों के साथ गोमती नदी के राजघाट पर नहाने पहुंचा था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना देवगांव चैकी को दी। सूचना मिलते ही चैकी प्रभारी शैलेंद्र मणि त्रिपाठी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गोताखोरों को बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस और गोताखोरों ने रात 3 बजे तक जाल डालकर हनीफ की तलाश की, लेकिन अंधेरे और गहरे पानी के कारण सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह गोताखोरों ने फिर से तलाश शुरू की और सुबह 8 बजे हनीफ का शव घटनास्थल से लगभग 20 मीटर दूर बरामद किया गया। हनीफ अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और दिल्ली में रहकर रोजगार करता था। वह मात्र 10 दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। दोस्तों के साथ नहाने जाने के दौरान यह हादसा हो गया। हनीफ की मौत से उसके परिवार और गांव में शोक की लहर है। कुमारगंज थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आबकारी विभाग ने किया विशाल भंडारे का शुभारंभ

- जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने की हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना

बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल पर बजरंगबली के जयकारे के साथ जनपद के आबकारी विभाग द्वारा सुन्दरकाड़ पाठ व विशाल भण्ड़ारे का आयोजन किया गया। जंहा जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर भण्डारे का शुभारम्भ किया। जिसमे हनुमान भक्तो द्वारा पूड़ी-सब्जी, बूदी का प्रसाद ग्रहण किया गया। इससे पूर्व आबकारी निरीक्षक प्रथम रामश्याम त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल, आबकारी निरीक्षक सिरौलीगौसपुर शिवानी सिंह चैहान, आबकारी निरीक्षक रामनगर उमाशंकर चैधरी, आबकारी निरीक्षक फतेहपुर गजेन्द्र प्रसाद ने संयुक्त रुप से हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुन्दरकाड़ पाठ का शुभारम्भ किया। इस मौके पर हेड़ आबकारी सिपाही अमजत खान, विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, आशूतोष सिंह समेत स्टाफ मौजूद रहा।



# नाजिरपुरा पूर्वी में नाइट ब्लड सर्वे को मिली नयी ऊर्जा

## सभासद शकील मिर्जा ने थामी स्वास्थ्य कर्मियों की मशाल

बहराइच। जब शहर गहरी नींद में होता है, तब कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अंधेरे में उम्मीद की मशाल लेकर निकल पड़ते हैं। जनपद बहराइच में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत चल रहा नाइट ब्लड सर्वे ऐसा ही एक प्रयास है। रात की खामोशी में स्वास्थ्य विभाग की टीमें कैम्प आयोजित कर रक्त के नमूने ले रही हैं, ताकि इस मूक बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके।

सोमवार की रात नाजिरपुरा पूर्वी की गलियों में एक अलग ही हलचल थी। स्वास्थ्यकर्मियों के साथ इलाके के सभासद शकील मिर्जा खुद भी मैदान में उतरे। यह केवल एक सर्वे नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचायक था। सर्वे टीम का नेतृत्व कर रहे फाइलेरिया निरीक्षक विमल कुमार ने बताया कि सोमवार रात 10 बजे से 12 बजे तक सर्वे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया, शहरी क्षेत्रों में लोग ब्लड सैंपल देने से हिचकते हैं। उनका मानना है कि जब कोई लक्षण नहीं हैं तो जांच क्यों कराएं। साथ ही, कई लोग अन्य बीमारियों की दवाओं की मांग करने लगते हैं। ऐसे में सभासद मिर्जा का सहयोग सराहनीय रहा।



सर्वे में सभासद शकील मिर्जा ने न केवल टीम को सहयोग दिया, बल्कि स्वयं लोगों के घर जाकर उन्हें समझाया और 136 लोगों के रक्त नमूने लेने में मदद की। शुरूआत में कुछ लोग संकोच कर रहे थे, लेकिन जब उन्होंने देखा कि उनका प्रतिनिधि खुद साथ खड़ा है, तो वे भी आगे आए। सभासद मिर्जा ने कहा, यह सिर्फ सरकारी टीम का काम नहीं है, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर हम बीमारी को जड़ से खत्म करना चाहते हैं, तो हर घर का दरवाजा हमें खुद खोलना होगा  उन्होंने मंगलवार रात को भी सर्वे टीम को सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जो संक्रमित मच्छरों से फैलती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मरीज को 10-15 वर्षों तक इसका पता ही नहीं चलता, और तब तक स्थिति गंभीर हो जाती है। लेकिन समय पर जांच और इलाज से इसे रोका जा सकता है  उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक निर्धारित 9600 लक्ष्य के सापेक्ष 6895 लोगों के रक्त नमूने लिए जा चुके हैं। शेष लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के लिए टीमें लगातार क्षेत्र में कार्यरत हैं।

संक्षेप

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर।** ट्रक के टक्कर मार देने से बाइक सवार की मौत हो गई। जौनपुर जिले के सरपतहां थाने के अभय मिश्र अपने घर पिपरौल से बाइक से जा रहे थे। तभी अचानक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि घटना जौनपुर जनपद की है। इसीलिए वह यहां से मृतक की शव के साथ अपने जिले में गए, जहां की पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है।

## अराजकतत्वों ने लगायी आग

**कादीपुर, सुलतानपुर।** कूड़ा एकत्रीकरण (एमआरएफ) में ताला तोड़कर अराजकतत्वों ने आग लगा दी। जिससे वायरिंग एवं मशीने क्षतिग्रस्त हो गई। कस्बे के गांधीनगर मोहल्ले में नगर पंचायत का एमआरएफ केंद्र बना हुआ है। जिसमें कूड़ा निस्तारण का कार्य किया जाता है। आरोप है कि रविवार की देर रात कुछ अराजक तत्वों ने सेंटर का ताला तोड़कर उसमें आग लगा दी, जिससे वहां पर लगी मशीन एवं प्लास्टिक तथा वायरिंग जलकर बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गई। सोमवार की देर शाम रीसाइक्लिंग कार्य के प्रभारी शिवम अग्रहरि की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात अराजक तत्वों के विरुद्ध केस दर्जकर लिया है।

## अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर फायरिंग का वीडियो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सहिनवा गांव की पुलिया के पास से आरोपी अंकुर सिंह (22) को पकड़ा। उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। क्षेत्राधिकारी विनय गौतम के निर्देशन में चल रही इस कार्रवाई के दौरान पता चला कि आरोपी पहले भी पुलिस से बच निकल चुका है। वाहन चेकिंग के दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हो गया था। मुखबिर की सूचना पर सब इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने उसे धर दबोचा। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अंकुर के खिलाफ पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। एक मामला धारा 354 और पॉक्सो एक्ट से जुड़ा है, जबकि दूसरा धारा 109/351(3)/3(5) बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

## डंपर की टक्कर से एक की मौत, एक गंभीर

**खीरों, रायबरेली।** रायबरेली में तेज रफ्तार का कहर जारी है। ट्रक डंपर से हो रहे सड़क हादसों से प्रतिदिन कोई न कोई काल के गाल में समाता जा रहा है। ऐसे ही एक सड़क हादसे में दो बाइक सवारों को डंपर ने अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई वही दूसरा गंभीर अवस्था में घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार समय लगभग 2 बजे खीरों कस्बे के शास्त्री नगर ब्लॉक के बगल में एक ट्रक डंफर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें क्षेत्र के बाइक सवार दीपांशु पुत्र जगत बहादुर सिंह निवासी रनापुर पहरौली की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक सवार शिवाकांत मिश्रा रनापुर पहरौली गंभीर रूप से घायल हो गया।

# ज्येष्ठ मास के चौथे मंगलवार को हुआ शर्बत वितरण







**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** ज्येष्ठ मास के चैथे मंगलवार को सुदनापुर बाजार में श्री वैष्णो माता पूजा समिति की तरफ से प्रचंड गर्मी और नौ तपा की झुलसा देने वाली लू के बीच शरबत वितरण का आयोजन किया गया। भक्तों द्वारा शरबत वितरण किया गया। हनुमान जी की पूजा अर्चना कर वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया। सड़क पर आ जा रहे सभी राहगीरों को रुकवाकर कार्यकताओं ने शरबत पिलाया। इस पुनीत कार्य में दुकानदारों, श्रमिकों को ठंडा और ताजगीपूर्ण शरबत पिलाया गया जिससे उन्हें कुछ समय के लिए राहत मिल सके, इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए गए बजरंग बली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। समिति संयोजक विनोद तिवारी ने बताया कि तपती धूप में पानी व शरबत पिलाना पुण्य का काम है। इस मौके पर सुभाष चंद्र सोनी, मनोज वर्मा, राम मूरत तिवारी, वीरेंद्र यादव, शिव प्रकाश, मनोज तिवारी, शिवराम, राजेंद्र वर्मा, सूरज विश्वास, महेंद्र तिवारी, वीरेंद्र वर्मा, रमेश वर्मा, धर्मेंद्र पांडेय सूरज तिवारी सत्यदेव तिवारी, पुष्पेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

**कूरेभार में हजारों ने चखा प्रसाद**

**कूरेभार सुलतानपुर।** जेष्ठ माह के चैथे बड़े मंगलवार को कूरेभार क्षेत्र के तमाम हनुमान मंदिरों पर अल सुबह से ही दर्शन पूजन कर लोगों ने बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर होते होते कस्बे में दर्जनभर स्थानो पर प्रसाद के रूप में हलुवा, पूड़ी सब्जी, छोला चावल का वितरण कार्यक्रम का दौर शाम तक चलता रहा। जहां हाइवे से गुजरने वाले हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कूरेभार थाना परिसर के सामने स्थित मंदिर पर कूरेभार थाना प्रभारी रवींद्र सिंह ने हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद स्थानीय लोगों व पुलिस कर्मियों संग विशाल भंडारे का आयोजन किया। जहां शाम तक चले भंडारे में हजारों लोगों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उपनिरीक्षक राजेश यादव, गिरजेश कुमार, सूर्यपाल सिंह, श्याम नारायण मिश्रा, राजेश कुमार, दीवान इंद्रेश सिंह सिपाही समरजीत यादव, अभिषेक यादव सहित दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इसी कड़ी में भारतीय उधोग व्यापार मंडल कूरेभार इकाई ने ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत कसौधन की अगुवाई में कस्बे के व्यापारियों के सहयोग से चैक कूरेभार पर भंडारे की शुरूआत हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई, जहां सैकड़ों भक्तों ने चावल दाल का प्रसाद ग्रहण कर अपने गंतब्य को रवाना हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अरुण कसौधन, बिष्णु कसौधन,सचिन कसौधन, विवेक सिंह, गौरव मोर्य, आलोक तिवारी, सतीश कसौधन, संजू अग्रहरि, राहुल गुप्ता, नितिन राय, पंकज शर्मा, सुधांशु शिद्दत से शाम तक लगे रहे।

**हनुमान मंदिर पर शर्बत वितरण**

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** जयसिंहपुर क्षेत्र के बरौंसा से बेलहरी सड़क मार्ग हनुमतनगर मंडा में स्थित हनुमान जी की मंदिर पर हनुमान भक्तों की दर्शन करने के लिए भीड़ देखने को मिली। ज्ञात हो कि ज्येष्ठ मास के हर मंगलवार को बड़े मंगल के रूप में जाना जाता है इस माह में हनुमान जी के भक्त पूरी श्रद्धा से पूजा अर्चना करते है वहीं हिन्दू धर्म में बड़े मंगलवार को बहुत ही खास माना जाता है भक्तों की आस्था है कि इस माह में हनुमान जी की उपासना करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते है और अपने भक्तों पर कृपा दृष्टि बनाए रखते है और हर संकट को हर लेते है। स्थानीय कई गांवों के श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की मंदिर पर आकर अपनी श्रद्धा से माला फूल लड्डू चढ़ाकर पूजा अर्चना की। वहीं मंदिर परिसर के बगल में परशुराम युवा वाहिनी मिशन सुल्तानपुर के बैनर तले राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अमित तिवारी, जयसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर पांडेय, कूरेभार अध्यक्ष संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष घनश्याम तिवारी, राघवेन्द्र, नीतेश पांडेय,पंकज तिवारी, अरविंद राय सहित अन्य ने मंदिर पर दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को व आने जाने वाले राहगीरों को निशुल्क शरबत पिलाया।

## विपक्षियों ने मां-बेटी को पीटा, 11 पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जमीन हड़पने की नियत से हुए विवाद में मां बेटी को विपक्षियों ने मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई। पुलिस ने मामले में ग्यारह लोगों के विरुद्ध नामजद के दर किया है। कोतवाली क्षेत्र के पोखरदहा गांव की रेनू शर्मा पत्नी श्याम बहादुर शर्मा का आरोप है कि बीते शनिवार को देर शाम विपक्षी उनकी जमीन हड़पने की नियत से उनके घर आए और गाली देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे एवं लात घुसो से मारा पीटा। बीच बचाव करने आई उनकी बेटी तनु शर्मा को भी दौडाते हुए घर में घुसकर मारा पीटा। जिससे मां बेटी को काफी चोट आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को देर शाम गांव के ही अभिषेक शर्मा, पंकज तिवारी, मनोज तिवारी, रतन तिवारी, अंशुमान तिवारी, प्रांशु तिवारी, श्रेयश तिवारी, सुजल गौड़, दिलीप तिवारी, राधिका देवी, दीपिका शर्मा के विरुद्ध नामजद केस दर्जकर लिया है।

# किसान की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

**महराजगंज, रायबरेली।** खेत में काम करने गए एक 42 वर्षीय किसान की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या की सूचना जैसे ही ग्रामीणों सहित क्षेत्र वासियों को हुई वैसे ही ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होने लगी और कोतवाली प्रभारी द्वारा घटना की सूचना अपने जिले के आला अधिकारी पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह को दी। आनन फानन पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच पड़ताल की और परिजनों से जानकारी ली। वहीं उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह ने कहा कि जल्द ही हत्या करने वाले अज्ञात हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। ऐसे जघन्य अपराध को कारित करने वाले अपराधी जेल के सलाखों के पीछे होंगे।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर मजरे जमुरावां गांव के पास हलोर गांव निवासी किसान तेज बहादुर चैधरी पुत्र माता प्रसाद उम्र 42 वर्ष प्रतिदिन की भांति मंगलवार की सुबह 8 बजे गांव पर स्थित अपने ट्यूबवेल के नजदीक खेतों पर काम करने के लिए घर



से निकला था। तभी अज्ञात हत्यारे ने धारदार हथियार से गले पर वार कर दिया और तेज बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों द्वारा जानकारी मिलने पर परिजन व ग्रामीण ट्यूबवेल पर पहुंचे तो देखा कि खून से लतपथ तेज बहादुर का शव मौके पर पड़ा है और तेज बहादुर की जीवन लीला समाप्त हो गई। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान रिंकू चैधरी द्वारा कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव को दूरभाष पर दी गई। घटना की सूचना फैलते ही हड़कंप मच गया और आनन फानन कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा थोड़ी ही देर बाद फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं खेत में दिनदहाड़े हुई इस हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और जैसे ही जिले के मातहत पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह को घटना की सूचना मिली वैसे ही आनन फानन मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच पड़ताल की और उपस्थित कोतवाली प्रभारी व पुलिस बल को सख्त लहजे में निर्देश देते हुए कहा कि जल्द ही अज्ञात हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा क्षेत्राधिकारी यादुवेन्द्र बहादुर पाल, क्षेत्राधिकारी लालगंज गिरजा शंकर त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एस एस आई, देवेंद्र सिंह भदोरिया, एस आई उत्कर्ष केसरवानी, एसआई सुनील सिंह, एस आई रोहित कुमार, एसआई प्रज्ञा मिश्रा, फॉरेंसिक टीम तथा भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं मामले में मृतक के भाई प्रदीप कुमार चैधरी द्वारा अज्ञात हत्यारों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि मृतक के भाई प्रदीप कुमार चौधरी की तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही हत्यारों पड़कर जेल की सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे। मृतक किसान तेज बहादुर चौधरी की पत्नी रीता प्राथमिक विद्यालय हलोर में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत हैं। लड़का शिवांश 18 वर्ष, बेटी अनुष्का 16 वर्ष का रो रो कर बुराहाल है।

# ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर जिले में विभिन्न स्थानों पर हुए भंडारे

**रायबरेली।** जय हनुमान ज्ञान गुन सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर के शंखनाद के साथ जिले में हर्षोल्लास के साथ चौथे बड़े मंगल के भंडारे आयोजित हुए। लोगों ने सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा तथा भजन कीर्तन के साथ राम जी की निकली सवारी राम जी की महिमा है न्यारी, राम ना मिले हनुमान के बिना जैसे स्वर गुंजायमान हुए। गांव से लेकर षहर तक जय बजरंगबली के कीर्तन से गली-गली गुंजायमान रहा। कमालगंज में अक्षय कुमार सिंह, माधव सिंह आदि ने विषाल भण्डारे का आयाजन किया। ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित होने वाले प्रसाद वितरण के क्रम में एनएसपीएस त्रिपुला शाखा में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सर्व समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए पवनसुत को सब्जी-पूड़ी के प्रसाद का भोग लगाया तदोपरांत आम जनमानस को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न





शाखाओं के प्रधानाचार्यों में शिव लखन प्रजापति (प्रधानाचार्य त्रिपुला), राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू), इंद्र विक्रम सिंह (आरकेडी एनएसपीएस तेजगांव), शिवांग अवस्थी (एनएसपीएस लालगंज), अनिल कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य एनएससीएचई), संयोजिका संचिता त्रिवेदी, रुची मिश्रा, शिवकरन पाल, अनिल मिश्रा, राजू यादव, संजय सिंह, देवेंद्र सिंह, आर एन सिंह, सीएल यादव, रितेश शर्मा, अवधेश शर्मा, महेन्द्र कुमार, कामरान, डीपी जोशी, शुभम शुक्ला, गिरीश श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कई स्थानों पर हुए भंडारे और गूंजे बजरंगबली के भजन**

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र में चैथे बड़े मंगल पर आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए और चारों तरफ भगवान बजरंगबली के भजन गुंजायमान रहे। यह परंपरा लगभग सैकड़ो साल पहले शुरू हुई थी, जब बेहटा चैराहा स्थित प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर से भंडारे की शुरूआत हुई थी। पहले गुड़-धानी का भंडारा कराया जाता था, लेकिन समय के साथ इसका स्वरूप बदल गया और अब पूड़ी-सब्जी के अलावा विभिन्न व्यंजनों का भी भंडारा किया जा रहा है। तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी और तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ,नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहणकिया। ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। एडीओ सी जितेंद्र सिंह ,भास्कर सिंह , प्रदुम्न यादव ,प्रण वीर प्रताप सिंह ,डॉ राजशेखर ,शैलेंद्र सोनी ,फूल चंद्र, शौर्य शुक्ला ,सुचित कुमार, संतोष कुमार, प्रखर तिवारी आदि मौजूद रहे। महावीर होटल के सामने, आचार्य नगर में कई स्थानों पर भंडारा हुआ। अटल चैक गांधी चैराहे पर आरएसएस कार्यकर्ता सुशील शुक्ला, वाजपेई रेस्टोरेंट के मालिक रमाशंकर बाजपेई, उमाशंकर बाजपेई, आयुष बाजपेई, तन्नू वाजपेई, देवेश अग्निहोत्री, देवी प्रसाद गुप्ता, रमेश मिश्रा, अनेक द्विवेदी, रामकुमार गुप्ता,भोंदू गुप्ता, शिवसागर चैधरी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गयाजिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**ब्लॉक छतोह मुख्यालय में भंडारा का आयोजन**

**नसीराबाद, रायबरेली।** ब्लॉक छतोह मुख्यालय पर में चतुर्थ मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ के बाद ब्लॉक परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण हुआ।आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, छोले-चावल और बूंदी का वितरण किया गया। इसके अलावा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ भंडारा



**परतोष, अमेठी।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को टिकरी चौराहा,मुसवापुर के पहलवान बीर बाबा के धाम पर,बैसड़ा ,भेटुआ,सरूवावा सनहा ,मड़ेरिका आदि स्थानों पर सुबह से सुनदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ भक्तो ने किया। पाठ के बाद नीबू सरबत ,छोला चावल पूरी ,नुक्ती का प्रसाद आने जाने वाले राहगीरो को वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण कर भक्तो ने श्री हनुमान जी के जयकारे लगाए। इस मौके पर राजाराम यादव जिला पंचायत सदस्य व एडवोकेट सूबेदार यादव हुबराज यादव, साधू सिंह, अजय अग्रहरि दयाराम, कमलेश जायसवाल, प्रदीप कुमार,राजकुमार कश्यप राम बदल गुप्ता,दयाशंकर,मंगल मिश्र के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से हुआ रुक्मणि व श्री कृष्ण का विवाह

**भेटुआ,अमेठी।** भगवान को पदार्थ की भूख नही होतो है वे प्रेम व भाव के भूखे होते है उक्त बाते राम तीरथ नगर विनोवापुरी मे चल रही श्रीमदभागवत कथा के छठे दिन कथा प्रवचक आचार्य श्री नीरज कृष्ण पाण्डेय ने श्रोताओ के समक्ष कही। शहर के विनोवापुरी मे गणपति दयाल पाण्डेय के यहाँ चल रही श्रीमदभागवत कथा के छठे दिन कथा प्रवचक आचार्य नीरज कृष्ण पाण्डेय भक्तो को रुक्मणि विवाह, कंस वध व गोपी उद्धव सम्बाद की कथा सुनाई। प्रवचक ने रुक्मणि विवाह की कथा सुनाते हुए बताते है कि यह भगवान कृष्ण और देवी रुक्मणि प्रेम और त्याग कि कहानी है। रुक्मणि ने देव ऋषि नारद से भगवान श्रीकृष्ण कि कहानी व प्रशंसा सुन उनसे विवाह करने का निश्चय किया किन्तु



रुक्मणि का भाई रुक्मी श्री कृष्ण से शत्रुता रखता था रुक्मी ने रुक्मणि का विवाह शिशुपाल से तय कर दिया यह बात सुनकर देवी रुक्मणि बहुत नाराज हुई और इसकी सूचना भगवान श्री कृष्ण को पहुँचा दिया। तब श्री कृष्ण देवी रुक्मणि का हरण कर द्वारिका पुरी ले गये। शिशुवाल की आक्रमण करने पर भगवान श्री कृष्ण ने शिशुपाल का वध कर दिया और देवी रुक्मणि के साथ श्री कृष्ण का धूमधाम से विवाह हुआ। कथा आयोजक ने श्री कृष्ण व देवी रुक्मणि के विवाह की भव्य झांकी निकली जिसे देख श्रद्धालु भावविभोर हो गये। कथा समाप्ति के बाद कथा आयोजक गणपति दयाल पाण्डेय ने व्यास पीठ की आरती उतारी और कथा सुनने आये श्रद्धालुओ का स्वागत किया। इस मौके पर जय प्रकाश पाबड़ी,जैनेन्द्र तिवारी,अमन्कपूर, मनोज मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा ,अंजू तिवारी ,के साथ हजारों की संख्या मे लोगो ने कथा का रसपान किया।

## बाबा चित्थर शाह सेमरौता राजापुर हलीम में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश

**तिलोई,अमेठी।** हर वर्ष की परंपरा की तरह इस वर्ष भी बाबा चित्थर शाह के उर्स के अवसर पर राजापुर हलीम स्थित सेमरौता में भव्य कव्वाली संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल कायम की, जहां हर धर्म, जाति और समुदाय के लोग एक मंच पर आकर आध्यात्मिक वातावरण में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मशहूर कव्वालों की प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने अपने सूफियाना कलाम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। ह्मत बांटो पीले नीले हरे पी डी ऐ के कपड़ों में, मेरे छत पर तिरंगा रहने दोह्व जैसी पंक्तियों ने हर दिल को छू लिया और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। कव्वाली कार्यक्रम का संचालन जहीर कुरैशी के सौजन्य से किया गया, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से यह कार्यक्रम न केवल भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक अनुभव बना, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी बन गया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट और वाह-वाहकी आवाजों से कव्वालों का हौसला बढ़ाया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने देर रात तक कव्वालियों का आनंद लिया वहीं इस मौके पर रामू तिवारी अखिलेश तिवारी कर्ण बाजपेई देवी बाजपेई परमानंद मिश्रा भुटटू कुरैशी जुम्मन कसगर रेहान हासमी मो मुस्लिम मोहम्मद नवाज आदि तमाम लोग मौजूद थे।

## विधवा पर उत्पीड़न में ससुर व जेठ पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पारिवारिक विवाद के चलते परिजन एक विधवा महिला को उत्पीड़ित कर रहे है। पुलिस ने मामले में ससुर एवं जेठ के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के हमजापुर पठान गांव की सीमा वर्मा पत्नी स्व. विनोद वर्मा का आरोप है कि परिजन उसे संपति में हिस्सा नहीं दे रहे है। मांगने पर मारते पीटते हैं एवं उसकी चरित्र पर उंगली उठा रहे हैं। वह अपने तीन नाबालिक बच्चों के साथ दो वर्ष से अपने परिवार से अलग रहती है। जिससे उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। सोमवार को पीड़िता की दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जेठ प्रमोद वर्मा एवं ससुर तुलसी वर्मा के विरुद्ध नामजद केस दर्जकर किया है।

## रिफाइंड भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा तेल लूटने के लिए ग्रामीणों में मची होड़



**अमेठी।** जनपद के करौली थाना क्षेत्र अंतर्गत रिफाइंड आयल से भरा तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गया।टैंकर के पलटते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुँचे और तेल को डिब्बे और बाल्टी में भरकर अपने घर रवाना हो गए।हादसे में टैंकर चालक घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।टैंकर सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहा था ।जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कठौरा के पास का है जहाँ आज सुबह सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रहा है रिफाइंड आयल से भरा तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गया।टैंकर पलटते ग्रामीणों में तेल लूटने की और मच गई और बड़ी संख्या में डिब्बे और बाल्टी के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तेल को भरने लगे ।हादसे में टैंकर चालक रामराज पुत्र राम मिलन निवासी बहादुरपुर हैदरगढ़ जिला बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे इलाज के किये जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।घटना को लेकर कमरौली थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि घायल ड्राइवर को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कुछ ग्रामीण तेल को बर्तनों में भरने लगे थे जिन्हें मौके से हटा दिया गया है।मौके पर यातायात सामान्य है।

## ज्येष्ठ के चौथे मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर हुआ प्रसाद का वितरण



**गौरीगंज,अमेठी।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार जनपद के विभिन्न स्थानों पर शवत, पूड़ी सब्जी, चना, छोले चावल, हलुआ का वितरण किया गय प्रसाद ग्रहण कर भक्तो ने श्री हनुमान जी के जयकारे लगाए। जनपद मुख्यालय के एसपी सीमेंट फैक्ट्री क्रासिंग के पहले सामार्था मिल्क कम्पनी एसीसी गौरीगंज कम्पनी के सीईओ डा प्रशांत माड्ब्य सुल्तानपुर के यूनिट हेड डा ओपी सिंह, डिप्टी मैनेजर कुलदीप सिंह , क्वालिटी इंचार्ज सारंग धर पांडेय की अगुवाई में जय ब्रम्ह देव बाबा स्थान पर भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर एम सीसी इंचार्ज हरेंद्र सिंह, भुवनेन्द् विक्रम सिंह, अनुराग सिंह, प्रदीप मौर्य, हरि प्रकाश वर्मा, ओमप्रकाश, शैलेन्द्र सिंह, उमेश सिंह एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने थाना प्रभारी से जतायी नाराजगी

**नसीराबाद,रायबरेली।** दो पक्षों में लेन देन के विवाद ने तूल पकड़ लिया और एक पक्ष थाने पहुंच गया। उसकी तहरीर पर पुलिस विपक्षी को थाने उठा लाई। पुलिस की कार्यशैली से नाराज नगर पंचायत अध्यक्ष मो. अली सैकड़ों समर्थक के साथ थाने पहुंचे और नाराजगी जताई। वह मामला तो सुलझ गया परन्तु नगर में हो रहे अतिक्रमण की सूचना पर सुनवाई न होने का मुद्दा उठाकर उन्होंने पक्षपात का आरोप लगाया। साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष ने ये भी आरोप लगाया कि थाने जनप्रतिनिधि की कोई सुनवाई नहीं है। मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सैकड़ों समर्थक के साथ थाने पहुंचे और थाना प्रभारी कमलेश कुमार के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने नगर पंचायत द्वारा थाने में दी गई लिखित सूचनाओं की प्रार्थना पत्र की छाया प्रतियां दिखाते हुए थाना प्रभारी से कहा कि बार-बार की



मौखिक और लिखित शिकायतों के बाद भी पुलिस सहयोग नहीं कर रही है। इस कारण से नगर पंचायत का माहौल खराब हो रहा है और अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है कई सभासद के साथ-साथ कार्यालय में पहुंचे अध्यक्ष मोहम्मद अली में थाना अध्यक्ष से कहा कि यदि नगर पंचायत द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र पर कार्यवाही नहीं की गई तो आम जनता के साथ थाना परिसर में धरना दिया जाएगा। इस सम्बंध मे थाना प्रभारी कमलेश कुमार का कहना कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लगाए गए सारे आरोप बुनियाद हैं, पैसे के लेनदेन का मामला था जो दिलवा दिया गया है।

**विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर निकाली गई साइकिल रैली**

**रायबरेली।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय ने साइकिल रैली का आयोजन किया । यह रेस मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम से होकर पुलिस लाइन चौराहे से वापस मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम तक आयीं। जिला क्रीड़ाधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला क्रीड़ाधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरूषोत्तम ने खिलाडियो को साईकिल रेस के माध्यम से व्यायाम महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आयोजनों का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश देना है। इस अवसर पर मुकेश कुमार क्रीड़ाधिकारी, बाबूलाल, नरेश कुमार निषाद, खेल प्रशिक्षक लीना सिह,श्रद्धा सोनकर, शोएब खान, पिन्कू कुमार, अश्वनी चन्द्रा व खिलाड़ी उपस्थित रहे।



संक्षेप

## चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को चोरी की एक बाइक सहित गिरफ्तार किया है। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त मेहर पुत्र असलम निवासी आवास विकास कालोनी पानी की टंकी के पास थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को एटा चौराहा कस्बा व थाना शिकोहाबाद से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी की प्लेटिना मोटर साईकिल बरामद की गयी है। इस घटना के सम्बन्ध में थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## शस्त्र लाइसेंस गिरोह के आरोपी फरार

**आगरा।** फर्जी शस्त्र लाइसेंस गिरोह के बैंक खाते भी एसटीएफ की जांच के रडार पर हैं।उनके पेन कार्ड से बैंक खातों तक पहुंची एसटीएफ अब लेनदेन की भी जांच करेगी। इससे भी नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। फर्जी शस्त्र लाइसेंस गिरोह के खिलाफ दर्ज मुकदमे की विवेचना एसटीएफ के इंस्पेक्टर हुकुम सिंह कर रहे हैं। विवेचना के साथ मामले की जांच कर चुके इंस्पेक्टर यतींद्र शर्मा भी गैंग के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। एसटीएफ अब गैंग में शामिल लोगों के आय और व्यय का ब्योरा जुटा रही है। पेन कार्ड और आधार कार्ड के माध्यम से सभी आरोपितों के खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके बाद उनके ट्रांजेक्शन के बारे में जानकारी की जाएगी। एसटीएफ को आरोपितों के बारे में जानकारी मिली है कि सभी घरों से निकल गए हैं। अपने रिश्तेदारों की गाड़ियां लेकर वे अलग-अलग स्थानों पर निकल गए हैं। उनके मोबाइल बंद हैं। एसटीएफ अब उनके बारे में सर्विलांस से जानकारी जुटा रही है।

## डीएम ने किया घाटों का निरीक्षण

**मथुरा।** गंगा दशहरा पर्व के सफल आयोजन हेतु मथुरा में यमुना घाटों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण डीएम चन्द्रप्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा संयुक्त रूप से स्ट्रीमर के माध्यम से यमुना नदी के प्रमुख घाटों बंगाली घाट, राजा घाट, स्वामी घाट, विश्राम घाट एवं आदि घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं स्वच्छता सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा जिलाधिकारी ने बताया कि यमुना नदी में 36 गोताखोरों की तैनाती की जाएगी।, श्रद्धालुओं के लिए लाइफ जैकेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएँगे।, गहरे पानी वाले स्थलों पर चेतावनी बैनर लगाए जाएँगे।, ध्वनि वर्धक यंत्रों के माध्यम से सतर्कता घोषणाएँ की जाएँगी। घाटों पर बैरीकेटिंग की जाएगी, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से स्नान कर सकें। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की जाने वाली प्रमुख जनसुविधाएँ, महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक चेंजिंग रूम बनाए जाएँगे, जो पूर्ण रूप से कवर्ड होंगे। घाटों के दोनों ओर खोया-पाया शिविर स्थापित किए जाएँगे।, शुद्ध पेयजल हेतु टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट्स लगाए जाएँगे। घाटों की सफाई हेतु विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। जिला अधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वारा घाटों से लगी गलियों का भी निरीक्षण किया गया।

# दिनदहाड़े भूमि विवाद में सगे भाई की गोली मारकर हत्या

## हत्यारोपित प्रेम गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी



**मथुरा।** फरह थाने के रैपुराजाट चौकी क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर बाजार में भाई ने भाई की गोली मार हत्या कर दी। दिनदहाड़े बाजार में हुई घटना से सनसनी फैल गई। हत्या के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्यारोपितों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया फरह थाने के रैपुराजाट चौकी क्षेत्र के रहने वाले ओमवीर का उनके ही भाई प्रेम सिंह से भूमि को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की दोपहर ओमवीर रैपुरा जाट स्थित केनरा बैंक से रुपये निकालने गया था। इसी दौरान उनके भाई प्रेम सिंह ने अपने साथियों के साथ गोलियों की बौछार ओमवीर पर कर दी। फायरिंग में ओमवीर को चार गोली लगी और लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद कार सवार हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। सूचना पर एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह, सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय, रिफाइनरी थाना प्रभारी निरीक्षक अजय वर्मा समेत पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ओमवीर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बैंक के सीसीटीवी कैमरों की मदद से फायरिंग करने वालों की पहचान कर ली। इसमें उसका सगा भाई प्रेम शामिल था। पुलिस ने प्रेम को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश में दबिश देने में जुट गई है।

## हत्या में वांछित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसके पास से एक फावड़ा बरामद हुआ है। थाना नगला सिंघी प्रभारी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर टीकरी में पिता पुत्र की हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने नगला लल्लू से गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसकी निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा बरामद हुआ है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम सन्नी उर्फ सनी पुत्र हुब्बलाल उर्फ कमल सिंह निवासी टीकरी थाना नगला सिंघी बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।

# बेसिक शिक्षा विभाग में चहेतों को मिल रही मलाईदार कुर्सी

**आगरा।** जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग की जड़ों में फैला अवैध अटैचमेंट का रोग कथित कॉकस के लिए मुफीद बना हुआ है। यह कॉकस अपने निजी फायदे के लिए कथित रूप से उन बाबुओं को मोहरा बनाकर मलाईदार कुर्सियों पर काबिज करवा रहा है, जिनके खिलाफ पूर्व में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के आरोप में कार्रवाई तक हो चुकी है। इसके बाद की विभागीय कहानी किसी से छिपी नहीं है। आपको बता दें कि शासन द्वारा अटैचमेंट पर सख्त रोक के बावजूद आगरा के बेसिक शिक्षा विभाग में विभिन्न ब्लॉकों के बाबुओं का अटैचमेंट करने का खेल थम नहीं रहा है। हाल ही में मुख्यालय पर अटैचमेंट के रूप में तैनात किए गए बाबुओं में से एक के खिलाफ इतने गंभीर आरोप हैं कि विगत में तत्कालीन संबंधित ब्लॉक के बीइओ ने उसके साथ कार्य करने से इनकार करते हुए अपने उच्चाधिकारी को पत्र लिखा था। यह बाबू मृतक आश्रित कोटे से विभाग में कनिष्ठ लिपिक पद पर भर्ती हुआ था। वरिष्ठ लिपिक पद पर पदोन्नति मिलने के बावजूद उसने यह पद स्वीकार नहीं किया। इस बाबू पर रिश्वत लेने से लेकर एक शिक्षिका को एक साल तक विदेश में घूमने के बावजूद वेतन जारी कराने जैसे गंभीर आरोप लगे थे। जब इसका भंडाफोड़ हुआ तो इसे निलंबित कर दिया गया। अब एक बार फिर विभागीय अधिकारी इस कथित भ्रष्टाचारी बाबू पर मेहरबान हैं। हाल ही में इसे अटैचमेंट के जरिए मुख्यालय में तैनात कर महत्वपूर्ण पटल सौंप दिया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के मुख्यालय पर उन्हीं बाबुओं का बोलबाला है, जिनके कारनामे विगत में सुर्खियों में रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इन बाबुओं के पीछे एक शक्तिशाली कॉकस है जो इनके जरिए निलंबन बहाली, आरटीई, स्कूलों की किताबों की कमीशनबाजी और निरीक्षण के नाम पर अवैध वसूली जैसे खेल को अंजाम देता है। विगत में बाबुओं के ऐसे ही कारनामों ने विभागीय छवि को बुरी तरह शर्मसार किया है। बेसिक शिक्षा विभाग मुख्यालय पर अटैचमेंट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विगत में सीडीओ से लेकर एडी बेसिक तक ने लिखित और मौखिक रूप से निर्देश जारी कर समस्त अटैचमेंट समाप्त कर कार्मिकों को उनके मूल तैनाती स्थल पर भेजने के निर्देश दिए थे। आदेशों के अनुपालन में आनन-फानन में लिखित आदेश जारी कर अधिकारियों को भ्रमित कर दिया जाता है। कुछ समय बाद यह खेल फिर शुरू हो जाता है। मुख्यालय पर अटैच होने वाले बाबुओं का ज्ञान का स्तर इतना सीमित है कि उन्हें कंप्यूटर से लेकर विभागीय कार्यों की भी समुचित जानकारी नहीं होती।

# व्यापार मंडल का पुलिस सम्मान समारोह आयोजित



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, फिरोजाबाद द्वारा पुलिस लाइन सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद फिरोजाबाद की पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों के लिए आभार प्रकट किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर शहर के प्रमुख व्यापारियों ने एकजुट होकर फिरोजाबाद पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता से जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है, जिससे व्यापारी वर्ग निर्भय होकर अपना व्यवसाय कर पा रहा है। व्यापारीगणों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद व उनकी टीम का पुष्पमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी बड़े व्यापारीगण उपस्थित रहे और पुलिस के प्रति आभार जताया। बैठक के अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा व्यापार मंडल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि, ह्लपुलिस जनसेवा हेतु है और यह जनता की सुरक्षा व शांति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस को स्वतंत्रता से कार्य करने की छूट दी गई है, जिससे जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सम्भव हो सका है और व्यापारियों का आभार जताते हुए कहा कि समाज और पुलिस का तालमेल ही अपराधमुक्त वातावरण का आधार है। एसएसपी फिरोजाबाद ने डिजिटल वॉलंटियर ग्रुप की विशेष चर्चा करते हुए बताया कि यह समूह पुलिस की अनुपस्थिति में समाज के बीच पुलिस का प्रतिनिधि बनकर कार्य करता है और आपराधिक गतिविधियों की जानकारी साझा करने में सहायक होता है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया कि वे इस डिजिटल समूह से जुड़ें ताकि पुलिसिंग और अधिक प्रभावशाली और सामुदायिक बन सके। इस सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, आरआई लाइन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पुलिस और व्यापारी समुदाय के बीच बेहतर संवाद और सहयोग का एक सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

## साइबर अपराधियों ने जिलाधिकारी की फेक व्हाट्सएप आईडी, डीएम ने कराया केस दर्ज

**मथुरा।** आम जनता के तो कहने ही क्या अब जिले के आलाधिकारी तक साइबर ठगों के निशाने पर हैं। किसी साइबर शातिर ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के नाम पर ही फेक वाट्सएप अकाउंट बना डाला। डीएम के इस फेक अकाउंट से डीएचओ से 50 हजार रुपये की मांग की गई। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से सावधान रहने की अपील की है। वाट्सएप पर किसी शातिर साइबर ठग ने लाओस के नंबर 8562098330804 से डीएम का फोटो लगाकर फेक एकाउंट बना लिया। फोटो के नीचे डीएम का नाम चंद्र प्रकाश सिंह भी लिखा गया। इस फेक अकाउंट के जरिए शातिर ने उद्यान अधिकारी मनोज कुमार चतुर्वेदी को वाट्सएप पर संदेश भेजा। उसमें पहले डीएचओ के हाल पूछे और फिर लोकेशन के बारे में पूछा। डीएचओ ने स्वयं को आफिस में होना बताया। फेक अकाउंट धारक ने स्वयं को डीएम दर्शाते हुए मीटिंग में व्यस्त बताया और डीएचओ से किसी एकाउंट में 50 हजार रुपये आनलाइन ट्रांजेक्शन किए जाने की बात कही। शक होने पर डीएचओ मनोज कुमार ने जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया। डीएम ने शातिर के खिलाफ एफआइआर किए जाने के आदेश दिए हैं। डीएम ने लोगों से सावधान रहने व उनके नाम पर किसी के झांसे में न आने की अपील की है। डीएचओ मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि फेक अकाउंट से उनसे 50 हजार रुपये मांगे गए थे। जिलाधिकारी के नाम पर पैसे मांगे जाने पर उन्हें शक हुआ। थाना सदर में मामले की शिकायत की है। एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के फेक अकाउंट बनाए जाने की शिकायत मिली है। साइबर टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। लाओस के नंबर से अकाउंट बनाया गया है। दोषी ही जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया किसी असामाजिक तत्व द्वारा उनका फेंक/फर्जी व्हाट्सएप बनाया गया है, जिसमें मो. नंबर $8562098330804 का प्रयोग किया जा रहा है। व्हाट्सएप में जिलाधिकारी की फोटो का भी प्रयोग किया जा रहा है। उक्त के विरुद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराई गई है। कृपया आप सभी सावधान रहे।

# सवारियों से लूट करने वाले 4 गिरफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम व सर्विलांस टीम द्वारा लूट के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान व 03 अभियुक्तगण को चैकिंग के दौरान कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से एक ईको कार 1200 रुपये नकद व चोरी का मोबाइल बरामद हुआ व मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त मनोज के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है। थाना टूण्डला पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि दिनांक 29-05-2025 को वादी को 05 कार सवार व्यक्तियों द्वारा सवारी के रुप में बिठाकर, वादी से उनका बैग व 1200 रुपये नकदी लूट लिये थे। तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना टूण्डला पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि थाना टूण्डला पर लूट के पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्तगण किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में ग्राम बाघई के पास घूम रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा ग्राम बाघई रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाकर अभियुक्तगण मनोज पुत्र अमर सिंह, मुकेश राजपूत उर्फ भूरा पुत्र राजवीर, राहुल झा पुत्र भुवनेश्वर एवं प्रशान्त पुत्र स्व0 गजेन्द्र को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित लूट का माल टोल प्लाजा से बाघई रोड पर छिपाए जाने की जानकारी दी गई। टूण्डला पुलिस टीम द्वारा माल की बरामदगी हेतु अभियुक्त मनोज को लेकर मौके पर पहुँची तो अभियुक्त मनोज द्वारा लूटे गये बैग में छिपाए हुए तमंचे से अचानक पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गयी जवाबी फायरिंग में मनोज के पैर में गोली लगने से वह घालय हो गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया और अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

# पीडब्ल्यूडी की सड़क उखड़ी, ग्रामीणों ने डीएम से की जांच की मांग



टूंडला। एनएचएआई से एक गांव को जोड़ने वाली सड़क को पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया जा रहा है। सड़क पर एक हफ्ते पहले डाली गई तारकोल उखड़ना शुरू हो गई है। सड़क से गिट्टी निकल कर बाहर आ रही है। ग्रामीणों ने गांव के लिए बनाई जा रही सड़क की डीएम से जांच कराए जाने की मांग की है। राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा स्थित मदावली व जारखी जाने वाले मार्ग को पीडब्ल्यूडी द्वारा पक्का मार्ग बनाया जा रहा है। यह मार्ग एनएचएआई-19 से मदावली व जारखी गांव के लिए एक दशक पूर्व बनाया गया था। पीडब्ल्यूडी ने राष्ट्रीय राजमार्ग से मदावली व जारखी गांव के लिए ढाई किलोमीटर का एक हफ्ता पहले पक्का मार्ग बनाया था। ग्रामीणों का आरोप है कि एक हफ्ते पहले बनाई सड़क से तारकोल व गिट्टी पूरी तरह से उखड़ रही है। सड़क धीरे-धीरे फिर से गड्ढ़ों में तब्दील हो रही है। सड़क के किनारे से गिट्टी निकल कर बाहर आ रही है। ग्रामीणों ने एक हफ्ते पहले बनाई गई पक्की सड़क की डीएम रमेश रंजन से जांच कराए जाने की मांग की है। मांग करने वालों कौशलेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, साहब सिंह कुशवाह, कृष्णपाल पोनियां, दिनेश कुमार अजीत सिंह पोनियां सचिन पोनियां आदि हैं। लोनिवि, फिरोजाबाद के अवर अभियंता विष्णु दत्त का कहना है कि ठेकेदार ने प्राथमिक विद्यालय से लेकर 25 मीटर सड़क के टुकड़े को खराब कर दिया है। ठेकेदार को सड़क को सही करने के लिए दोबारा से लिखित आदेश कर दिए गए हैं।

# यमुना के डूब क्षेत्र की हरियाली निगल रहे माफिया

**आगरा।** ताजनगरी में ताजमहल ही नहीं दर्जनों प्राचीन स्मारकों की संजीवनी यमुना व उसके डूब क्षेत्र में विकसित हरियली तथा वहां खड़े तमाम प्राचीन पेड़ हैं। लेकिन जनपद में कुछ जिम्मेदार विभागों में बैठे बड़े से लेकर छोटे अधिकारी तक अपनी तिजुरी भरने के लिए माफिया से मिल रहे कालेधन के चलते अपनी जिम्मेदारी से आंखें मूंदे हुए है। माफिया ने सिर्फ अधिकारियों को ही नहीं जनपद के मेन स्ट्रीम मीडिया को भी अपने जंजाल में फंसा रखा है। यमुना के डूब क्षेत्र की हरियाली के लगातार कत्ल के साथ इन लोगों की अघोषित सम्पत्तीयों में बहुत बड़ा इजाफा भी हो रहा है। इस भ्रष्टाचार में सामिल तमाम विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अब तक अपनी सम्पत्तियों विवरण सार्वजनिक नहीं किया है। यमुना डूब क्षेत्र की हरियाली के कत्ल में सिंचाई विभाग, नगर निगम, एडीए, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा जिला प्रशासन की भूमिका संग्धिद है। इन विभागों द्वारा यमुना के डूब क्षेत्र में हो रहे अवैध निमार्णों के खिलाफ शुरू से ही कड़ी कार्यवाही करने में लापरवाही बरती गई जो वर्तमान में भी जारी है। जब कि सुप्रीम कोर्ट यमुना के संरक्षण को लेकर लगातार सरकारों व जिम्मेदार विभागों को चेताता आ रहा है। यमुना किनारे बन रही दर्जनों अवैध कॉलोनियां व मकानों का निर्माण जिम्मेदार विभागों के भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सबूत है। माफियाओं ने जिम्मेदार विभागों के संरक्षण में 20 से तीस किलो मीटर तक डूब क्षेत्र की हरियली का कत्ल कर डाला है। यह कत्ल आज भी लगातार जारी है। सबसे बड़ी हैरत की बात यह है कि यमुना के डूब क्षेत्र में बनी अवैध कॉलोनियों का मल मूत्र भी सीधे यमुना में गिर रहा है। यमुना के दोनों ओर से बहाया जा रहा मलमूत्र यमुना को ही नहीं उसमें रहने वाले जलचरों को मारने का कार्य कर रहा है। यमुना के डूब क्षेत्र से खत्म होती हरियाली व पेड़ों के खत्म होने से इन क्षेत्रों में रहने वाले मोर व गिद्द सहित दर्जनों प्रजातियों के पक्षी लुप्त प्रायाय हो गये हैं।

**● भ्रष्ट विभागों के अधिकारियों के सामने सुप्रीम कोर्ट भी हलकान, नहीं हो निदेर्शों का पालन**

सबसे बड़ी हैरत की बात यह है कि एएसआई द्वारा संरक्षित घाट व प्रचीन स्मारकों पर माफियाओं द्वारा कब्जा कर उन्हें नष्ट करने के साथ वहां आज भी अवैध निर्माण कराया जा रहा है। यूपी सरकार से लेकर जिला प्रशासन इन गम्भीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का अनुपालन न कर अवमानना कर रहे हैं। ताजनगरी में जीवनी मंडी कृष्णा कालोनी से लेकर मनोहरपुर सिंकदरा तक डूब क्षेत्र की हरियाली व प्राचीन स्मारक तथा घाट लुप्त हो रहे हैं। बल्केश्वर के राधानगर गोशाला के पीछे यमुना तट के डूब क्षेत्र में एएसआई द्वारा घोषित प्राचीन स्मारक व डूब क्षेत्र की हरियाली पर दीवार लगाकर लगातार हो रहा अवैध निर्माण इस बात का जीता जागता सबूत है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा जीता जागता सबूत जोंस मिल जमीन कांड था जिसमें आजतक कब्जे आदि की कार्यवाही नहीं हुई तथा इस घटना से जुड़े भूमाफियाओं के सामने भाजपा के माननीय जनप्रतिनिधि हर रोज धोंक लगाते नजर आते हैं। एक भाजपा विधायक को भूमाफिया ने मामले को दवाने के एवज में ईनाम में एक कार्यालय भी दान कर दिया है। आपको बता दें कि एनजीटी में प्रदेश सरकार स्वेत पत्र दिया है। यमुना के डूब क्षेत्र का निर्धारण भी किया जा चुका है। भाजपा के एक माननीय जो आजकल राज्य सभा के सांसद है ने भी अकबरपुर सिकंदरा में डूब क्षेत्र की कई बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है। वहीं इसी क्षेत्र में नगर निगम ने तलाब की जमीन पर कब्जा कर अपना वर्कशॉप भी बनवा रखा है। यहां यह सबसे बड़ा सबाल हैं कि क्या सरकार व प्रशासन सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल होने का ही इंतजार करगें या अपनी भूमिका भी कभी अपने आप भी निवार्हान करते नजर आयेंग? आपाको बता दें कि पर्यावरणविद डीके जोशी (अब दिवंगत) की याचिका पर एनजीटी ने यमुना डूब क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण ध्वस्त करने के आदेश दिए थे।

## ग्राम सुरक्षा समिति पुनर्गठन के तहत पुलिस कर रही गस्त

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर सख्त नियंत्रण हेतुं नई पहल ग्राम सुरक्षा समिति का नवाचारपूर्ण पुनर्गठन किया गया है।उत्तर प्रदेश पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध व असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जनपद फिरोजाबाद में ग्राम स्तर पर एक सशक्त सुरक्षा ढांचे की स्थापना कर इस क्रम में ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया है, जो नगर ग्रामीण सुरक्षा को आधुनिक व संगठित स्वरूप प्रदान करेगा। जनपद फिरोजाबाद में कुल 1153 ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है जिसमें शहरी क्षेत्र में 563 समितियाँ व देहात क्षेत्र में 600 समितियाँ है। यह समिति पहले से कार्यरत ग्राम सुरक्षा समितियों का एक उन्नत व क्रियाशील रूप है, जो न सिर्फ सूचना तंत्र को मजबूत करेगी बल्कि गांव के आम नागरिकों को पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था में भागीदार बनाएगी।

## जानलेवा हमले में 2 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम ने जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा वादी के सर पर बेल्चा से जानलेवा हमला कर घायल करने वाले अभियुक्त अलोक कुमार उर्फ रिशी पुत्र बृजेश कुमार बृजेश कुमार पुत्र स्व. शेर सिंह निवासी नगला इमलिया जोत थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त बेल्चा बरामद किया गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना जसराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

## विकास कार्यों को लेकर पार्षद मुन्ना मलिक ने की सांसद हेमा से मुलाकात



**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र के वार्ड सं0-31 के विकास कार्यों को लेकर पार्षद मुन्ना मलिक ने मथुरा की सांसद हेमा मालिनी से मुलाकात की। उन्होंने वार्ड के दो बड़ी समस्याओं को लेकर सांसद को पत्र सौंपा। उन्होंने सांसद महोदय को बताया वार्ड सं0-31 के लोग अभी तक खारा पानी पीने को मजबूर हैं खारे पानी से बेहद गंभीर समस्या आ रही है नगर निगम द्वारा गंगाजल के नाम पर हाथ खड़े कर दिए जाते हैं ग्रीष्म ऋतु का आवागमन हो चुका है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये जिन क्षेत्रों में गंगाजल की आपूर्ति नही हो रही है, उन सभी क्षेत्रवासियों को पेयजल की काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत के लिये 150 एम०एल०डी० गंगाजल की आपूर्ति कराये जाने व पेयजल की समस्या का निराकरण कराने की मांग की इ तथा दूसरी मांग वार्ड-31 में भूतेश्वर परिक्रमा मार्ग पर अखाडे के पास प्राचीन बलभद्र कुण्ड है। (भूतेश्वर महादेव मंदिर के सामने) इसमें पौराणिकता के अनुसार नवीनीकरण के साथ सौंदर्याकरण जीर्णोद्वार करवाया जाये। इस कुण्ड के पौराणिकता को जीवंत बनाने और उसे भव्य एव आकर्षक स्वरूप प्रदान करने का कार्य किया जाये कुण्ड पर आकर्षक फ्लोरिडा के कार्य के साथ ही विश्राम घर, बाउंड्रीवाल, प्रवेश द्वार, आर्कषक व्याख्या दिवार, शौचालय, बेंच, आदि और परिसर में आकर्षक फूल पौधे रोपित किये जायें। जनहित में वार्ड में गंगा जल और बलभद्र कुंड का विकास कराने की मांग रखी। वार्ड सं0-31 के पार्षद मुन्ना मलिक ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर वह हर संभव प्रयास कर रहें है क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराए जाएंगे। सांसद हेमा मालिनी ने वार्ड 31 में शीघ्र गंगा जल उपलब्ध कराने और बलभद्र कुंड का शीघ्र सौंदर्यीकरण कराने का आश्वासन दिया और कहा हमारी कोशिश रहेगी 6 माह में ये दोनों कार्य करा दिए जाएं।

## आगरा के नगला रामी में एक ही परिवार की छह लड़कियों की यमुना में डूबने से मौत

**आगरा।** सिकंदरा थाना क्षेत्र के रामी नगला गांव में आज सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यमुना नदी में नहाने उतरीं एक ही परिवार की छह किशोरियां डूबकर काल के गाल में समा गईं। इस हृदय विदारक घटना से गांव में मातम छा गया है, और पीड़ित परिवार पर तो जैसे पहाड़ टूट पड़ा है। मृत लड़कियां एक ही परिवार के भाइयों की बेटियां हैं जो आपस में चचेरी बहनें थी। जिन लड़कियों की डूबने से मौत हुई है, उनके नाम दिव्या, मुस्कान, नैना, संध्या, सोनम, सुहानी हैं। ये सभी ग्राम पंचायत रामी नगला के मजरा नगला नाथू की हैं। बताया गया है कि उक्त छह लड़कियों समेत कुल आठ लड़कियां यमुना किनारे गई हुई थीं। ये सभी छह लड़कियां यमुना में नहाने उतर गईं, लेकिन वे पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा सकीं। देखते ही देखते सभी लड़कियां गहरे पानी में चली गईं। इन लड़कियों के साथ आई दो अन्य लड़कियों ने इन लड़कियों को डूबते देखा तो शोर मचाया। इस पर बहुत सारे लोग एकत्रित हो गये, लेकिन कोई लड़कियों को बचा नहीं पाया। गांव के तमाम लोग जो तैरना जानते थे, नदी में कूद पड़े, लेकिन सभी लड़कियां गहरे पानी में डूब चुकी थीं। बाद में पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाया और कुछ ही देर की मशक्कत के बाद सभी छह शव नदी से बाहर निकाल लिए। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों की आंखें शव देखकर फटी की फटी रह गईं। मृतक बालिकाओं की आयु 10 से 18 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पहचान की प्रक्रिया जारी है। इस हादसे के बाद सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि पूरा गांव शोक की चपेट में है। हर गली, हर कोना खामोश है, जैसे कोई कह रहा हो कि बेटियाँ अब नहीं लौटेंगी।

# मथुरा में हुआ कंगन नाटक का मंचन



**मथुरा।** नटराज ग्रुप ऑफ आर्ट्स ट्रस्ट के तत्वाधान में 1 जून को पाच्चजन्य प्रेक्षागृह में आशीष राजपूत के निर्देशन में कंगन नाटक का मंचन किया गया। कंगन नाटक ने सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कंगन नाटक कहानी कुछ इस प्रकार से थी, यह एक विशुद्ध साहित्यिक प्रेम कहानी है। जिसका नाट्य रूपांतरण मंचित किया जा रहा है। इसको कहानी का आधुनकि रंगमंच में इसे प्रयोगात्मक भी कहा जाता है। ये कहानी दो दोस्तो की है। जो स्कूल और कॉलेज में एक साथ पढ़ें और बड़े हुए और फिर अपने करियर बनाने के लिए अलग अलग दिशाओं में निकल जाते है। एक इंजीनियर बनता है। तो दूसरा एक छोटे से गांव के स्कूल का ड्रॉइंग मास्टर बनता है। इसके बाद उनके जीवन में जो भी उतार चढ़ाव आते है और घटित होता है। जीवन के खट्टे मीठे अनुभव एवं परिस्थितियां और फिर दोनों अपने जीवन और दिशाओं की और चले जाते है और फिर 25 साल बाद एक बार फिर मिलते है। नाट्य रूपांतरण का पूरा ताना बाना इसी घटना क्रम के इर्द गिर्द घूमता है। शैली बंसल शाह, कनिष्क चौहान सिंगर, गौरव शर्मा फिल्म एक्टर एंड जर्नलिस्टह्व कुलदीप दुबे भोजपुरिया सिंगर, मोनू राजवत (सांवरिया फिल्म्स), डॉ वर्तिका किशोर, निधि तोमर, डॉ रूपा अशीष गोपाल, नीना जैन, गीता नथनी पायल अग्रवाल कत्थक नृत्यकार, बिंन्देश चतुर्वेदी, डॉ झूमि कुलश्रेष्ठ कुलदीप दुबे आदि लोगो का विशेष सहयोग रहा। नाटक के कुछ दृश्य इतने मार्मिक थे। के दर्शकों की आँखें भी भर आई थी। सभी कलाकारों ने अपनी अदाकारी से दर्शकों को खूब रिझाया और खूब वाह व्हाई और तालियां बटोरी वाकई में सबहु कलाकारों ने सराहनीय काम किया एवं उम्दा काम किया। आशीष राजपूत, गौरव शर्मा पत्रकार समीर मालिक, विशाल दिवाकर, सोनू शर्मा, अपूर्वा गुप्ता, संजय पौरुष, आराध्य सिंह, कामरान रिजवी, दिव्यांशु सारस्वत ,दीपक शर्मा ,कृष्ण शर्मा, अनीश खंडेलवाल, सिद्धांत तिवारी, वरुण शर्मा ,फाईजा उस्मानी, सुमित राजपूत मोहन किंग, अजय शर्मा, शंशाक जैन, ज्ञानेश शर्मा, मोनू मालिक सचिन मैसी, आकाश शर्मा इन सभी कलाकारों ने किरदार निभाए।

## दुकानदारों को फोस्टेक प्रमाण-पत्र वितरित

**मथुरा।** तहसील गोवर्धन के खाद्य कारोबारकर्ताओं संग आगामी मुड़िया मेला के सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए होटल गिर्राज इन में खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन मथुरा के अधिकारियों सहायक आयुक्त खाद्य- द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह एवं अरूण कुमार द्वारा खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## संक्षेप

### अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर दोहरी रणनीति अपनाये भारत

नयी दिल्ली। अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाये जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैर-संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है। आयोग ने नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए सुरक्षा स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

### वेदांतु के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन

बंगलुरू। वेदांतु जेईई एडवांस्ड 2025 में अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की गर्व से घोषणा करता है। बैंगलोर के दक्ष तायलिया भी शामिल हैं, जिन्होंने गणित में पूरे 120 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 15वाँ स्थान प्राप्त किया है और कर्नाटक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वेदांतु के 3 वर्षीय दीर्घावधि बैच के छात्र दक्ष का अटूट अनुशासन, प्रतिबद्धता और प्रक्रिया में विश्वास वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। इसके अलावा वेदांतु परिवार को गौरवान्वित करने वाले गोरखपुर के प्रखर सिंह भी हैं, जिन्होंने लॉन्ग टर्म बैच में अखिल भारतीय 92वीं रैंक हासिल की हैं।

### अनअकैडमी के छात्रों ने प्राप्त की शानदार सफलता

बंगलुरू। जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम आ चुका है, और इस बार अनअकैडमी ने सफलता की एक नई कहानी लिखी है। इस साल अनअकैडमी के 4129 से ज्यादा छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की है, जो यह साबित करता है कि सही गाइडेंस, मेहनत और तकनीक के साथ कोई भी लक्ष्य पाया जा सकता है। उज्जवल केसरी सहित सभी छात्रों को दिल से बधाई देते हैं। यह सिर्फ छात्रों की मेहनत का नहीं, बल्कि हमारे सभी शिक्षकों और पूरी टीम के दिन-रात के प्रयासों का नतीजा है। हम आगे भी इसी जुनून और समर्पण के साथ छात्रों की मदद करते रहेंगे, ताकि वे अपने सपनों को हकीकत बना सकें।

### जेईई एडवांस्ड टॉपर्स ने मनाया सफलता का जश्न

लखनऊ। पीडब्ल्यू ने अपने जेईई एडवांस्ड 2025 के नतीजे जारी किए हैं, जिसमें उसके चार छात्रों ने टॉप 100 में जगह बनाई है। लखनऊ और बाकी शहरों में फिजिक्सवाला के मेधावी छात्रों ने विजय यात्रा 2025 के जरिए अपनी सफलता का जश्न मनाया – ये एक छात्र रैली थी जो जेईई एडवांस्ड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स को सम्मान देने के लिए निकाली गई। फिज़िक्सवाला के शिक्षक, संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने कहा कि पीडब्ल्यू के टॉपर्स की लिस्ट में सबसे आगे हैं माजिद हुसैन, जिनका ऑल इंडिया रैंक 3 है। इन नतीजों से साफ होता है कि पीडब्ल्यू का लर्निंग सिस्टम कितना फ्लेक्सिबल है – कुछ स्टूडेंट्स ने पीडब्ल्यू ऐप के जरिए ऑनलाइन पढ़ाई की, तो कुछ ने ऑफलाइन टेक-इनेबल्ड पीडब्ल्यू विद्यापीठ सेंटर्स और पीडब्ल्यू की बोधरा क्लासेस के जरिए अपनी तैयारी की, जैसा कि उन्हें सबसे बेहतर लगा।

### योलोबस ने शुरू की प्रीमियम बस सेवा

बंगलुरू। योलोबस ने आज अपनी लक्जरी बस सेवा आधिकारिक रूप से लॉन्च कर दी। यह नई पेशकश क्षेत्रीय यात्रा को बेजोड़ आराम, स्वच्छता और सुविधा के साथ नया आयाम देने का लक्ष्य रखती है। अंतर-शहरी सफर को सहज व आनंददायक बनाने के मिशन के तहत योलोबस अब ऐसे प्रीमियम कोच उपलब्ध करा रहा है जिनमें आरामदायक सीटें और हाइजीनिक केबिन शामिल हैं। यह सेवा सभी यात्रियों–खास तौर पर महिला यात्रियों–के लिए सुरक्षित, समयबद्ध और बिना झंझट के सफर सुनिश्चित करती है।

# सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 636 अंक टूटकर 81,000 अंक के नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नीचे आया।

घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। निवेशकों ने ऊर्जा, वित्त और आईटी शेयरों में बिकवाली की। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 636.24 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 798.66 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है...। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), इंडसइंड बैंक, मारुति, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे ज्यादा गिरावट में रहे। केवल महिंद्रा एंड महिंद्रा लाभ में रही। अदाणी समूह की 11 सूचीबद्ध कंपनियों में गिरावट दर्ज की गई। अदाणी समूह ने सोमवार को कहा कि वह अपने किसी भी बंदरगाह पर ईरान से आने वाले किसी भी माल या ईरान के किसी भी जहाज के रखरखाव में शामिल नहीं है। कंपनी ने इसमें जानबूझकर किसी भी रूप से शामिल होने की बात से इनकार किया है। समूह ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी किसी भी इकाई और ईरानी एलपीजी के बीच संबंधों की रिपोर्ट पूरी तरह से निराधार और गलत है। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.52 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे टूटकर 85.60 पर बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे टूटकर 85.60 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से रुपये की विनिमय दर पर असर पड़ा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बीच नकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों को देखते हुए रुपये पर दबाव रहा। निवेशक रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति घोषणाओं का इंतजार कर रहे हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बुधवार को अपनी द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा छह जून को की जाएगी। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 85.55 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 85.44 के



उच्च और 85.60 के निचले स्तर के बीच रहा। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 85.60 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 21 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया 16 पैसे बढ़कर 85.39 पर बंद हुआ था। कमजोर घरेलू शेयर बाजार और एफआईआई की पूंजी निकासी के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर हुआ। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव और यूक्रेन और रूस के बीच नए सिरे से भू-राजनीतिक तनाव भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाल सकते हैं। कारोबारी अमेरिका में नौकरी के अवसरों और कारखाना ऑर्डर के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। डॉलर-रुपया हाजिर मूल्य 85.20 से 85.90 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.25 प्रतिशत बढ़कर 98.95 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.12 प्रतिशत गिरकर 64.55 डॉलर प्रति बैरल रहा। घरेलू शेयर बाजार में, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 636.24 अंक गिरकर 80,737.51 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 174.10 अंक की गिरावट के साथ 24,542.50 अंक पर बंद हुआ।

## भारत ने वाहन कलपुर्जों पर शुल्क को लेकर अमेरिका से परामर्श की मांग रखी

नयी दिल्ली। भारत ने वाहन कलपुर्जों पर अमेरिका में शुल्क लगाने को लेकर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के रक्षोपाय समझौते के तहत मंगलवार को अमेरिका के साथ परामर्श की मांग रखी।

भारत ने यह कदम इस्पात एवं एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखने के तुरंत बाद उठाया है। भारत की तरफ से डब्ल्यूटीओ को भेजे गए एक पत्र के मुताबिक, अमेरिका ने 26 मार्च, 2025 को यात्री वाहनों और हल्के ट्रक के आयात पर और भारत में बने वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25 प्रतिशत की शुल्क वृद्धि के रूप में एक सुरक्षा उपाय अपनाया। वाहन कलपुर्जों पर यह उपाय तीन मई, 2025 से और असीमित अवधि के लिए लागू होने की बात कही गई थी।

### जियो ने एक बार फिर नये ग्राहक जोड़े

नई दिल्ली। रिलाएंस जियो ने उत्तर प्रदेश पूर्व में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो ने पूर्वी यूपी में 30 अप्रैल 2025 तक 4.20 करोड़ का बेस हासिल किया है। अप्रैल में जहां जियो ने 3.12 लाख से भी ज्यादा नए ग्राहक जोड़े, वहीं अन्य प्रमुख ऑपरेटरों को नुकसान झेलना पड़ा।

## सोना में हल्की बढ़त, चांदी में भी सुधार

नयी दिल्ली। रुपये में गिरावट के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। मंगलवार को चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 100,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। डॉलर की मजबूती और विदेशी धन की बाजार से निकासी के कारण रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 85.60 (अस्थायी) पर बंद हुआ। इस बीच, वैश्विक बाजारों



में हाजिर सोना 25.22 डॉलर प्रति औंस या 0.75 प्रतिशत गिरकर 3,356.41 डॉलर प्रति औंस रह गया। सोने की कीमतें, मुनाफावसूली के कारण, कम हो रही हैं, लेकिन अमेरिकी डॉलर में व्यापक कमजोरी और रूस-यूक्रेन युद्ध बढ़ने, अमेरिका के शुल्क युद्ध के कारण बढ़ती आर्थिक अनिश्चितता के चलते सुरक्षित-निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग में वृद्धि के बीच अंतर्निहित पूर्वाग्रह सकारात्मक बना हुआ है। व्यापारी अब अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों, जैसे कि जोल्ट्स जॉब ओपनिंग डेटा, प्रमुख फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के सदस्यों के संबोधनों का इंतजार कर रहे हैं जो सर्राफा कीमतों को प्रभावित करेंगे।

## राज्य प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें अधिकारी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राजस्व आसूचना (डीआरआई) अधिकारियों से कहा कि वे राज्यों की विधि प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय विकसित करें। साथ ही तस्करों गिरोहों के सरगनाओं को पकड़ने के लिए अधिक सतर्कता बरतें एवं कार्वाई योज्ञ खुफिया जानकारी एकत्रित करें।

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के नए मुख्यालय भवन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि यह हर राज्य और यहां तक कि छोटे शहरों में भी फैला रहा है। उन्होंने खुफिया आंकड़ों के विशाल भंडार पर तेजी से कार्रवाई करने के लिए बेहतर अंतर-एजेंसी समन्वय की बात कही। सीतारमण ने कहा कि अलग-अलग मामलों पर गौर करने के बजाय बड़े सरगनाओं को निशाना बनाते हुए समग्र रूप से जांच करें। किसी इकाई, किसी व्यक्ति और उनके व्यावहारिक रवैये पर सभी उपलब्ध जानकारी एवं डेटा का लाभ उठाएं ताकि सभी पहलुओं पर गौर करते हुए प्रणालीगत जोखिमों व खतरों को उजागर किया जा सके। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, लक्ष्य पूरे नेटवर्क और सिंडिकेट को ध्वस्त करना होना चाहिए, न कि केवल कुछ गतिविधियों को रोकना।

## गोयल ने सिंगापुर के साथ भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर चर्चा की

पेरिस। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने के लिए आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। इसका मकसद दोनों देशों के बीच संबंध गहरे करना है।



मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की और भारत में निवेश के विशाल अवसरों का उल्लेख किया। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उन्होंने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री तथा व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग के साथ बैठक की। हमारे द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की गई। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों खासकर पोत परिवहन क्षेत्र में भारत द्वारा प्रदान किए जाने वाले व्यापक अवसरों का उल्लेख किया। पोत परिवहन क्षेत्र पर चर्चा कई मायने में महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत इस क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा एवं व्यवसायों के लिए परिवहन लागत में कमी आएगी। लाल सागर संकट के दौरान भारतीय निर्यातकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा और विदेशी पोत परिवहन मार्गों द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क के कारण माल ढुलाई दरों में तेजी से वृद्धि हुई। केंद्रीय बजट में भारत के पोत परिवहन क्षेत्र की विशाल क्षमता को साकार करने के लिए जोरदार प्रोत्साहन दिया गया है। बजट में शेयर या ज ण प्रतिभूतियों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर भारत के समुद्री क्षेत्र का समर्थन करने के लिए समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) की स्थापना का प्रस्ताव भी किया गया है। इस कोष से जहाज अधिग्रहण के वित्तपोषण में सीधा फायदा मिलेगा।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर निकट भविष्य में सहमति बनने की उम्मीद : अमेरिकी वाणिज्य मंत्री

वाशिंगटन। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है।

लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा कि आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है। लुटनिक ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर कहा कि वह इसे लेकर बेहद आशावादी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत के लोगों में जोश व महत्वाकांक्षा है और इसीलिए इसकी अर्थव्यवस्था हमेशा फूलती-फलती रहेगी। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि (अमेरिका के) राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के बड़े प्रशंसक हैं और उसका बहुत सम्मान करते हैं। दोनों देशों के एक दूसरे के साथ बेहतरीन संबंध बनने जा रहे हैं। अमेरिका में जारी वीजा और आव्रजन चर्चाओं की पृष्ठभूमि में भारतीय प्रतिभाओं पर एक सवाल के जवाब में लुटनिक ने कहा कि अमेरिका में भारतीय उद्यमियों की सफलता, भारतीय राष्ट्रीयता के व्यक्ति अमेरिका की कई बड़ी गाथाओं का नेतृत्व और संचालन इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वे शानदार उद्यमी हैं, शानदार व्यवसायी हैं, बुद्धिमान हैं, विचारशील हैं, हर तरह का ज्ञान रखते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अमेरिका के लिए आव्रजन का सामान्य मार्ग बदल रहा है। ट्रंप कार्ड सामने आ रहा है। मुझे उम्मीद है कि ट्रंप कार्ड लोगों के लिए अमेरिका आने का एक बहुत बड़ा अवसर उत्पन्न करेगा। वह ग्रीन कार्ड की तर्ज पर 50 लाख अमेरिकी डॉलर के ट्रंप गोल्ड कार्ड का जिक्र कर रहे थे, जो विदेशियों के लिए अमेरिका में रहने और काम करने की प्रक्रिया को तेज करेगा। भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर अपने दृष्टिकोण पर लुटनिक ने कहा कि यह असामान्य बात है कि राष्ट्रपति ट्रंप प्रशासन में इकलौते व्यक्ति हैं जिन्हें पूरे अमेरिका ने चुना है।

## पेज एक का शेष

### आगरा : यमुना में

के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक बचा ली गईं दो लड़कियों-- सोनम (12) और मुस्कान (18) को एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गयी। नगला नाथू के निवासी दीपेश ने कहा कि वह दोस्तों के साथ नदी पर गया था, जब उसने लड़कियों को डूबते हुए देखा। उन्होंने कहा वे हमसे थोड़ा आगे नहा रही थीं। अचानक, वे सभी डूबने लगीं। मैं उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गया लेकिन पानी बहुत गहरा था।

दीपेश ने कहा कि उसने शोर मचाया और गांव वालों को सूचित किया, जो मौके पर पहुंचे। उसने कहा, 'किसी तरह हम दो लड़कियों को नदी से निकालने में कामयाब रहे लेकिन बाकी को नहीं बचाया जा सका। बाद में उन दोनों ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। आगरा के जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'यह एक बहुत दुखद घटना है। छह लड़कियों की मौत हो गई है। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल में मौजूद हैं।

### विपक्षी दलों

पार्टियों के सांसदों ने व्यक्तिगत रूप से हमारे पत्र पर हस्ताक्षर करके हमारी मांग के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, पुंछ, उरी और राजौरी में नागरिकों की हत्या तथा आतंकी हमले, संघर्षविराम की घोषणा और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर इसके असर को लेकर देश के सामने गंभीर सवाल हैं। हमने भारत के रुख के बारे में अवगत कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संपर्क साधने के सरकार के प्रयासों का समर्थन किया है। विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि सरकार ने दूसरे देशों और विदेशी मीडिया को जानकारी दी है, लेकिन संसद को नहीं दी तथा भारत के लोगों और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों को अंधेरे में रखे हुए है।

उन्होंने कहा, इसलिए हम आपसे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की वापसी के बाद तत्काल संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह करते हैं। हमें विश्वास है कि आप शीघ्र और सकारात्मक जवाब देंगे। पत्र का हवाला देते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 16 विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है, ताकि बीते 40 दिनों में जो कुछ घटा है, उसकी पृष्ठभूमि में देश के सामने मौजूद सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा हो सके।

उन्होंने कहा, 10 मई को ही लोकसभा और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री को संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए पत्र लिखा था। अब जबकि दो दिन पहले सिंगापुर में सीडीएस अनिल चौहान जी द्वारा जो खुलासे किए गए हैं, उसके बाद यह सत्र और भी आवश्यक हो गया है। रमेश के अनुसार, लोकतांत्रिक परंपराओं के लिहाज से यह कहीं अधिक उचित होता कि सिंगापुर में जो जानकारी सार्वजनिक की गई, उसे पहले नई दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक, संसद सत्र या ब्रीफिंग के माध्यम से साझा किया जाता। कांग्रेस महासचिव ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगी लगातार दावा कर रहे हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए व्यापारिक दबाव का इस्तेमाल किया। वे बार-बार परमाणु तनाव की बात भी कर रहे हैं। इन दावों पर प्रधानमंत्री ने अब तक पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान की सैन्य संरचना में विभिन्न स्तरों पर चीन की अंदर तक मौजूदगी के लगातार सबूत सामने आ रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को पाकिस्तान के साथ एक ही श्रेणी में देखा जा रहा है तथा पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। रमेश ने इस बात पर जोर दिया, संसद का एक विशेष सत्र हमारी सामूहिक इच्छाशक्ति और संकल्प का प्रदर्शन होगा। यह चर्चा निस्संदेह जिम्मेदार और संतुलित होगी।

इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दलों की बैठक के बाद तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने ने कटाक्ष करते हुए कहा, प्रधानमंत्री के तथाकथित मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्षविराम की घोषणा की...जनता को लगता है कि हमें युद्धविराम के लिए मजबूर किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के बाद दुनिया भर में देश का सम्मान गिरा है। शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत ने कहा, यह कोई सामान्य पत्र नहीं है। विपक्ष जनता की असली आवाज है। हम चाहते हैं कि देश में अब तक जो कुछ भी हुआ है उस पर चर्चा के लिए एक विशेष सत्र बुलाया जाए। राउत ने तंज कसते हुए सवाल किया, क्या हमें विशेष सत्र के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के पास जाना पड़ेगा?

आम आदमी पार्टी (आप) विपक्ष की बैठक में शामिल नहीं हुई, हालांकि विशेष सत्र की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को अलग से पत्र लिखेगी।

आप के संदर्भ में पूछे जाने पर ओब्रायन ने कहा, हमारी समझ यह है कि बुधवार शाम छह बजे तक आम आदमी पार्टी समान मुद्दे, समान भावना और समान विषय-वस्तु को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर विशेष सत्र बुलाने की मांग करेगी।

इंडिया गठबंधन की एक और प्रमुख घटक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। संजय राउत ने कहा कि लोकसभा में इस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले विदेश गये प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होने के कारण देश में नहीं हैं। राउत ने कहा, शरद पवार साहब भी हमारे साथ ही हैं। इस पत्र पर पार्टियों के सदन के नेताओं के हस्ताक्षर हैं। सुप्रिया सुले अभी विदेश गये प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। जब मैं मुंबई जाऊंगा तो शरद पवार से बात करूंगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस ने हाल के दिनों में कहा है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और संसद का विशेष सत्र बुलाए जाए ताकि सेना के शौर्य को सलाम करने और 1994 के संसद के प्रस्ताव को दोहराने के साथ ही सरकार से कुछ बिंदुओं पर सवाल किये जा सकें।

तृणमूल कांग्रेस ने सुझाव दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को बताने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के देश में लौटने के बाद जून में सत्र आयोजित किया जाना चाहिए। बीते 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारतीय सशस्त्र बलों ने छह मई की देर रात को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कई आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष हुआ और 10 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने संघर्षविराम की घोषणा की। हालांकि भारत ने स्पष्ट किया कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) द्वारा अनुरोध किये जाने के बाद सैन्य कार्वाई रोकी गई है।

### उत्तराखंड : डीएम

कर एवं राजस्व अधीक्षक लक्ष्मी कांत भट्ट, तथा अवर अभियंता दिनेश चंद्र कांडपाल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वहीं, प्रभारी सहायक नगर आयुक्त रविंद्र कुमार दयाल और संपत्ति लिपिक वेदपाल की सेवा समाप्त की जा चुकी है। सरकार की यह कार्रवाई यह संकेत देती है कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के लिए अब कोई स्थान नहीं है और प्रशासनिक जवाबदेही ही आगे का मार्गदर्शक सिद्धांत होगा।

### आम जनता

आम जनमानस की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। पिछले कई साल से हमारे परिवार द्वारा बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जी का पूजन-अर्चन कर उन्हें भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह देर शाम तक चलता रहा। कैसरबाग चौराहे पर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बेहद आत्मीयता के साथ लोगों को अपने हाथ से प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि पहले मेरे पिता डॉ. अखिलेश दास गुप्ता भंडारा लगवाते थे। उन्होंने कहा कि हनुमान जी संकटमोचक हैं। अपने भक्तों पर हमेशा कृपालु रहते हैं। सभी प्रकार के संकटों से वह उनकी रक्षा करते हैं। हनुमान जी परम बलवान, परम बुद्धिमान हैं, लेकिन उतने ही विनम्र भी हैं। अभिमान से परे हैं। ज्ञान और भक्ति के आचार्य हैं। भगवान राम के प्रति उनकी निष्ठा, सेवा और समर्पण जगजाहिर है। हनुमान जी की साधना-उपासना से व्यक्ति के हर मनोरथ पूर्ण होते हैं। आदर्शों और सिद्धांतों के प्रति समर्पित लोगों पर बजरंगबली का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन की ओर से हर साल हनुमान जी के सबसे प्रिय ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन से आत्मिक संतोष तो मिलता ही है, धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि भी बढ़ती है। ईश्वर के प्रति आस्था प्रगाढ़ होती है। यह धार्मिक और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस अवसर पर हनुमान जी से प्रार्थना की कि राजधानी लखनऊ, प्रदेश और देश के हर नागरिक के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार हो। सभी स्वस्थ व सानंद रहें तथा निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहें।

### असम में कम उत्पादन, अधिक कर्मचारियों के कारण हो रहा है घाटाः ओएनजीसी

नजीरा (असम)। देश की शीर्ष तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी ने मंगलवार को कहा कि असम में कम उत्पादन और कर्मचारियों की अधिक संख्या के कारण उसे घाटा हो रहा है। कंपनी ने विवादास्पद ओवरटाइम भुगतान रोके जाने के विरोध में कर्मचारियों के प्रदर्शन के आरोपों का खंडन किया। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बयान में कहा कि वह स्थानीय स्तर पर लोगों को नियुक्त कर रही है और असम में स्थानीय समुदाय में भारी निवेश कर रही है। नजीरा में असम एसेट पर ओएनजीसी पूर्वांचल कर्मचारी संघ (ओपीईए) के सदस्यों के धरने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कंपनी ने कहा कि हालांकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण है, लेकिन यह मुख्य रूप से एक विशेष ओवरटाइम भुगतान को रोके जाने के विरोध में शुरू हुआ, जो स्वीकार्य नहीं था। ओएनजीसी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से असम में अपने परिचालन को जारी रखते हुए कंपनी को घाटा हो रहा है। इसका एक कारण कम उत्पादन और अधिक कार्यबल है। कंपनी ने कहा कि चिकित्सा सुविधाएं रोके जाने के संबंध में श्रमिक संगठन का दावा तथ्यात्मक रूप से गलत है। ओएनजीसी ने कहा, प्रत्यक्ष रूप से राशि की जगह रिम्बर्समेंट की व्यवस्था अपने सेवारत और पूर्व कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली एक प्रमुख कल्याणकारी सुविधा से संबंधित दुरुपयोग और गड़बड़ी को रोकने के लिए की गई है।

### कोयला मंत्रालय ने किया पीएफ, पेंशन वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए पोर्टल का नया शुरू

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को भविष्य निधि (पीएफ) और पेंशन वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए वेब पोर्टल का नया संस्करण शुरू करने की घोषणा की। मंत्रालय ने कहा कि सी केयर्स वर्जन 2.0 पोर्टल कोयला श्रमिकों, कोयला प्रबंधन और कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) को एक एकीकृत डिजिटल मंच पर लाएगा। यह दावों का वास्तविक समय में पता लगाने की अनुमति देता है।




# बेंगलुरु ने पंजाब को दिया 191 रन का लक्ष्य

## आईपीएल 2025 : कोहली ने 35 गेंद पर 43 रन बनाये, अर्शदीप ने आखिरी ओवर में लिए तीन विकेट

एजेंसी

अहमदाबाद। आईपीएल फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 191 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चल रहे मुकाबले में बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली ने 35 गेंदों पर 43 रन बनाए। उनके अलावा कोई बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं पार कर पाया। हालांकि, जितेश ने तेज बल्लेबाजी की और 240 के स्ट्राइक रेट से 10 गेंद में 24 रन बनाए। पंजाब की ओर से काइल जेमिसन ने 3 और अर्शदीप ने 3 विकेट लिए। अर्शदीप को तीनों विकेट आखिरी ओवर में मिले।

आईपीएल का 18वां सीजन खेल रही इन दोनों टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी पहला फाइनल खेल रही है। उधर, पंजाब भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची है। 18वें ओवर की चौथी बॉल पर विजयकुमार वैशाख ने जितेश शर्मा को 24 रन पर बोल्ड कर दिया। वैशाख ने 134 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से सीम-अप लेंथ बॉल चौथे स्टंप लाइन पर फेंकी। जितेश ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले से लगकर पिछले पैर पर गई और फिर स्टंप्स को हल्का सा छू गई। बेल्स गिर गईं। व्यासक ने जश्न मनाने के लिए हाथ उठाया लेकिन फिर खुद को रोक लिया। इसी ओवर में प्रवीण दुबे से रोमारियो शेफर्ड का कैच ड्रॉप हुआ।







## आईपीएल फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी में एयरफोर्स का फ्लाई पास्ट

एजेंसी



आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन ने परफॉर्म किया। यहां एयर-शो के दौरान भारतीय वायुसेना ने आसमान में तिरंगा फॉर्मेशन बनाया। आईपीएल 2025 के फाइनल से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्लोजिंग सेरेमनी हुई। इसकी थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' थी। सेरेमनी में एयर-शो किया गया। इस दौरान एयरफोर्स ने तिरंगा फॉर्मेशन बनाया। बड़ी स्क्रीन पर सेना के पराक्रम का वीडियो भी दिखाया गया। क्लोजिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन ने अपने बेटे सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ परफॉर्मेंस दी। उन्होंने 'मैं रहूं ना रहूं, भारत रहना चाहिए, ऐ वतन वतन मेरे आबाद रहे तू और सबसे आगे हिंदुस्तानी जैसे गाने गाए। इससे पहले कलाकारों ने बी प्राक के गाने 'तेरी मिट्टी' पर डांस किया। स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा दर्शक मौजूद रहे।

आईपीएल फाइनल से पहले बारिश हुई टॉस से दो घंटे पहले अहमदाबाद के कई क्षेत्रों में बारिश होने लगी। लेकिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम के आसपास के क्षेत्र का मौसम साफ था। सुनक और गेल जैसी हस्ती मैच देखने पहुंची पंजाब-बेंगलुरु फाइनल देखने के लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल जैसी हस्तियां मैच देखने के लिए अहमदाबाद पहुंचीं। स्टेडियम की 5 लेयर सिक्योरिटी, 4 हजार पुलिस कर्मी तैनात मैच से पहले नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाहर कड़ी सुरक्षा देखने को मिली। डीसीपी भरत राठौर के अनुसार, 8 कढर सहित 4 हजार पुलिस कर्मियों को सुरक्षा में तैनात किया गया। एयरपोर्ट पर ट्रैफिक बड़ा, किराया 4 गुना तक महंगा आईपीएल फाइनल देखने के लिए दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे कई शहरों से क्रिकेट फैंस यह मैच देखने आए।

❍ आसमान में तिरंगा बनाया, शंकर महादेवन ने गाया- मैं रहूं ना रहूं, भारत रहना चाहिए

## संक्षेप

### विंबलडन में नहीं खेल पायेंगे किर्गियोस

लंदन। विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने के कारण इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड।-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल ग्रास कोर्ट पर होने वाली प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाऊंगा। विंबलडन 30 जून से शुरू होगा।

### एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचे गुकेश

स्टावेंजर (नॉर्वे)। भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## बेंगलुरु में जुलाई में होगी नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

बेंगलुरु। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को यहां आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी।

इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से मंजूरी मिली हुई है। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें दुनिया के सात सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी और चोपड़ा सहित पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं। जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर (93.90 मीटर), कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन जूलियस येगो (92.72 मीटर), अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (87.76 मीटर), जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन (84.28 मीटर), श्रीलंका के रुमेश पथिरेज (85.45 मीटर) और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा (86.34 मीटर) शामिल हैं।



## तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय उम्मीदें बढ़ीं

एजेंसी

अंताल्या (तुर्की)। पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को यहां जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी। उनके लिए सबसे अलग चीज सिर्फ उनकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ उनका स्वभाव और परिपक्वता थी जिन्हें लंबे समय से इस खेल में भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सालुंखे ने कहा मेरा ध्यान सिर्फ पदक पर नहीं था बल्कि इस बात पर अधिक था कि मैंने जिसके लिए अभ्यास किया था, क्या मैं वह कर सकता हूं। उन्होंने कहा, यही मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण था और अंतिम सेट में ऐसा नहीं कर सका।

मैं वहां पिछड़ गया। लेकिन यह खेल का एक हिस्सा है। सालुंखे के प्रदर्शन से उत्साहित 41 वर्षीय अनुभवी तरुणदीप राय अतनु दास और धीरज बोम्मादेवरा की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम भी शंघाई में कांस्य प्लेऑफ में अमेरिका से हारने के बाद पोडियम पर वापसी करना चाहेगी।

व्यक्तिगत रूप से यह चरण राय और दास की अनुभवी जोड़ी के लिए खुद को साबित करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने मिलकर सात ओलंपिक में भाग लिया है। 2010 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और चार ओलंपिक में भाग लेने वाले राय अब भी अपने पहले व्यक्तिगत विश्व कप पदक की तलाश में हैं। महिला वर्ग में दीपिका कुमारी ने मां बनने के बाद शानदार वापसी की है। इस 30 वर्षीय पूर्व नंबर एक और चार बार की ओलंपियन ने शंघाई में कांस्य पदक जीता लेकिन सेमीफाइनल में कोरियाई प्रतिद्वंद्वी लिम सिह्योन से हार गईं। दीपिका पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में कोरिया की नाम सुह्योन से हार गई थीं। अगर वह कोरियाई तीरंदाजों को चुनौती देने का रास्ता खोज लेती है तो वह 2021 के बाद से अपना पहला विश्व कप स्वर्ण पदक जीत सकती हैं।



## थाईलैंड पर जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

पथुम थानी (थाईलैंड)। भारत बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें पिछली दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-। से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं। भारत ने सात जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो पिछले दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी।

## सौ साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी : सुनक



एजेंसी

अहमदाबाद। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ज षि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है। अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से। क्रिकेट के मुरीद सुनक ने पिछले कुछ वर्षों में आईपीएल से आये बदलावों के बारे में बात की। उन्होंने कहा आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है।

मुझे लगता है कि कोई भी क्रिकेटर चाहे कहीं का भी हो, वो अपने करियर के किसी भी पड़ाव में आईपीएल में खेलना चाहता है। महिलाओं के क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं। उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर की बात करते हुए जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था। जैकब बेथेल ने शानदार पारी खेली। आईपीएल ने क्रिकेटर के तौर पर उनमें सुधार किया है।



आईपीएल में आरसीबी के लिए खेलने वाले बेथेल ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले वनडे में इंग्लैंड की 238 रन की बड़ी जीत में 53 गेंद में 82 रन की पारी खेली। पैंतालिस वर्षीय राजनेता आरसीबी के दिग्गज विराट कोहली और फ्रेंचाइजी के प्रति अपने लगाव को नहीं छिपा सके। वह चाहते हैं कि आरसीबी का आईपीएल ट्रॉफी का 18 साल का इंतजार खत्म हो जाए। उन्होंने कहा, मैं आपको एक संकेत देता हूं ई साला कप नामदे , उम्मीद है कि 16 साल पहले जब मैंने अक्षता को कन्नड़ में प्रोपोज किया था तब से मेरा उच्चारण बेहतर हो गया है। हालांकि सच कहूं तो पता नहीं, जो मैंने कहा था, वह इसे समझ गई थी। सुनक ने कहा लेकिन मेरी शादी बेंगलुरु के एक परिवार में हुई है इसलिए मैं आरसीबी का समर्थन कर रहा हूं। हम बहुत समय पहले एक साथ मैच देखने गए थे।

अक्षता की मां और पिता ने शादी के बाद मुझे यह शर्ट दी थी जो बहुत बढ़िया है। सुनक का बेंगलुरु से जुड़ाव उनकी पत्नी अक्षता की वजह से है जो इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति और उद्यमी सुधा मूर्ति की बेटी हैं। उन्होंने अपने पसंदीदा खिलाड़ी की बात करते हुए कहा, मैं विराट कोहली का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। वह महान खिलाड़ी हैं। मेरे पास उनके हस्ताक्षर वाला एक बल्ला है जो भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुझे तब डाउनिंग स्ट्रीट में दीवाली के उपहार के रूप में दिया था जब मैं प्रधानमंत्री था। यह शानदार है। सुनक ने कहा, क्रिकेट बहुत मददगार कूटनीतिक हथियार है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और मेरे बीच हमेशा ही क्रिकेट पर बहुत अच्छी बातचीत होती रही है।

## सिंधू दूसरे दौर में, सेन व प्रणय ओपन से बाहर

जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया।

सिंधू ने मैच के बाद कहा पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे निश्चित तौर पर मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए इस तरह के मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए।



# कश्मीर रेल संपर्क का उद्घाटन करेंगे मोदी



जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह के अंत में बहुप्रतीक्षित कश्मीर रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जो क्षेत्र की कनेक्टिविटी में एक मील का पत्थर साबित होगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद मोदी पहली बार जम्मू-कश्मीर जाएंगे। मोदी छह जून को चिनाब रेल पुल को जनता को समर्पित करके अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। चिनाब रेल पुल 272 किलोमीटर लंबे उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह कश्मीर घाटी को सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इतिहास बनने में बस तीन दिन बाकी हैंउ दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, चिनाब पुल, जम्मू-कश्मीर में बनकर तैयार है... प्रधानमंत्री छह जून को चिनाब पुल का उद्घाटन करेंगे। नये भारत की शक्ति और दूरदर्शिता का गौरवपूर्ण प्रतीक। अधिकारियों ने बताया कि चिनाब पुल का उद्घाटन करने के बाद मोदी संभवतः ट्रेन से कटरा जाएंगे और रास्ते में अंजी खड्ड पर बने भारत के पहले केबल पुल का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस परियोजना से जुड़े सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित रेलवे के इंजीनियरों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री शुक्रवार को कटरा से उत्तरी कश्मीर के बारामूला तक वंदे भारत ट्रेन और बारामूला से कटरा तक एक अन्य ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। कटरा को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार शिविर के रूप में जाना जाता है। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कश्मीर आने-जाने वाले सभी यात्रियों को कटरा में उतरना होगा और ट्रेन बदलनी होगी। उद्घाटन के बाद मोदी एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ने की परियोजना पर काम 1997 में शुरू हुआ था तथा भूवैज्ञानिक, स्थलाकृतिक तथा मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण इस परियोजना के पूरे होने की समय सीमा कई बार बढ़ाई गई। इसके कारण परियोजना की लागत बढ़ गई और इसे पूरा करने में 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई। कुल 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना में से 209 किलोमीटर का कार्य चरणों में पूरा किया गया, जिसमें 118 किलोमीटर का काजीगुंड-बारामूला खंड का पहला चरण अक्टूबर 2009 में पूरा हुआ, इसके बाद 18 किलोमीटर का बनिहाल-काजीगुंड खंड जून 2013 में, 25 किलोमीटर का उधमपुर-कटरा खंड जुलाई 2014 में तथा 48.1 किलोमीटर का बनिहाल-संगलदान खंड पिछले वर्ष फरवरी में पूरा हुआ।

## प्रधानमंत्री मोदी अरावली पर्वतमाला में बंजर भूमि को उपयोगी बनाने के लिए परियोजना की शुरुआत करेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अरावली पर्वतमाला में बंजर भूमि को उपयोग लायक बनाने के लिए एक विशाल परियोजना की आधिकारिक रूप से शुरुआत करेंगे। पर्यावरण मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मोदी दक्षिण दिल्ली के रिज क्षेत्र में पौधे लगाएंगे, जो गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी तक 700 किलोमीटर तक फैली पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। परियोजना की शुरुआत से जुड़े कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के मुख्यमंत्री भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि परियोजना के तहत अरावली पर्वत श्रृंखला में आने वाले 29 जिलों में करीब एक हजार नर्सरी विकसित की जाएंगी। सरकार के अनुसार, यह पहल भारत के जलवायु लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण होगी।

# आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर अमल करता है भारतः बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति का सख्ती से पालन करता है और सभी देशों को इस वैश्विक लड़ाई में एकजुट होना चाहिए।

उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति, स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है, ऐसे में इस खतरे को समाप्त करने के लिए सभी प्रगतिशील देशों को मिलकर संयुक्त रणनीति बनानी होगी। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने ये टिप्पणियां पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में वहां की असेंबली के अध्यक्ष जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कीं। इसके बाद बिरला ब्राजील पहुंचेंगे जहां वह 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने वाले भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। बिरला ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का उल्लेख करते हुए कहा, यह हमला भारत की प्रगति और सामाजिक सद्भाव में बाधा डालने के उद्देश्य से किया गया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने अपने साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता से इन दुर्भावनापूर्ण इरादों को विफल कर दिया। उन्होंने यह भी कहा ऑपरेशन सिंदूर सैन्य अभियान के अंतर्गत भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर इस खतरे का सफलतापूर्वक मुकाबला किया। बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत और पुर्तगाल के संबंध 500 वर्षों से भी अधिक पुराने हैं। ये ऐतिहासिक संबंध व्यापार और वाणिज्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के नागरिकों के बीच भी गहरा जुड़ाव है।

### संक्षेप

## रूस और यूक्रेन मृत और घायल सैनिकों की अदला-बदली पर सहमत

इस्तांबुल। रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों ने सोमवार को करीब दो सप्ताह बाद प्रत्यक्ष शांति वार्ता के दूसरे दौर के लिए मुलाकात की और अपने-अपने हजारों मृत सैनिकों के शव और गंभीर रूप से घायल सैनिकों की अदला-बदली करने पर सहमति जताई, मगर इसके अलावा वार्ता में तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह वार्ता दोनों पक्षों द्वारा किए गए कई लंबी दूरी के हमलों के एक दिन बाद हुई है, जिसमें यूक्रेन ने रूसी हवाई ठिकानों पर ड्रोन हमला किया था और रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वार्ता की मेज पर रूस ने जंग खत्म करने के लिए क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति भवन) की शर्तों को बताते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया।यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले रक्षा मंत्री रुस्तम उमरेव ने संवाददाताओं से कहा कि कीव के अधिकारियों को दस्तावेज की समीक्षा करने और निर्णय लेने के लिए एक हफ्ते का वक्त चाहिए। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने 20 जून से 30 जून के बीच आगे की बातचीत का प्रस्ताव रखा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती ने रूसी ज्ञापन की सामग्री प्रकाशित की।

## पांडा के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत लौटा, जयशंकर से जानकारी साझा की



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में चार प्रमुख मुस्लिम देशों की यात्रा करने वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भारत लौट आया और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात कर दौरे से जुड़ी जानकारी साझा की। जयशंकर ने प्रतिनिधिमंडल के प्रयासों की सराहना की।

यह प्रतिनिधिमंडल उन सात समूहों में से पहला है, जो भारत लौट आया है। इन प्रतिनिधमंडल में अधिकतर वर्तमान और कुछ पूर्व सांसद तथा पूर्व राजनयिक शामिल हैं। अन्य प्रतिनिधिमंडल के भी अगले कुछ दिनों में लौटने की उम्मीद है। पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में निशिकांत दुबे, असदुद्दीन ओवैसी, गुलाम नबी आजाद, फांगनोन कोन्याक और सतनाम संधू के अलावा पूर्व राजनयिक हर्ष शृंगला शामिल थे।

## भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए अहम : उषा वेंस



वाशिंगटन। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और अमेरिका के बीच संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है, क्योंकि दोनों देशों के रिश्ते उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं। वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा कि यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और मेरे परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं और मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं। उन्होंने कहा कि यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में उनके दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, यह बहुत अच्छे अवसरों का समय है। मुझे लगता है कि अगर मेरे पति यहां होते, तो वह भी यही बात कहते। उन्होंने यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा, जाहिर है अमेरिका और भारत के संबंधों में कई बार उतार-चढ़ाव आए हैं... लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां एक स्थापित भारतीय-अमेरिकी आबादी है।

## राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे 27 की इजराइली सेना ने की हत्या



खान यूनिस (गाजा पट्टी)। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है।

लेकिन इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एक दिन पहले इजराइली सुरक्षा बलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन संचालित कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कई संदिग्धों की ओर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, जो सैनिकों की ओर बढ़ रहे थे और उनके लिए खतरा पैदा कर रहे थे। घटना स्थल सहायता वितरण केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है। घटना तब हुई तब यह केंद्र बंद था। सेना ने इस बात से इनकार किया कि वह लोगों को सहायता वितरण स्थल पर पहुंचने से रोक रही है। इजराइल और अमेरिका समर्थित फाउंडेशन के इजराइली सैन्य क्षेत्रों के अंदर राहत वितरण केंद्र स्थापित करने के बाद गोलीबारी की यह घटना हुई है। इजराइल के मुताबिक राहत वितरण केंद्र एक प्रणाली का हिस्सा है जिसे हमास को दरकिनार करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## भारत-लाइबेरिया ने लिया आतंकवाद मुक्त दुनिया बनाने का संकल्प

मोनरोविया। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की लाइबेरिया यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान, दोनों देशों ने शांतिपूर्ण, सुरक्षित और आतंकवाद-मुक्त दुनिया के निर्माण की दिशा में मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। शिंदे नीत प्रतिनिधिमंडल शनिवार को लाइबेरिया की तीन दिवसीय यात्रा पर पहुंचा था।

यह प्रतिनिधिमंडल उन सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने दुनिया के 33 देशों की राजधानी की यात्रा कर आतंकवाद से पाकिस्तान के संबंधों को उजागर करने का जिम्मा सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल चार देशों (संयुक्त अरब अमीरात, कांगो गणराज्य, सियेरा लियोन, लाइबेरिया) की अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव के तहत मोनरोविया में था। मोनरोविया स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस यात्रा ने न केवल भारत और लाइबेरिया के बीच स्थायी दोस्ती पर प्रकाश डाला, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों के साझा, अडिग रुख को भी उजागर किया। दोनों पक्षों के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और आतंकवाद-मुक्त दुनिया को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के साथ यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ भारत के कतई बर्दाश्त न करने के दृढ़ रुख को दोहराया। इसमें बताया गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को लाइबेरिया की सीनेट (संसद का उच्च सदन) और प्रतिनिधि सभा के सदस्यों से मुलाकात की।

## पाक में इन्फ्लुएंसर किशोरी की गोली मारकर हत्या

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13। में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक पर उसे 7,40,000 लोग फॉलो करते हैं, जबकि इंस्टाग्राम पर उसके पांच लाख फॉलोअर्स हैं। जिओ टीवी द्वारा मंगलवार को दी गई खबर के अनुसार, इस्लामाबाद पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी टिकटॉक का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है। ऐसा कहा जा रहा है कि सना से मिलने उसके घर आए आरोपी ने उस पर दो गोलियां चलाईं, जिससे उसकी (इन्फ्लुएंसर की) मौत हो गई। अपराध के समय घर पर केवल सना की एक ही रिश्तेदार उसके साथ थी। सना की रिश्तेदार ने पुलिस को बताया कि संदिग्ध द्वारा बेरहमी से दो गोली मारे जाने से पहले सना ने उससे बातचीत की थी।

### इंटरटेनमेंट...

## 'पिंच' ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में शामिल



**मुंबई**। इंदौर की उत्तरा सिंह ने शहर और देश का नाम रोशन किया है। उनकी नई फिल्म 'पिंच' को न्यूयॉर्क के ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल के इंटरनेशनल नरेटिव कॉम्पिटिशन में जगह मिली है। यह वही फिल्म फेस्टिवल है जिसमें दुनियाभर से 14,000 एंट्रीज आई थीं, लेकिन उनमें से सिर्फ 150 फिल्मों को ही चुना गया। 'पिंच' उन चुनिंदा फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च हुआ था। अब इसका वर्ल्ड प्रीमियर 6 जून को न्यूयॉर्क में होगा। 'पिंच' से पहले भी 'आदिपुरुष', 'छेल्लो शो', 'कातियाबाज' जैसी बड़ी भारतीय फिल्में ट्रिबेका में जगह बना चुकी हैं। इंदौर में हुई फिल्म की शूटिंग फिल्म की डायरेक्टर उत्तरा सिंह ने बताया कि 'पिंच' की शूटिंग इंदौर और उसके आसपास के गांवों में की गई। यह फिल्म 83 मिनट की है। खास बात यह है कि शूटिंग के दौरान उनके गांव के लोग भी फिल्म में शामिल हुए। उत्तरा बताती हैं, जब वो लोग तेज धूप में शूटिंग करते थे, मैं चिंता करती थी, लेकिन वो कहते थे झ तुम अपनी फिल्म बनाओ, हम तुम्हारे साथ हैं। उन्होंने आगे बताया कि अगर उनके गांववालों का साथ न होता तो शायद ये फिल्म बन ही नहीं पाती। 'पिंच' फिल्म की कहानी क्या है? 'पिंच' फिल्म की कहानी 'मैत्री' नाम की एक ट्रैवल ब्लॉगर पर आधारित है, जिसका किरदार खुद उत्तरा ने निभाया है। एक दिन नवरात्रि के मौके पर जब वो अपनी मां और मोहल्ले की महिलाओं के साथ मंदिर जाती है, तब कुछ ऐसा होता है जिसकी वो कल्पना भी नहीं कर सकती। फिल्म में असॉल्ट जैसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया गया है।

**आदिपुरुष' जैसी फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुई उत्तरा सिंह की फिल्म, 6 जून को न्यूयॉर्क में प्रीमियर**

उत्तरा कहती हैं, असॉल्ट सिर्फ महिलाओं का या भारत का मुद्दा नहीं है। दुनिया भर की 68% महिलाएं इसका शिकार होती हैं। लेकिन यह सिर्फ जेंडर का नहीं, बल्कि पावर का सवाल है। इसका असर पुरुषों पर भी होता है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर विषय को उन्होंने डार्क कॉमेडी के अंदाज में दिखाया है। फिल्म की टीम और कलाकार फिल्म में 'लापता लेडीज' फेम गीता अग्रवाल शर्मा, सुनीता राजवर, सपना सैंड और बद्री चव्हाण जैसे कलाकार शामिल हैं।

## राजन शाही अपने ही शो की कहानी कर रहे कॉपी !

मुंबई। राजन शाही के टीवी शोज अनुपमा और यह रिश्ता क्या कहलाता है दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। दोनों ही शोज टीआरपी की लिस्ट में टॉप 5 में बने रहते हैं। हालांकि, हाल ही में दर्शकों ने शिकायत की है कि दोनों शोज की कहानियां लगभग एक जैसी हो गई हैं। इस वजह से कई यूजर्स नाराज हैं। उनका कहना है कि अगर कहानी में कुछ नया देखने को नहीं मिलेगा, तो ऐसे शोज को बंद कर देना ही बेहतर है। दरअसल, अनुपमा में रूपाली गांगुली मुख्य भूमिका में नजर आती हैं और शो की पूरी कहानी उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती है। लेटेस्ट ट्रैक में ड्रग्स के कारण आर्यन की मौत हो जाती है, जिसके बाद शो में जबरदस्त ड्रामा देखने को मिलेगा।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को लगायी फटकार



मुंबई। कमल ने 24 मई को कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से पैदा हुई है। इसके बाद कर्नाटक में लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए उनसे माफी मांगने की मांग की जा रही है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक्टर-डायरेक्टर और नेता कमल हासन की 2 जून को दायर याचिका पर सुनवाई की। इसमें उनकी फिल्म 'ठग लाइफ' पर कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के कर्नाटक रिलीज पर लगाई रोक हटाने और रिलीज के दौरान पुलिस सिक्योरिटी की मांग की गई है। फिल्म की 5 जून को पैन इंडिया रिलीज है। कोर्ट ने हासन को उनके बयान 'कन्नड़ भाषा का जन्म तमिल से हुआ' पर फटकार लगाई। जस्टिस एम. नागप्रसन्ना ने कहा, 'आपने किस आधार पर यह बयान दिया है? क्या आप इतिहासकार हैं या भाषाविद्? आप कमल हासन हों या कोई और, आपके पास किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है।

## 'धूम 4' में नए लुक में नजर आएंगे रणबीर कपूर



मुंबई। रणबीर कपूर फिल्म धूम 4 में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में उनका लुक पूरी तरह से नया और अलग होगा, जिसकी तैयारी उन्होंने शुरू भी कर दी है। अब हालिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि धूम 4 अब तक की सभी धूम फिल्मों से बड़ी साबित होने वाली है और इसकी कहानी भी काफी एक्शन से भरपूर होगी।

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, आदित्य चोपड़ा धूम 4 की कहानी और स्क्रीनप्ले श्रीधर राघवन के साथ मिलकर तैयार कर रहे हैं। वे फिलहाल ऐसी कहानी के ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं, जो इस रीबूट (किसी पुरानी फिल्म, सीरीज या फ्रेंचाइजी को नई शुरूआत देना) को लेकर दर्शकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरे। रिपोर्ट में रणबीर और उनके रोल के बारे में कहा कि रणबीर इस फिल्म के लिए बिल्कुल सही हैं। उनका रोल उनकी पर्सनैलिटी के हिसाब से बनाया गया है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com